वर्ष 72 » अंक 303 » पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 31 जुलाई, 2025
» श्रावण शुक्ल पक्ष 07, विक्रम संवत् 2082
» नगर » मूल्य 5 रुपए ■ ■

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

सही और गलत की धारणाओं से परे एक विशाल मैदान है, मैं वहां तुमसे मिलूंगा।
- रूमी

## ऑफ बीट

### अरब देशों में ऊंट का मूत्र पीने की प्रथा



*अरब देशों में एक ऐसी प्रथा जिसमें लोग ऊंट का मूत्र दवा समझकर पीते हैं। अब विश्व स्वास्थ्य संगठन के विशेषज्ञों ने इस पर सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने साफ कहा है कि ऊंट का मूत्र पीना ना केवल बेकार है, बल्कि यह एमईआरएस (मिडिल ईस्ट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम) और ब्रूसेलोसिस जैसी जानलेवा बीमारियों का कारण बन सकता है। दरअसल ऊंट के मूत्र को सऊदी अरब, यमन और कई मुस्लिम देशों में कैंसर, हेपेटाइटिस और स्किन डिजीज का इलाज माना जाता है। विशेषज्ञों ने इस प्रथा को गलत और खतरनाक बताते हैं। डब्ल्यूएचओ ने 2015 में एमईआरएस के प्रकोप के दौरान ऊंट का मूत्र को पीने से बचने की सलाह दी थी। विशेषज्ञों के मुताबिक, ऊंट का मूत्र बैक्टीरिया, वायरस और कई हानिकारक चीजों से भरा होता है। एक अध्ययन में पाया गया कि ऊंट के मूत्र का कोई मेडिकल इम्पॉर्टेंस नहीं है और मूत्र पीने से ब्रूसेलोसिस जैसी गंभीर बीमारी हो गई।*

## व्यापार वार्ता के बीच ट्रंप का ऐलान- भारत पर कल से लागू होगा नया टैरिफ

# 25% टैरिफ, रूस से हथियार या तेल खरीदे तो लगेगा 'जुर्माना' भी

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है। ट्रंप ने बुधवार को एक के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट्स के जरिए कहा कि भारत, रूस से हथियार और ऊर्जा स्रोत (तेल और गैस) खरीद रहा है, जो अमेरिकी हितों के खिलाफ है। उन्होंने इसे 'अनुशासनहीन व्यवहार' बताया और कहा कि अमेरिका इसके जवाब में भारत से आने वाले सामानों पर भारी शुल्क लगाएगा।

ट्रंप ने सीधे शब्दों में कहा, 'भारत हमारा दोस्त है, लेकिन बीते सालों में अमेरिका को व्यापार में भारी घाटा उठाना पड़ा है। इसके पीछे भारत की टैरिफ नीतियां हैं, जो अमेरिकी कंपनियों के लिए रुकावट बन रही हैं।' उन्होंने आरोप लगाया कि भारत 'रूस की सैन्य और ऊर्जा अर्थव्यवस्था' को समर्थन दे रहा है, इसलिए अमेरिका को 'पेनल्टी' के तौर पर आयात शुल्क बढ़ाना पड़ेगा।

ट्रंप ने कहा, 'भारत के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा बहुत बड़ा है। भारत अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ लगाता है, जबकि अमेरिका ने लंबे समय तक उसे छूट दी। यह अब नहीं चलेगा।'

ट्रंप ने हाल ही में इंडोनेशिया से आने वाले सामानों पर 19 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, जो 1 अगस्त से लागू होगा। इसके जवाब में इंडोनेशिया ने अमेरिकी उत्पादों पर कोई शुल्क नहीं लगाने का वादा किया। इस मॉडल को 'वन-साइडेड टैरिफ स्ट्रैटेजी' कहा जा रहा है, जिसमें अमेरिका व्यापार संतुलन के लिए दबाव की नीति अपनाता है।

इधर भारत-अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता भी जारी है। इसका पिछला राउंड वाशिंगटन में हुआ था, जिसमें भारत की ओर से मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल और अमेरिका की ओर से ब्रेंडन लिंच शामिल हुए थे।



### 25 दिन में हो सकता है 23,425 करोड़ रुपए का घाटा

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार भारत से अमेरिका को प्रतिदिन औसतन 45 करोड़ डॉलर लगभग 3,750 करोड़ रुपए का निर्यात होता है। इस पर 25 फीसदी का अतिरिक्त टैरिफ लगभग 937 करोड़ रुपए प्रति दिन का असर डाल सकता है। अगर यह टैरिफ व्यापार वार्ता के अगले दौर 25 अगस्त तक जारी रहता है तो 25 दिनों में भारत को 23,425 करोड़ रुपए तक का आर्थिक नुकसान हो सकता है। इसमें इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो पार्ट्स, टेक्सटाइल और फार्मा जैसे क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित होंगे।

**रूस से खरीद पर ऐतराज:** ट्रंप ने कहा है कि भारत अब भी अपने ज्यादातर हथियार रूस से ही खरीद रहा है। साथ ही चीन के साथ मिलकर बड़ी मात्रा में रूसी तेल और गैस भी आयात कर रहा है। ट्रंप ने लिखा है, पूरी दुनिया चाहती है कि रूस यूक्रेन में हिंसा रोके, लेकिन भारत उल्टा रूस को मदद कर रहा है।

**पहले वादे अब पलटे:** ट्रंप ने 17 जुलाई कहा था कि भारत-अमेरिका व्यापार संबंध बेहतर हो रहे हैं और जल्द ही अमेरिकी उत्पादों को भारत में जीरो टैरिफ एंट्री मिलेगी। बस मैं एक पत्र भेजूंगा और समझौता हो जाएगा। अब सवाल उठ रहा है कि अमेरिका की रणनीति साझेदारी बढ़ाने की है या दबाव बनाने की।

### फार्मा, ऑटो उद्योग होंगे प्रभावित

भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाले प्रमुख उत्पादों में टेक्सटाइल, जेम्स एंड ज्वेलरी, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटो पार्ट्स और आईटी सेवाएं शामिल हैं। 25 फीसदी टैरिफ इन सेक्टरों पर सीधा असर डाल सकता है। खासतौर पर छोटे और मंझौले व्यापारियों के लिए यह झटका होगा। साथ ही अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धा कम होने का भी खतरा है, जिससे चीन या वियतनाम जैसे देश फायदे में आ सकते हैं।

### भारत ने कहा-जरूरी कदम उठाएंगे


भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता जारी रखते हुए किसानों, उद्यमियों और एमएसएमई के हितों की रक्षा के लिए सरकार कड़े कदम उठाएगी। भारत ने कहा, 'सरकार हमारे किसानों, उद्यमियों और एमएसएमई के कल्याण की रक्षा और संवर्धन को सबसे ज्यादा अहमियत देती है। सरकार हमारे राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगी।

### जारी रहेगी व्यापार वार्ता

ट्रंप के सख्त रुख के बावजूद, दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता की प्रक्रिया चल रही है। अमेरिका की एक टीम 25 अगस्त को भारत आ रही है, जहां द्विपक्षीय व्यापार समझौते के छठे दौर की बातचीत होगी। इस बातचीत के तहत सितंबर-अक्टूबर तक अंतरिम व्यापार समझौते का पहला चरण पूरा किया जाना है। इसमें अमेरिका की ओर से जीरो टैरिफ का दबाव बनाया जा रहा है, जिसके चलते पेंच उलझा हुआ है।

### व्यापार बढ़ा, अब समझौते पर अंतिम दौर की कोशिशें, कृषि और डेयरी पर टकराव जारी

भारत का अमेरिका को निर्यात अप्रैल-जून तिमाही में 22.8 फीसदी बढ़कर 25.51 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 11.6 फीसदी बढ़कर 12.86 अरब डॉलर पर पहुंचा। दोनों देश सितंबर-अक्टूबर तक पहले चरण का समझौता पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। जैसे-जैसे 1 अगस्त की समयसीमा नजदीक आ रही है, भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अंतिम प्रयास जारी हैं। सूत्रों के अनुसार, दोनों देशों के बीच कुछ प्रमुख बिंदुओं पर सहमति नहीं बन पाई है, खासकर कृषि और डेयरी उत्पादों पर अमेरिकी मांगों को लेकर भारत ने अपना रुख कड़ा कर लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 26 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ की घोषणा पहले ही कर दी थी, जिसे अप्रैल में 90 दिनों के लिए टाल दिया गया था। अब 1 अगस्त से 25 फीसदी टैरिफ लागू होगा। व्यापार समझौते में भारत जहां स्टील, एल्यूमीनियम और ऑटो सेक्टर पर शुल्क घटाने की मांग कर रहा है, वहीं अमेरिका इलेक्ट्रिक वाहन, वाइन, डेयरी, ऐग्रिकल्चर प्रोडक्ट्स और जीन-संशोधित फसलों पर शुल्क छूट चाहता है। भारत अब तक हर द्विपक्षीय समझौते में घरेलू डेयरी सेक्टर को संरक्षित करता रहा है।




भारत द्वारा टेस्ट मैच बचाए जाने पर इंग्लैंड के कप्तान का विवादास्पद व्यवहार !

## प्रदेश में भारी बारिश से कई नदियों में बाढ़

# सेना कर रही है रेस्क्यू कई जिलों में स्कूल बंद

**भोपाल, जेएनएन।** मध्य प्रदेश के कई जिलों में हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। श्योपुर, अशोकनगर, विदिशा, रायसेन, सीहोर और भोपाल में हालात बाढ़ जैसे बन गए हैं। नदियां उफान पर हैं और कई गांवों का संपर्क मुख्य शहरों से टूट गया है। शिवपुरी में हालात सबसे गंभीर हैं, जहां 30 से 35 लोग बाढ़ में फंसे हुए हैं। इनको निकालने के लिए सेना के जवान मौके पर पहुंचे हैं और नावों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अब तक 20 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। राहत कार्यों में एसडीआरएफ और प्रशासन भी जुटा हुआ है।

अशोकनगर के भटौली गांव में बाढ़ में फंसे चार लोगों को रात में एसडीआरएफ और प्रशासन की टीम ने सुरक्षित निकाला। वहीं, श्योपुर के जिला अस्पताल से पानी भरने के कारण मरीजों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मौसम विभाग ने राज्य के नीमच, मंदसौर, गुना, आगर-मालवा और राजगढ़ जिलों में भी भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### बाढ़ प्रभावितों को करेंगे एयरलिफ्टः सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यदि नाव से किसी बाढ़ प्रभावित को सुरक्षित निकालना या बचा पाना संभव न हो, तो ऐसी स्थिति में सरकार हैलिकॉप्टर से प्रभावितों को एयरलिफ्ट करायेगी। सरकार हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और अति वर्षा से नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### जस्टिस वर्मा की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** जस्टिस यशवंत वर्मा के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस वर्मा ने उनके घर से बरामद हुए कैश के मामले में इन-हाउस इंक्वायरी पैनल की रिपोर्ट को चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कहा कि अगर साक्ष्य न्यायिक दुराचार का संकेत देते हैं तो चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को सूचित करने का अधिकार है। इस सिफारिश में जज को पद से हटाने की मांग की गई थी, क्योंकि इन-हाउस इंक्वायरी पैनल की रिपोर्ट में कैश मिलने के मामले में दोषी ठहराया गया था। शीर्ष अदालत ने जस्टिस वर्मा के इंक्वायरी पैनल की वैधता पर सवाल उठाए बिना उस समय इसकी कार्यवाही में भाग लेने के फैसले पर सवाल उठाया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'इस मामले में आपका आचरण विश्वास पैदा नहीं करता, आप पैनल के सामने क्यों पेशे हुए?'

### निठारी कांड में खारिज हुईं सभी 14 याचिकाएं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 2006 के निठारी हत्याकांड मामले में आरोपी सुरेंद्र कोली को बरी करने के खिलाफ दायर 14 अपीलों को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट का कोली को बरी करने का फैसला गलत नहीं था। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि जिस समय नाले से बच्चों के सिर और अन्य हिस्सों की अस्थियां बरामद हुईं, वह बरामदगी कोली के बयान के आधार पर नहीं की गई थी। ऐसे में यह सबूत के तौर पर मान्य नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि जब तक पुलिस किसी आरोपी का बयान ठीक तरीके से दर्ज नहीं करती और उसके बाद बरामदगी कराई जाती है, तब तक वह बरामद सामान अदालत में सबूत नहीं माना जा सकता। इस मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पहले ही यह कहते हुए कोली को बरी कर दिया था कि केस में पर्याप्त और कानूनी रूप से मान्य सबूत नहीं हैं।

## तीव्रता 8.8: रूस में आया दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप

# सुनामी से थर्राए रूस, जापान और अमेरिका के समुद्र तट

**मास्को/ टोक्यो, जेएनएन।** बुधवार को रूस के पूर्वी प्रायद्वीप कामचटका में सुबह 4.54 बजे (भारतीय समयानुसार) 8.8 तीव्रता का भूकंप आया, जिसे अब तक का दुनिया का छठा सबसे शक्तिशाली भूकंप बताया जा रहा है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, इसका केंद्र जमीन से 19.3 किलोमीटर गहराई में था। भूकंप के बाद 5 मीटर तक ऊंची सुनामी की लहरें कामचटका के तटों से टकराईं, जिससे कई इमारतों, स्कूलों और बंदरगाहों को भारी नुकसान पहुंचा। जापान, अमेरिका, फिलीपींस और अन्य प्रशांत देशों तक इसका असर महसूस किया गया। इसके अलावा फिलीपींस, चीन, इंडोनेशिया, ताइवान, न्यूजीलैंड, पेरू, मैक्सिको, पनामा, चिली, कोलंबिया और फ्रेंच पोलिनेशिया जैसे प्रशांत महासागरीय देशों ने तटीय क्षेत्रों में अलर्ट जारी किया है। जापान में फुकुशिमा परमाणु संयंत्र को भी एहतियातन बंद कर दिया गया। जापान मौसम एजेंसी ने बताया कि ओसाका और टोक्यो खाड़ी में 1 मीटर तक लहरें पहुंच सकती हैं। जापान के चीबा प्रान्त के समुद्र तटों पर लहरें टकराते हुए दिखाई दीं ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### रूस: कामचटका में तबाही, कोई हताहत नहीं



क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव के अनुसार, अलर्ट सिस्टम और मजबूत निर्माण की वजह से जान-माल का बड़ा नुकसान नहीं हुआ। कामचटका के गवर्नर व्लादिमीर सोलोदोव ने इसे दशकों का सबसे शक्तिशाली भूकंप बताया। उन्होंने कहा कि एक किंडरगार्टन स्कूल की इमारत को गंभीर क्षति हुई है। स्थानीय वीडियो में देखा गया कि पहाड़ों का हिस्सा भूस्खलन से समुद्र में गिर गया, कई घर बह गए।

**अमेरिका:** हवाई में अब खतरा कम हो गया है, लेकिन कैलिफोर्निया के कुछ तटीय क्षेत्रों में चेतावनी अभी भी जारी है। भूकंप के बाद सुनामी की लहरें अमेरिका के अलास्का, हवाई और कैलिफोर्निया तक पहुंचीं। हवाई में 5 फीट ऊंची लहरें दर्ज की गईं।

**जापान:** लगभग सभी क्षेत्रों से सुनामी चेतावनी हटा ली गई है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में एडवाइजरी जारी है। जापान के पूर्वी तट पर एक फुट ऊंची पहली सुनामी लहरें पहुंचीं। राजधानी टोक्यो समेत कई इलाकों में 20 लाख लोगों को निकाला गया।

## ऊंची उड़ान | बादलों के पार देखने की क्षमता, 97 मिनट में लगा लेगा धरती का चक्कर

# 12500 करोड़ का 'नाइसर' सैटेलाइट लॉन्च

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और अमेरिका के साझा अंतरिक्ष मिशन का प्रतीक 'नाइसर' सैटेलाइट बुधवार को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। इसे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से शाम 5.40 बजे जीएसएलवी-एफ 16 रॉकेट से छोड़ा गया। महज 18 मिनट में रॉकेट ने नाइसर को 747 किलोमीटर ऊंचाई पर सूरज के साथ तालमेल रखने वाली सन-सिंक्रोनस ऑर्बिट में स्थापित कर दिया। निसार, नासा और इसरो की साझेदारी से बना अब तक का सबसे महंगा और उन्नत अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट है। इस पर कुल 1.5 बिलियन डॉलर यानी करीब 12,500 करोड़ रुपए की लागत आई है। यह दुनिया का पहला सैटेलाइट है, जो दो रडार बैंड नासा के एल-बैंड और इसरो के एस-बैंड का एकसाथ उपयोग करता है।

इस सैटेलाइट का पूरा नाम है नाइसर यानी नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार है। यह मिशन पांच साल तक धरती पर नजर रखेगा और हर 97 मिनट में पृथ्वी का एक चक्कर लगाएगा। 12 दिनों में यह पृथ्वी की लगभग पूरी सतह को स्कैन कर लेगा। नाइसर को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह हर मौसम, हर परिस्थिति में हाई-क्वालिटी डेटा उपलब्ध करा सकता है। चाहे घने बादल हों, अंधेरा हो या जंगलों की मोटी परत। इसका 12 मीटर व्यास वाला गोल्ड-प्लेटेड रडार एंटीना 9 मीटर लंबी बूम से जुड़ा है जो माइक्रोवेव सिग्नल्स भेजकर धरती की स्थिति को मापता है।

### रंगों से दिखाएगा धरती के बदलाव


यह सैटेलाइट धरती के सेंटीमीटर स्तर के बदलावों को भी पकड़ सकता है। मसलन, यदि धरती कहीं 10 सेंटीमीटर नीचे धंस रही है या 15 सेंटीमीटर ऊपर उठ रही है, तो नाइसर इसे रंगों के माध्यम से दिखाएगा।

**हरा:** धरती कुछ ऊपर उठी
**लाल:** धरती काफी ऊपर उठी
**नीला:** धरती हल्की नीचे धंसी
**पर्पल:** गहराई में धंसाव



**निसार का मिशन उद्देश्य:** निसार सैटेलाइट का मुख्य उद्देश्य धरती और उसके पारिस्थितिक तंत्र की निगरानी करना है, जिससे जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं को बेहतर ढंग से समझा जा सके। यह मुख्य रूप से तीन क्षेत्रों पर फोकस करेगा।

**जमीन और बर्फ में बदलाव:** जैसे जमीन का धंसना, भूकंप के बाद की हलचल, ग्लेशियर्स का पिघलना आदि।
**पारिस्थितिक तंत्र की निगरानी:** जैसे जंगलों की कटाई, खेती की स्थिति, वनों की वृद्धि या क्षति।
**समुद्री पर्यावरण:** समुद्र की लहरों, ऊष्मा, और तटीय बदलावों का अध्ययन।



# मैहर पुलिस ने 20 हजार से अधिक छात्रों एवं आम जनों को नशे के विरूद्ध किया जागरूक

## 126 स्थानों पर कार्यक्रमों का किया आयोजन



**जागरण, सतना।** पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल की उपस्थिति में हुआ नशे से दूरी है जरूरी अभियान का समापन समापन दिवस के अवसर पर किया गया पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन 16 दिवसीय अभियान के दौरान कुल 126 स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन लगभग 20,222 छात्रों एवम आमजनों को किया गया जागरूक पुलिस महानिदेशक महोदय मध्यप्रदेश द्वारा दिनांक 15 से 30 जुलाई तक 16 दिवसीय प्रदेश स्तरीय विशेष अभियान 'नशे से दूरी है जरूरी' चलाया जा रहा था । 16 दिवसीय अभियान अन्तर्गत कुल 126 स्कूल ए कॉलेज एवम सार्वजनिक स्थानो पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लगभग 20, 222 व्यक्तियों को जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान के दौरान विभिन्न स्कूलों में छात्र छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था ।

### इन प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

चित्रकला नुक्कड नाटक,पोस्टर मेकिंग, मॉडल, निबंध लेखन आदि शामिल थे। इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 35 छात्र.छात्राओं को आज पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल द्वारा ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र सिंह चौहान, यातायात प्रभारी नृपेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक लक्ष्मी बागरी साथ ही छात्र.छात्राओं के साथ उनके अभिभावक एवम विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा । नशे के विरूद्ध इस अभियान को विभिन्न विभागों एवं आम जनता के द्वारा जन आंदोलन के रूप में लिया गया । जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा अपनी व्यस्ततम कार्यशैली के बावजूद अभियान को सफ्ल बनाने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया गया । साथ ही जिले के विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य , स्टाफ एवं छात्र छात्राओं व खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने अभियान की सफ्लता हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिसके लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी की प्रशंसा की गई ।

### एसपी ने कहा नशा एक गंभीर समस्या

पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि नशा एक गंभीर समस्या है जो हमें शारीरिक मानसिक आर्थिक पारिवारिक एवं सामाजिक रूप से प्रभावित करती है । हमें बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना होगा और उन्हें सही मार्गदर्शन प्रदान करना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे नशे से दूर रहें और अपने माता.पिता एवं शिक्षकों की सलाह मानें।

# मनमोहन माहेश्वरी ने किया रक्तदान




**जागरण, सतना।** एक ओर जहां पूरा देश सावन के महीने में भगवान शिव की आराधना में लीन हे वहीं दूसरी और ऐसे समाजसेवी है जो अपना लहू देकर इंसानियत का सच्चा फर्ज निभा रहे है।जी हां हम बात करें वरिष्ठ समाजसेवी एवं युवाओ के प्रेरणास्रोत श्री मनमोहन माहेश्वरी जी का जिन्होंने 30 जुलाई बुधवार को अपने जन्मोत्सव के अवसर पर 58 वा रक्तदान का इंसानियत का सच्चा फर्ज निभाया। समाजसेवी संस्था सिन्धु विकास समिति के अध्यक्ष विनोद गेलानी ने बताया संस्था के सहयोगी समाजसेवी आकाश बनर्जी के अनुरोध पर माहेश्वरी जी ने जिला अस्पताल में भर्ती जरूरत मंद को रक्तदान कर मानवता की सेवा करते हुए नया जीवन देने का प्रयास किया। इस अवसर पर विभाष बनर्जी विनोद गेलानी बंसी नागदेव मनीष सदानी आकाश बनर्जी ब्लड बैंक से सविता सिंह रामभाई त्रिपाठी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। श्री माहेश्वरी के रक्तदान करने पर संस्था के संरक्षक मंडल के गोपी गेलानी श्रीचंद मनवाणी मनोहर डिगवानी ज्ञान खटवानी इंद्रलाल आडवाणी श्रीचंद शीतलानी घनश्याम मंघरानी संजय वाधवानी महेश रावलानी गंगाराम सचदेव दिलीप सोनी अमित कामरानी जीएडी जसवानी रंजीत सेनानी जितेंद्र गावरी गोपीचंद कापड़ी विजय जग्यासी अशोक चाँदवानी बसंत खत्री दीपक वाधवानी केशव मखीजा राजकुमार साधवानी मनीष टेकवानी विष्णु जानवानी मनीष सदानी बंटी भोजवानी सहयोगी बसंत शर्मा बाबन सुखेजा निक्की मनचंदानी विशाल राजपाल संजय आहूजा महिला मंडल से मोना चोपड़ा राखी होतचंदानी डॉ मनीषा सोई आर्य खिलवानी मुस्कान चंदानी सिमरन होतचंदानी निशा गोयल आभा सिंह जया जायसवाल रशिम जैन कशिश नागदेव ने माहेश्वरी को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# बिजली की आंख मिचौली से नगरवासी परेशान



### ब्यापारी संघ ने कनिष्टयंत्री को सौपा ज्ञापन

**जागरण, उंचेहरा।** नगर में काफी समय से बिजली की लुका छीपी का खेल चल रहा है कुछ समय पहले तक विद्युत विभाग कहता था कि बारिश के चलते तार में पेढ़ पौधे आ जाने से लाइट ट्रिप हो रही है अब तो उतनी बारिस भी नही हो रही फिर भी लंबे समय से बिजली का हर पल ट्रिप होना लगा ही रहता है और लो बोल्टेज की समस्या भी बनी रहती है जिससे नगर वासी खासकर छोटे उधोग धंधे के कारोबारी काफी परेसान है बस उसी बात को लेकर व्यापारी संघ का प्रतिनिधि मंडल कनिष्टयंत्री को ज्ञापन सौप जल्द समस्या सुधारने की बात कही । जब कनिष्टयंत्री से इस सम्बंध में बात करना चाहा तो जिम्मेदारो का फोन ही नही उठा। नगर में बिजली की समस्या को लेकर काफी आक्रोस है।

# हैंडओवर होने के पहले ही जर्जर होने लगा विद्यालय भवन

**मुकुन्दपुर।** अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल स्थापित है।जिसके अंतर्गत विद्यालय के पश्चिमी ओर के अतिरिक्त भवन में बकरी शाला में तबदील हो गया तो विद्यालय के दक्षिणी ओर के अतिरिक्त जो सभा कक्ष के लिए स्थापित कराई गई है। किन्तु ये दोनों अतिरिक्त भवन भर.भरा के गिरने लगे और हैण्ड ओवर आज दिनांक तक नहीं हुए।यहां तक की शिक्षा केन्द्र के कोई भी क्षिक्षक और प्राचार्य यह नहीं बता पा रहे हैं कि यह भवन किस मद से किस योजना से किस ठेकेदार के माध्यम से बनाई गई है।यह जानकारी कोई भी देने को तैयार नहीं हैं। 'बालक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य का कहना है कि' .हम लोगों को खुद नहीं मालुम है कि किस मद से किस योजना से किस किस ठेकेदार से तथा कितनी राशि से बनवाई गई है।और हैण्ड ओवर कोई किया ही नहीं तो हैण्ड ओवर लेने कि सवाल ही नहीं उठता।

# सरकारी आराजी पर अतिक्रमण एसडीएम से हुई शिकायत

**मुकुन्दपुर।** अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुकुन्दपुर समीपस्थ ग्राम पंचायत जमुना के ग्राम कस्तरा में आराजी 164 रकबा 1.516 हेक्टेयर जो आवास योजना हेतु सुरक्षित की गई थी।जिसे ग्राम कस्तरा के दबंग लोग अतिक्रमण कर रहे हैं जिसकी शिकायत आम जनता की ओर से गंगा सिंह बघेल सेवानिवृत्त प्रधान आरक्षक निवासी ग्राम कस्तरा के द्वारा एसडीएम अमरपाटन के पास दिनांक 23 जून 25 को की गई किन्तु हल्का पटवारी के द्वारा समाचार लिखे जाने तक किसी तरह की कार्यवाही नहीं की गई। शिकायत कर्ताओं ने कहा कि यदि समय रहते राजस्व अमला कार्यवाही नहीं करता तो धरना प्रदर्शन किया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी राजस्व विभाग की होगी।

# नगर निगम ने संचालित की जागरूकता व सफाई गतिविधियां




**जागरण, सतना।** 30 जुलाई को नगर पालिक निगम सतना की आईईसी टीम ने शहर के कई स्थानों में मध्यम.स्तरीय व्यापक जागरूकता और सफाई गतिविधियाँ संचालित कीं। अभियान के दौरान एसटीपी प्लांट महादेवा में पौधरोपण और जलभराव निवारण हेतु नालियों की सफाई की गई। इस अवसर पर महापौर नगर निगम अध्यक्षए नगर निगम अधिकारीगण आईईसी टीम एवं सफाई मित्रों की उपस्थिति में पौधरोपण कार्यक्रम को सफ्लतापूर्वक संपन्न किया गया। 4आर प्लास्टिक प्रतिबंध चार रंग के डस्टबिन के उपयोगए कचरा पृथक्करण और पर्यावरण संरक्षण पर नागरिकों से संवाद किया गया तथा शपथ भी दिलाई गई। वार्ड 1 में दुकानदारों व नागरिकों को प्लास्टिक प्रतिबंध की जानकारी देकर पार्क व नालियों की सफाई कराई गई। वार्ड 2 में चार.बिन प्रणाली पर प्रशिक्षण और शपथ का आयोजन हुआ। वार्ड 26 में प्लास्टिक रोकथाम हेतु जनजागरूकता चलाई गईए जबकि वार्ड 28 में सी एन्ड डी कचरे के लिए विशेष सफाई अभियान संचालित हुआ। वार्ड 32 में प्रमुख पर्यटन स्थलों और जीवीपी पॉइंट्स की साफसफाई की गई। वार्ड 33 में चार.बिन व 4आर पर समझाइश दी गई । वार्ड 34 में सार्वजनिक स्थलों और जीवीपी क्षेत्रों में सघन सफाई की गई। पूरे कार्यक्रम के अंतर्गत मास क्लीनिंग अभियान चलाया गया जिससे स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों को गति मिली और नागरिक भागीदारी के साथ स्वच्छ सुरक्षित और स्वस्थ शहर के लक्ष्य को मजबूती प्रदान हुई।

# विश्व हिंदू महासंघ भारत की मातृ शक्तियों ने मनाया हरियाली तीज



**जागरण, सतना।** विश्व हिंदू महासंघ भारत के राष्ट्रीय आह्वान पर प्रदेश अध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल एवं मातृशक्ति प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रीति पाठक के निर्देशन में विश्व हिंदू महासंघ मातृशक्ति प्रतिनिधिमंडल मध्य प्रदेश इकाई एवं सतना जिला इकाई ने हरियाली तीज का त्यौहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जिसमें मुख्य रूप से मिथिलेश सिंह बघेल जय श्री द्विवेदी निशा सोनी सुमन द्विवेदी सीमा पुरवार सीमा वर्मन गुड़िया सोनी जानकी सोनी दुर्गा गुप्ता संयोगिता परिहार संध्या गौतम सहित अन्य मातृ शक्तियां उपस्थिति रहीं।

# लेडीज क्लब ने मनाया हरियाली तीज उत्सव




**जागरण, सतना।** शारदा प्रिज्म जॉनसन लेडीज क्लब की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सिंह की अध्यक्षता में सात फेरे सात वचन थीम के अंतर्गत हरियाली तीज का शुभ पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्लब की सदस्याएं सुंदर परिधानों में सज धज कर आई। दूल्हा दुल्हन ने सात फेरों के साथ सात वचनों का जीवन से जुड़े जिम्मेदारीयों को निभाते हुए एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सखियों द्वारा शादी के पहले और शादी के बाद एवं कजरी गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। सभी ने हाउजी गेम खेलने के साथ एक से बढ़कर एक छंद बोला और झूले का आनंद लिया । उपरोक्त जानकारी प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एंड जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने दी।

# आरसेटी निदेशक ने प्रशिक्षणार्थियों को आत्म निर्भर बनने किया प्रेरित

**जागरण, सतना।** इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सतना द्वारा संचालित 30 दिवसीय निःशुल्क विद्युत मोटर रीवानइंडिंग एवं रिपेयर सर्विस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 30 जुलाई को किया गया। समापन कार्यक्रम मे आरसेटी निदेशक समीर एस डी टोप्पो एवं समस्त आरसेटी स्टॉफ के साथ विद्युत मोटर रीवानइंडिंग एवं रिपेयर सर्विस प्रशिक्षणार्थी भी उपस्थित रहे। आरसेटी निदेशक समीर एस डी टोप्पो ने सभी प्रशिक्षणार्थीयों क़ो आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और उनका उत्साह बढ़ाया। संकाय सत्य कुमार द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक गिरिराज प्रसाद पाण्डेय कार्यालय सहायक शिवानी सिंह एवं शुभांगी श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में इंडियन बैंक आरसेटी. निदेशक द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। इस दौरान निदेशक श्री टोप्पो ने कहा कि 31 जुलाई से महिला सिलाई कार्यक्रम प्रारंभ होने जा रहा है इच्छुक प्रशिक्षणार्थी कार्यालय समय में उपस्थित हो कर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।






# नवोदय विद्यालय में मलेरिया टीम ने कराई फागिंग

**सतना।** नागौद ब्लॉक स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में डेंगू के लारवा मिलने के बाद मलेरिया टीम द्वारा द्वितीय भ्रमण के तहत 30 जुलाई को फगिंग कार्य किया गया । प्राचार्य शैलेश गुप्ता के सानिध्य में मलेरिया टीम के विशेष दल ने शाम 5 बजे जवाहर नवोदय विद्यालय पहुंचकर आवासीय परिसर में फगिंग कार्य किया । अलग.अलग कार्यो में विभाजित छात्रावास में बालिकाओं के छात्रावास में बच्चों के छात्रावास में स्टाफक्वार्टर्स में पार्किंग कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। मलेरिया टीम में सोमचंद राजकुमार रावत एवं स्वरूप उपस्थित रहकर उल्लेखनीय कार्य किया।

# सेवा संकल्प का तपन भौमिक ने किया अवलोकन

**सतना।** मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के पूर्व चेयरमैन तपन भौमिक ने बुधवार को सतना में संचालित सेवा संकल्प अभियान का निरीक्षण कर इसकी कार्यप्रणाली का गहराई से अवलोकन किया। उन्होंने सेवा संकल्प के माध्यम से बीते 16 वर्षों से किए जा रहे निरंतर सामाजिक सेवा कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर श्री भौमिक ने कहाए ष्यदि अब तक का सबसे श्रेष्ठ सेवा कार्य कोई हैए तो वह है मानव सेवा। अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों को लगातार सहयोग देना एक सच्चे सेवा भाव और मानवीय मूल्यों का जीवंत उदाहरण है।ष् उन्होंने इसे समाज के लिए प्रेरणादायी कार्य बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास ही सामाजिक परिवर्तन की मजबूत नींव रखते हैं। श्री भौमिक ने सेवा संकल्प से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं की निष्ठा और समर्पण की प्रशंसा की तथा कहा कि यह सेवा अभियान पूरे प्रदेश में एक अनुकरणीय मॉडल के रूप में स्थापित हो सकता है।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर अनर्गल आरोप लगाने वाले पर हो कार्यवाही : बालेश त्रिपाठी



**जागरण, सतना ।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं रामपुर बघेलान जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष व कांग्रेस नेता बलेश त्रिपाठी पर रामपुर बघेलान का ही निवासी अरुण शर्मा जो कुछ समय से इंदौर पर निवासरत है फेसबुक सोशल मीडिया के माध्यम से श्री पटवारी एवं श्री त्रिपाठी पर अपहरण एवं हत्या के प्रयास को अंजाम देने का मनगढ़ंत आरोप लगाकर छवि खराब करने का षड्यंत्र किया है इस विषय को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष मकसूद अहमद के नेतृत्व में रामपुर बघेलान के पूर्व जनपद उपाध्यक्ष बालेश त्रिपाठी, पूर्व महापौर प्रत्याशी उर्मिला त्रिपाठी, कुलदीप द्विवेदी मयंक, ज्ञानेंद्र मिश्रा, त्रिभुवन सिंह ,डॉक्टर भास्कर तिवारी समेत कांग्रेस जनों ने जिला पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायती पत्र सौंप कर षड्यंत्र करता अरुण शर्मा के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किए जाने की मांग की।

# 1 अगस्त को दिव्यांग बच्चों को बांटे जाएंगे निःशुल्क उपकरण

**सतना।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत 1 अगस्त को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बी आर सी संतोष पटेल ने बताया कि जिला शिक्षा केंद्र सतना और जनपद शिक्षा केंद्र रामपुर बाघेलान के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 1 अगस्त को दिव्यांग बच्चों का निःशुल्क उपकरण वितरण शिविर बीआरसी कार्यालय रामपुर बाघेलान में प्रातः 10.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। शिविर में 70 दिव्यांग बच्चों को ट्राई साईकिलए व्हीलचेयर कान की मशीन और अन्य शिक्षण सामग्री निःशुल्क प्रदान की जाएगी।

# ग्रामोदय के एमएससी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु परीक्षा संपन्न



**जागरण, सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित एमएससीए कृषि पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आज लिखित परीक्षा संपन्न हुई। विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय और ग्रामीण विकास एवं व्यवसाय प्रबंधन संकाय में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। कुलगुरु प्रोण् भरत मिश्रा ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं के लिए संतोष व्यक्त किया। कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी ने बताया कि यह प्रवेश परीक्षा एम एस सीएकृषि पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयोजित की गई थी। अध्यक्ष प्रवेश समिति प्रो एच एस कुशवाहा ने बताया कि विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय में बनाए गए परीक्षा केंद्र का केंद्र अधीक्षक प्रो शशिकांत त्रिपाठी और सहायक केंद्र अधीक्षक डॉ सीता शरण गौतम को बनाया गया था। ग्रामीण विकास एवं प्रबंधन संकाय स्थित परीक्षा केंद्र का केंद्र अधीक्षक प्रो अमरजीत सिंह और सहायक केंद्र अधीक्षक डॉ सी पी गूजर को बनाया गया था। सचिवए प्रवेश समिति डॉ साधना चौरसिया ने बताया कि मूल्यांकन उपरांत प्रवेश परीक्षा का परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

# सुखेन्द्र गुप्ता के निधन पर वैश्य परिषद ने जताया शोक

**सतना।** प्रख्यात उद्योगपति नरेन्द्र चंद्र गुप्ता के अनुज स्व सुखेन्द्र गुप्ता के आकस्मिक निधन से सतना नगर में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। हृदय गति रुक जाने के कारण हुए इस असामयिक निधन पर सामाजिक संगठनों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। श्री वैश्य परिषद के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सुखेन्द्र गुप्ता की अचानक हृदय गति रुक जाने से हुई परिवारिक क्षति अत्यंत दुखद और अपूरणीय है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति और परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। सतना के विभिन्न सामाजिक और व्यावसायिक संगठनों ने भी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में कमलेश गुप्ता घनश्याम केसरी सुनील गुप्ता रामजी गुप्ता विनोद कुमार गुप्ता बालकृष्ण गुप्ता प्रकाश गुप्ता श्यामसुंदर गुप्ता लालजी गुप्ता विक्रम गुप्ता राजेश गुप्ता रामाधार गुप्ता रामौतार गुप्ता श्याम लाल गुप्ता श्यामू बलराम गुप्ता छबि गुप्ता ने दी शोक श्रद्धांजलि।


### नागपुर के प्रख्यात कैंसर विशेषज्ञ डॉ भास्कर सिंह 02 अगस्त रविवार को रीवा में



**रीवा।** HCG कैंसर हॉस्पिटल नागपुर के प्रख्यात कैंसर सर्जन एवं कैंसर रोग सुपर स्पेशलिस्ट डॉ भास्कर सिंह MBBS, MS, FMAS, DNB (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) कंसल्टेंट सर्जन के द्वारा दिनांक 02 अगस्त रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/डाइग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा (कामता मेडिकल) में, कैंसर से सम्बंधित बीमारियां जैसे स्तन कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, मुँह का कैंसर, स्वांस की नली का कैंसर, खाने की नली का कैंसर, अग्नाशय का कैसर, पित्त की थैली (गालब्लैडर)का कैंसर, किडनी का कैंसर, पेशाब की थैली का कैंसर, छोटी बड़ी आँत का कैंसर, आमाशय का कैंसर, थायराइड कैंसर, मांसपेशियों का कैंसर, व अन्य सभी प्रकार के कैंसर का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा। ओपीडी में आये हुए समस्त मरीजों हेतु भारत सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क आयुष्मान योजना, स्वास्थ बीमा लाभ योजना एवं केंद्र सरकार व राज्य सरकार के कर्मचारियों हेतु संचालित स्वास्थ्य लाभ योजना का भी नियम व शर्तों के साथ सुबिधा उपलब्ध है, डॉ भास्कर विगत पाँच वर्षों से नियमित प्रत्येक माह में दूसरे एवं चौथे शनिवार को रीवा में OPD हेतु उपलब्ध रहते हैं। OPD हेतु पंजीयन प्रारम्भ है, अधिक जानकारी, पंजीयन व परामर्श हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.


# अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण करने पर 9 अनावेदकों पर 3 लाख से अधिक राशि की पेनाल्टी अधिरोपित की

**जागरण, छतरपुर ।** कलेक्टर छतरपुर पार्थ जैसवाल ने 9 अनावेदकों के खिलाफ अवैध रूप से उत्खनन, परिवहन व भंडारण करने पर खनिज विभाग में दर्ज प्रकरणों में प्रतिवेदन के आधार पर 29 जुलाई 2025 को कुल 3 लाख 14 हजार 107 रुपए राशि की पेनाल्टी अधिरोपित कर सम्बन्धित को पेनाल्टी राशि जमा कराने के आदेश दिए गए। जिला खनिज अधिकारी अमित मिश्रा ने बताया कि खनिज उत्खनन, परिवहन व भंडारण परिवहन करते हुए पाए जाने पर सहा. खनि अधिकारी द्वारा सभी अनावेदक के वाहन ट्रेक्टर द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण परिवहन करते पाए जाने पर वाहन जब्त कर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन, तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के नियम 18 (2) के उप-नियम (1) के प्रावधानों के अंतर्गत निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्राप्त हुआ था। उक्त सम्बंधित पर प्रकरण दर्ज कर संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे।

# मीसाबंदी स्व मुरलीधर शर्मा रीवां में सम्मानित

### सुरेंद्र शर्मा ने ग्रहण किया सम्मान



**जागरण, सतना।** प्रख्यात समाजवादी मीसाबंदी रहे अधिवक्ता स्व मुरलीधर शर्मा को रीवा में आयोजित मीसाबंदी समारोह में सम्मानित किया गया भव्य गरिमामयी समारोह में उनके पुत्र जदयू नेता अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने सम्मान पत्र शाल श्रीफ्ल ग्रहण किया यह कार्यक्रम रीवा के कृष्णा राजकपूर आडोटोरियम में मीसाबंदी सुभाष श्रीवास्तव के जन्मदिन पर आयोजित किया गया था जिसमें विंध्य के आपातकाल बंदी एवं जो दुनिया में नहीं है उनके परिजनों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ समारोह में मीसाबंदी संघ के प्रदेश अध्यक्ष तपन भौमिक मुख्य अतिथि रहे साथ ही पूर्व विधायक रामलखन शर्मा प्रभाकर सिंह शंकरलाल तिवारी पुष्पराज सिंह समाजवादी नेता मीसाबंदी कौशल सिंह ब्रहस्पति सिंह सहित अन्य समाजवादी नेता समाजसेवियों ने शिरकत की कार्यक्रम का संचालन सिद्धार्थ श्रीवास्तव एवं साकेत श्रीवास्तव ने किया।

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 31 जुलाई 2025 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
सूर्य उदय - अस्त
06.52 अस्त : आज
05.29 उदय : कल
शहर का तापमान
30.0 ° अधिकतम
25.0 ° न्यूनतम

मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

# आउटसोर्स भर्ती की अनियमितता पर गंभीर हैं कलेक्टर



जागरण जांच

## शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग में हुई भर्ती की कलेक्टर के निर्देश पर जांच शुरू

### शिकायत मिलने पर कलेक्टर द्वारा लिया गया निर्णय



जागरण, सीधी

जिले में शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्स भर्ती में फर्जीवाड़ा की शिकायत मिलते ही कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जांच के निर्देश दिए गए। कलेक्टर के निर्देश पर जांच शुरू होने से दोनो विभागों में हड़कंप मचा हुआ है। स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्स कंपनी के माध्यम से गोपनीय तरीके से बिना विज्ञापन एवं सार्वजनिक सूचना के जिला अस्पताल समेत स्वास्थ्य केंद्रों में विभिन्न ट्रेडों में कर्मचारियों की भर्ती मनमानी तरीके से की गई। एक सैकड़ा से ऊपर भर्ती गोपनीय तरीके से होने पर इसकी शिकायत कलेक्टर से की गई। जिसको संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर द्वारा सभी भर्तियों के दस्तावेजों को सील कराते हुए जांच शुरू करा दी गई। वहीं जिला शिक्षा विभाग में समग्र शिक्षा अभियान के तहत व्यवसायिक पाठ्यक्रम में हो रही भर्ती में जमकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा था। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के संज्ञान में फर्जीवाड़ा की जानकारी आते ही उनके द्वारा जांच के निर्देश दिए गए। कलेक्टर के निर्देश के बाद व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में की गई भर्ती के फर्जीवाड़ा की जांच शुरू हो गई है। जानकारों के अनुसार दो सालों से समग्र शिक्षा अभियान के तहत व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की भर्ती में डेढ़-दो लाख रुपए सुविधा शुल्क लेकर भर्ती करने का खेल सीधी जिले में चलाया जा रहा था। आउटसोर्स के माध्यम से चल रही भर्ती प्रक्रिया में दस्तावेजों के परीक्षण में व्यापक अनियमितताएं की गई। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने आउटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति को लेकर निर्देश दिए हैं कि संबंधित विभाग द्वारा सेडमैप को आउटसोर्स मानव संसाधन की आवश्यकता से अवगत कराना है। सेडमैप द्वारा चाहे गए मानव संसाधन के लिए संबंधित विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा। सेडमैप के प्रस्ताव पर विभाग की स्वीकृति उपरांत सेडमैप द्वारा अनुबंध प्रेषित किया जाएगा। जिस पर संबंधित विभाग द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे। कर्मचारियों की आउटसोर्स के माध्यम से पदस्थापना नियमानुसार की जाएगी। संबंधित विभाग द्वारा अपने स्तर पर उपयुक्त अभ्यर्थी का चयन कर संलग्न परिशिष्ट में उल्लेखित दस्तावेज सेडमैप को उपलब्ध कराया जाएगा। सेडमैप द्वारा अभ्यर्थियों की सूची विभाग को प्रेषित की जाएगी। साक्षात्कार चयन समिति में विभाग के कम से कम एक अधिकारी का उपस्थित रहना आवश्यक होगा। कलेक्टर के निर्देश के पश्चात आउटसोर्स के माध्यम से विद्यालयों में विभिन्न ट्रेडों की हुई भर्ती के फर्जीवाड़ा को दबाने के लिए भी अब सरगर्मी तेज हो गई है। जिन अधिकारियों द्वारा भर्ती के लिए भारी-भरकम वसूली की गई थी वह अब फर्जीवाड़े को सही साबित कराने को लेकर सक्रिय हो गए हैं। जानकार सूत्रों का कहना है कि कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य विभाग एवं जिला शिक्षा विभाग में आउटसोर्स भर्ती में अनियमितता को लेकर जिस तरह से सख्त रूख अपनाया गया है उसके बाद से अन्य विभागों में भी आउटसोर्स भर्ती में चल रहा फर्जीवाड़ा फिलहाल थम गया है। उम्मीद है कि जल्द ही दोषियों पर कार्यवाही सुनिश्चित होगी।

### योजनाओं का बेहतर हो रहा है क्रियान्वयन



कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देश में सीधी जिले के सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सुचारू रूप से किया जा रहा है। कलेक्टर द्वारा बैठकों में संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जाते हैं कि पात्र व्यक्तियों तक शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से पहुंचना चाहिए। उनके पास योजनाओं का लाभ न मिलने की शिकायतें मिलने पर उस पर भी त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है। कलेक्टर के कड़े निर्देश के चलते जिले भर में संबंधित विभागों द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता रखनी शुरू कर दी गई है। वहीं पात्र लोगों को बिना किसी भटकाव के योजनाओं का लाभ देने की पहल शुरू हो गई है। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की सक्रियता के चलते जिले भर में शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है और पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

# तेज रफ्तार अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, चार घायल





## जमोड़ी थाना के पनवार मुख्य मार्ग में हुआ भीषण सड़क

जागरण, सीधी

शहर के समीपी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-39 सीधी-रीवा में पनवार में महिन्द्रा एजेंसी के समीप मंगलवार रात करीब 9 बजे तेज रफ्तार में एक अनियंत्रित कार के पेंड़ से टकराने पर उसमें सवार चार लोग घायल हो गए। दो की हालत गंभीर बताई गई। हादसे के बाद 108 एंबूलेंश से चारों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार हादसे के वक्त काली कलर की कार सीधी से मैहर जा रही थी। कार की रफ्तार काफी ज्यादा थी। अचानक सड़क पर एक गाय के आने से चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क के किनारे पेंड़ से जा टकराई। हादसे के बाद वहां से गुजर रहे लोगों ने कार में फंसे सभी घायलों को बाहर निकाला और पुलिस को हादसे की सूचना दी। जिला अस्पताल में भर्ती कराए गए घायलों में रूबी द्विवेदी 35 वर्ष, रचना तिवारी/अनिल तिवारी 28 वर्ष, सोनू सोनी 40 वर्ष सभी निवासी मैहर एवं अशोक द्विवेदी 32 वर्ष निवासी सीधी शामिल हैं। दो घायलों को ज्यादा चोंटे आई है। हादसे में सभी घायलों के सिर में चोटें आई हैं। मौके पर पहुंची जमोड़ी थाना पुलिस द्वारा सड़क हादसे की जांच शुरू कर दी गई।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## कुंए में मिला नवविवाहिता का शव, लगाया हत्या का आरोप



**जागरण, सीधी।** पुलिस चौकी पथरौला अंतर्गत ग्राम गिजवार में एक नवविवाहिता का शव कुंए में मिलने पर मृतिका के पिता ने हत्या का आरोप लगाया है। दादर निवासी रामसुलोचन साहू ने चौकी प्रभारी पथरौला को दिए गए लिखित आवेदन में कहा है कि अपनी पुत्री रिंकू साहू का विवाह ग्राम गिजवार निवासी रामलेख साहू पिता सुकसेन साहू के साथ 11 मई 2022 को किया था। विवाह के 6 माह के बाद ही ससुराल में दहेज की मांग को लेकर पुत्री रिंकू साहू को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया गया। पुत्री के साथ काफी बेरहमी के साथ मारपीट की जाती थी। जिसकी शिकायत पुत्री द्वारा मोबाइल से अपनी मां से बातचीत के दौरान करती थी। जिस पर उसके द्वारा गिजवार सरपंच को साथ में ले जाकर ससुराल पक्ष के लोगों को समझाइस दिलाई गई थी। समझौता के बाद भी ससुराल पक्ष के लोग कहते थे कि तुम्हारे पिता ने दहेज नहीं दिया इसीलिए मारपीट कर मार डालेंगे। पुत्री के साथ काफी प्रताड़ना का दौर बढ़ता ही गया। घर में लेट्रिन रूम बनवाने के लिए पैसे की मांग की गई। जिस पर पुत्री की खुशी के लिए 50 हजार रूपए, 20 हजार रूपए, 70 हजार रूपए दिए गए। साथ ही ईट की व्यवस्था भी की गई। अभी 28 जुलाई को पुत्री रिंकू साहू द्वारा अपनी मां को फोन कर जानकारी दी गई थी कि पति, सास-ससुर द्वारा काफी मारपीट कर कुंआ में डालने की धमकी दी जा रही है। इसके बाद 29 जुलाई को दोपहर करीब 12 बजे रामसजीवन ने फोन कर कहा कि आपकी बच्ची कुंए में गिरकर मर चुकी है। उक्त सूचना के बाद मायके पक्ष के लोग भी घटनास्थल पर पहुंचे। जहां मौजूद साक्ष्यों से साथ नजर आ रहा था कि कुंए के पास बने पंप धर में बच्ची के साथ काफी बेरहमी के साथ मारपीट कर कुंए में फेंक दिया गया था। पीड़ित पिता ने पुत्री की मौत की निष्पक्ष जांच कराने और आरोपी रामलेख साहू, सुखसेन साहू, कलावती साहू, रामसजीवन साहू, कुशुमकली साहू, रामदीन साहू के विरुद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर कड़ी कार्यवाही की गुहार लगाई है।

## एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत भुइमाड़ में हुआ आयोजन



**जागरण, सीधी।** मप्र जन अभियान परिषद् के तत्वाधान में एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत नवांकुर सखी कार्यक्रम का आयोजन भुइमाड़ सेक्टर में किया गया, जिसमें कार्यक्रम में शामिल सभी नवांकुर सखियों को एक वर्ष में 11 पौधे अपने घर के सभी कार्यक्रम जन्म दिवस, वैवाहिक वर्षगांठ आदि जैसे कार्यक्रमों में पौधों का रोपण करें एवं धरती मां को हरा भरा बनाने में अपनी सहभागिता बढ़ाए। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद् से ब्लॉक समन्वयक रजनीश मिश्रा सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश दुबे, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र बैंस, केशलार सरपंच सत्य नारायण सिंह, अमरोला सरपंच प्रतिनिधि शुक्रपाल सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता रमाशंकर जायसवाल, समाज सेवी उदित नारायण साहू, अनूप यादव, पुष्पराज सिंह वनपाल सीएल प्रजापति बीट गार्ड विजय प्रताप सिंह सहित भारी संख्या में मात्र शक्ति क्षेत्र के गणमान्य लोगों उपस्थित रहे है। कार्यक्रम के बाद रैली निकाली जाए जिसमें लोगों को संदेश दिया गया सभी पेड़ लगाए औरों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें। इसके बाद पौधा रोपण किया गया एवं उपस्थित प्रतिभागियों पौधा वितरण भी किया गया।

## नागपंचमी पर सपेरों से लेकर 18 सांपों को वन में छोड़ा



**जागरण, सीधी।** सांपो के सम्मान में मनाया जाने वाला पर्व नाग पंचमी के पावन अवसर पर वन विभाग टीम सीधी द्वारा अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए लगभग डेढ़ दर्जन सांपो को सपेरों के कब्जे से मुक्त कराया गया है। साथ ही सभी सांपो को स्वतंत्र जीवन व्यतीत करने हेतु जंगल में अलग अलग स्थलों पर छोड़ा गया। वनपाल पंकज मिश्रा रेस्क्यू प्रमुख वन विभाग सीधी ने चर्चा के दौरान बताया कि डीएफओ, एसडीओ व रेंजर के निर्देशन व मार्गदर्शन में सीधी जिले में वन अमले द्वारा वन्य प्राणी जीव जंतु व जंगल की रक्षा के लिये 24 घंटे लगातार त्वरित रूप से उचित विधिक कार्रवाई की जा रही है। पंकज ने बताया कि वन विभाग द्वारा संचालित कंट्रोल रूम में सूचना मिली कि शहर में कई सपेरे नियम विरूद्ध ढंग से सर्पो को पकड़ कर क्रूरता पूर्वक रखे हुए हैए साथ ही सांप दिखा कर धन अर्जन कर रहे हैं। नाग पंचमी के अवसर पर जिला मुख्यालय से लगभग 17 सर्पो को सपेरो के कब्जे से लेकर उन्हे जंगल में सुरक्षित पूर्वक मुक्त कराया गया है। इसके साथ ही एक जहरीला सांप जो रिहायशी माकान में छिपा हुआ था उसका भी रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा गया है। पंकज मिश्रा ने आगे बताया कि जिला मुख्यालय में पकड़े गये पॉच सपेरो के विरूद्ध वन अधिनियम 1972 की धारा के तहत प्रकरण तैयार किया गया है।

## जिले में औसत वर्षा 841.6 मि.मी. दर्ज

**जागरण, सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 30 जुलाई को सीधी जिले में 0.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 0.0 मि.मी., चुरहट 0.0 मि.मी., गोपद बनास में 0.0 मि.मी., सिहावल में 0.0 मि.मी., बहरी में 0.0 मि.मी., मझौली में 0.0 मि.मी. और कुसमी में 3.0 मि.मी. वर्षा हुई है।उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 841.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।


## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं संजीव कुमार सिंह पिता श्री जगदीश सिंह निवासी मोहनी होम्स विलहरी जबलपुर (म.प्र.) का निवासी हूं। मैं अपनी पुत्री के घरेलू नाम अंजली सिंह के नाम से भारतीय जीवन बीमा की पॉलिसी क्रमांक 367110089 सीधी ब्रांच से लिया था। मेरी पुत्री के समस्त रिकार्डों में पुत्री का सही नाम सृष्टी सिंह अंकित है, जो कि पूर्णतः सही है। अतः पॉलिसी क्रमांक 367110089 में पुत्री का सही नाम सृष्टी सिंह सुधार किया जाए। जिससे पॉलिसी भुगतान में कोई रुकावट न हो। भविष्य में मेरी पुत्री का नाम सृष्टी सिंह पढ़ा, लिखा एवं जाना जाए।

प्रार्थी
संजीव कुमार सिंह पिता श्री जगदीश सिंह


# सोनभद्रेश्वर देवघटा में जलाभिषेक करने उमड़ा सैलाब

## पूर्व विधायक केदारनाथ शुक्ला के साथ दिखे काफी समर्थक



जागरण, सीधी

बीते वर्षों की तरह इस वर्ष भी पूर्व विधायक पंडित केदारनाथ शुक्ल के सुपुत्र गुरुदत्त शरण शुक्ल की अगुआई में श्रावण मास में होने वाले तीन दिवसीय जलाभिषेक कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार को नाग पंचमी पर सोन नदी के तट में देवघटा ग्राम में स्थापित प्राचीन शिव मंदिर में जल अर्पण कर किया गया। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सावन मास में युवा नेता गुरुदत्त शरण शुक्ल मालिक के नेतृत्व में जलाभिषेक कार्यक्रम किया गया। जलाभिषेक कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीधी विधानसभा के पूर्व विधायक केदारनाथ शुक्ल शिव भक्तों के साथ देवघटा में सोन नदी घाट से जल लेने पहुंचे, जहां से पदयात्रा कर प्राचीन शिव मंदिर सोनभद्रेश्वर पहुंचकर जलाभिषेक किए। प्रातः 9 बजे भक्त वाहनों के काफिले के साथ शिवभक्त सीधी शहर का भ्रमण कर हर हर महादेव का जयघोष करते हुए देवघटा शिव मंदिर पहुंचे, जहां लोगों ने सोनभद्र का जल लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक किए। जलाभिषेक के उपरांत भगवान भोलेनाथ की महिमा को बताते हुए सीधी विधानसभा के पूर्व विधायक केदारनाथ शुक्ल ने कहा कि यह शिव मंदिर बहुत पौराणिक मंदिर है। यह मंदिर आजादी से पूर्व स्थापित हुआ था, जहां सच्ची साधना से भगवान शिव मुरादे पूर्ण करते हैं। भगवान शिव की अपार महिमा है, भगवान भोलेनाथ की कृपा श्रद्धालुओं पर बराबर बनी रहती है। कहा कि सावन के पवित्र माह में भगवान शिव के जलाभिषेक का अलग ही महत्व है। भगवान भोलेनाथ बहुत ही सरल व सहज हैं। वह केवल एक लोटा जल चढ़ाने से भी अपने भक्तों पर प्रसन्न हो जाते हैं। अंत में आयोजक गुरुदत्त शरण शुक्ला ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया।

# बेसहारा गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु हर जिले में आवंटित हो 500 एकड़ की भूमिः डॉ. राजेश



**जागरण, सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं ख्यातिप्राप्त चिकित्सक डॉ. राजेश मिश्रा ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान बेसहारा गोवंश को संरक्षण और संवर्धन करने हेतु प्रत्येक जिले में 500 एकड़ भूमि आवंटित कर वृहद गौशाला निर्मित कराकर, उन्हें वहां सुरक्षित करने तथा वहां के सेवाकर्मियों को गौपालन से संबंधित रोजगार उपलब्ध कराने की मांग रखी। लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि लोकसभा संसदीय क्षेत्र सीधी, सिंगरौली, ब्यौहारी, शहडोल के साथ-साथ विंध्य के विभिन्न जिलों में बेसहारा गौ वंश की समस्या बनी हुई है। आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। इस समस्या से निजात पाने के लिए प्रत्येक जिले में भव्य और अत्याधुनिक गौशालाओं का निर्माण किया जाए। जिसमें बेसहारा पशुओं को रखे जाने की व्यवस्था हो। सांसद डॉ. मिश्रा ने कहा कि ऐसा करने से जन, धन, गौधन, किसानों की फसलों का होने वाला नुकसान तो रुकेगा ही, इसके साथ जैविक खाद भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो सकेगी। जिसका उपस्थित सदस्यों ने मेज थपथपाकर मांग का समर्थन किया। सांसद डॉ. राजेश मिश्रा की पहल का क्षेत्र के किसानो ने स्वागत किया है, क्योंकि बेसहारा पशुओं के कारण किसानी की फसल को अत्यधिक नुकसान पहुंचता था।

# शहर की पुरानी गल्ला मंडी में कचरे का ढेर, व्यापारियों का जीना दूभर

## शिकायत के बाद भी नगर प्रशासन पर नहीं हो रहा असर



जागरण, सीधी

शहर में गंदगी का आलम दिनों दिन बढ़ता जा रहा है लेकिन स्थानीय प्रशासन स्वच्छता को लेकर तनिक भी गंभीर नहीं दिख रहा है। जिसका सबसे बड़ा उदाहरण शहर के हृदय स्थल पर बनी पुरानी गल्ला मंडी का हैं, जहां कचरे का ढेर लंबे समय से जमा हुआ है लेकिन स्थानीय प्रशासन सूचना के बाद भी सफाई नहीं करा रहा है, यह आरोप है उस परिसर संचालित दुकानों के व्यापारियों का। पुरानी गल्ला मंडी परिसर में डंप कचरे के ढेर से व्यापारियों को गंदगी के बीच अपना कारोबार संचालित करना पड़ रहा है। वहीं उसकी गंध से आसपास के मुहल्ले में रहने वाले लोग भी परेशान हैं। उल्लेखनीय हैं कि नगर पालिका परिषद सीधी को हाल ही में स्वक्षता को लेकर सम्मानित किया गया है लेकिन यह सम्मान किस स्वक्षता की तस्वीर को देखकर दिया गया है। यह नगर वासियों के लिए अबूझ पहेली बना हुआ है। कारण कि नगर के 24 वार्डो में शायद ही कोई ऐसा मोहल्ला होगा जो पूरी तरह से स्वक्षता का रूप पाया होगा। जबकि सच्चाई यह है कि नगर पालिका परिषद सीधी की गली गली में कचरे का अंबर लगा हुआ है, आए दिन मुहल्ले वासियों द्वारा स्थानीय प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से आवाज भी उठाई जाती है लेकिन स्वक्षता को लेकर किसी के द्वारा ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। हालात यह है कि अब लोग अपने घरों के सामने तथा सड़क किनारे जमें कचरे को हटाने के लिए सीएम हेल्पलाइन का सहारा लेना शुरू कर दिए हैं। हालांकि इसका भी असर सिर्फ शिकायत कटवाने तक ही दिखाई देता है, जैसे ही शिकायत कटती है फिर व्यवस्था पुराने ढर्रे पर चल पड़ती हैं।

### गंदगी से मोहल्लेवासी परेशान

शहर के हृदय स्थल पर संचालित पुरानी गल्ला मंडी परिसर की तस्वीर जो समाचार के साथ दिखाई दे रही है उससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस मुहल्ले में रहने वाले लोगों का जीवन गंदगी के बीच किस तरह गुजर रहा होगा। स्थानीय मुहल्ले के रहवासियों ने मीडिया के माध्यम से अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए अर्से से लगे कचरे का ढेर हटवाने के लिए समाचार पत्र के माध्यम से कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए गुहार लगाई है।

# भंवरसेन में श्री पार्थिव शिवलिंग पूजन आज

**जागरण, सीधी।** भंवरसेन श्री शिव मंदिर संगम धाम में श्री पार्थिव शिवलिंग पूजन का आयोजन 31 जुलाई 2025 को किया जायेगा। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्री पार्थिव शिवलिंग पूजन प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक किया जायेगा। पूजन कार्यक्रम आचार्य सतीश पाण्डेय जी महाराज व्याकरणाचार्य ज्योतिष एवं वास्तुशास्त्र विशेषज्ञ श्री अयोध्या धाम के सानिध्य तथा राष्ट्रीय प्रवक्ता वैष्णवाचार्य डॉ. आदिकेशव रामानुजदास जी महाराज जगन्नाथपुरी की विशेष उपस्थिति में किया जायेगा। पं. पदुम शास्त्री अयोध्या धाम के साथ अन्य पुरोहित गणों की आयोजन में सहभागिता रहेगी। आयोजन से संबद्ध अजय शुक्ला अगहार, सत्यनारायण गुप्ता रघुनाथपुर, एड. राजेन्द्र वैस दुर्गापुर, सुखेन्द्र सिंह दुर्गापुर, ऋषि तिवारी चौरी सरपंच, रामजी तिवारी केवटिया, पुरानिक रैदुअरिया, कुलदीप मिश्रा शिकारगंज ने उक्त धार्मिक कार्यक्रम में शिव की कृपा पाने के लिए सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया है।

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान का समापन समारोह आयोजित

## रैली, गीत, शपथ और संवाद से गूंजा सीधी, नशा मुक्ति का लिया संकल्प



जागरण, सीधी

प्रदेशव्यापी विशेष अभियान नशे से दूरी है जरूरी के समापन अवसर पर दिनांक 30 जुलाई 2025 को थाना कोतवाली जिला सीधी में एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा, परिविक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षक सुजीत कड़वे, नवनियुक्त उप पुलिस अधीक्षक शुभम जैन, रक्षित निरीक्षक वीरेंद्र कुमरे सहित कोतवाली, यातायात एवं जमोड़ी थाना प्रभारी, एनजीओ ग्राम सुधार समिति के प्रतिनिधिगण सुरेंद्र शुक्ला एवं मीरा गौतम, पत्रकारगण, एनसीसी एवं स्काउट-गाइड के छात्र-छात्राएं एवं आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रभावी मंच संचालन रक्षित निरीक्षक वीरेंद्र कुमरे द्वारा किया गया। जिन्होंने उपस्थित अतिथियों का परिचय एवं वक्ताओं को आमंत्रित करते हुए कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित किया। समारोह की शुरुआत गांधी चौराहा स्थित पार्किंग स्थल से निकाली गई। नशा मुक्ति पैदल रैली से हुई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कोतवाली परिसर पहुंची। रैली के माध्यम से आमजन को नशा मुक्त जीवन की ओर प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में एनजीओ प्रतिनिधि सुरेंद्र शुक्ला ने जागरूकता गीत आओ मिलकर कसम हम यह खाएं, नशा दुनिया से दूर भगाएं प्रस्तुत कर सभी को प्रेरित किया। जनपद पंचायत अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार ने पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए गए इस अभियान की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों, सहभागी संस्थाओं एवं आम नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम के औपचारिक समापन की घोषणा की।



### नशे से लोगों को मुक्त रहने की है जरूरतः रवीन्द्र

पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में कहा कि 15 दिवसीय नशामुक्ति अभियान मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक के नेतृत्व में संपूर्ण प्रदेश में संचालित किया गया। यह अभियान केवल सीधी जिले तक सीमित न रहकर प्रदेश के प्रत्येक जिले, तहसील, थाना एवं चौकी तक पहुंचा, जिससे समाज के हर वर्ग तक नशा मुक्ति का संदेश प्रभावी रूप से पहुँचाया जा सके। बीते 15 दिनों के दौरान जिले भर में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, शासकीय संस्थानों, एनजीओ एवं समाज के सभी सक्रिय अंगों की भागीदारी से जन जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए, जिससे नशे के दुष्परिणामों को लेकर समाज में सजगता उत्पन्न हुई। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि यह अभियान केवल 15 दिनों तक सीमित न रहे, बल्कि इसे निरंतरता देते हुए हमें ऐसे लोगों को चिन्हित कर मदद करनी है जो नशे की गिरफ्त में हैं, ताकि वे पुनः सामान्य जीवन में लौट सकें।

# आनंद संस्थान के तत्वाधान में मनाया अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस






**जागरण, पन्ना।** आनंद संस्थान पन्ना के नोडल अधिकारी अशोक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आज पवई के शासकीय माध्यमिक शाला नारायणपुरा में स्वेच्छा आनंद क्लब ने शिक्षकों एवं बच्चों के बीच अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस मनाया। मास्टर ट्रेनर सतानंद पाठक ने कहा कि सहपाठी के अलावा किताबें, प्रकृति एवं बड़े बुजुर्ग, शिक्षक भी हमारे मित्र हो सकते हैं, जिनके समन्वय से हम जिंदगी में किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार होते हैं और सफलता की ओर अग्रसर होते हैं। श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता अनुकरणीय है। यह किसी अमीरी, गरीबी पर निर्भर नहीं थी। ऐसे ही मित्रता भी केवल निस्वार्थ भावों से होती है, जिसमें जीवन भर हर सुख-दुख में मित्रता निभाने का संकल्प होता है। सहायक संचालक नम्रता जैन के द्वारा बच्चों को संकल्प दिलाया गया कि प्रकृति और किताबों को अपना मित्र बनाकर उनका जिंदगी भर साथ निभायेंगे और प्रकृति की सभी चीजों का सम्मान करते हुए उनसे मित्रवत व्यवहार करेंगे। उदाहरणस्वरूप समझाया गया कि जैसे केंचुए किसानों के मित्र होते हैं, प्रकृति भी मित्रता का व्यवहार करती है, लेकिन हम कैसा व्यवहार कर रहे हैं, हमारे अंदर स्वीकृति का भाव होने पर ही हम अच्छे कार्य कर सकेंगे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने एक दूसरों को राखियां बांधी। छात्रा सरस्वती कोरी ने अपनी पूरी क्लास को अपना दोस्त बनाया। अंजना चौधरी ने दोस्ती पर कविता एवं गाने जैसे ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे सुनाएं। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका माया खरे एवं राघवेन्द्र सिंह, सिद्धार्थ सागर, देवेन्द्र द्विवेदी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। आनंद संस्थान के तत्वाधान में अजयगढ़ में भी कृषि उपज मंडी प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस का कार्यक्रम हुआ। अजयपाल आनंद क्लब द्वारा इसका आयोजन किया गया।

## ग्राम कृष्ण गढ़ में संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव

**जागरण, पन्ना।** जिले के पवई थाना अंतर्गत ग्राम कृष्णगढ़ में एक पच्चीस वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ है जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल रही है उक्त मामले में हत्या की आशंका जताई जा रही हैं मृतक का नाम लोकपाल लोधी है घटना की जानकारी स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को दी गई पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर पंचनामा बनाया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए पवई भेजा गया है पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना 20वीं किश्त राशि का वितरण 2 अगस्त को

**जागरण, पन्ना।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत 20वीं किश्त राशि का वितरण शनिवार, 2 अगस्त को किया जाएगा। इसे पीएम किसान दिवस के रूप में भी मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी उत्तरप्रदेश से हितग्राहियों को योजना की राशि अंतरित करेंगे। इस कार्यक्रम का विभिन्न स्थानों पर सीधा प्रसारण भी सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने पीएम किसान दिवस एवं राशि वितरण कार्यक्रम में हितग्राहियों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं जनपद पंचायत सीईओ को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

# स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण

### 8 अगस्त को होगा सीट आवंटन

**जागरण, पन्ना।** उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2025-26 के लिए महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण के लिए समय सारणी जारी की है। जारी समय सारणी के अनुसार सत्र 2025-26 में स्नातकोत्तर कक्षाओं में मेजर माइनर विषयों में और मेजर एवं माइनर विषय के अतिरिक्त अन्य विषय में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी, 31 जुलाई से 3 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 31 जुलाई से 4 अगस्त तक होगा। मेजर माइनर के अलावा अन्य विषयों में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को साक्षात्कार के दिनांक, स्थान एवं समय की सूचना 5 अगस्त को दी जाएगी। मेजर माइनर के अलावा अन्य विषयों में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के साक्षात्कार एवं पोर्टल पर पात्रता की प्रविष्टि 6 से 7 अगस्त तक होगी।

विद्यार्थियों को महाविद्यालयों में सीट का आवंटन 8 अगस्त को होगा। आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान 8 से 14 अगस्त तक किया जा सकेगा। आवंटित महाविद्यालय में शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि तक प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदकों का ही प्रवेश मान्य होगा और प्रवेश शुल्क का भुगतान न होने की अवस्था में प्रवेश मान्य नहीं माना जाएगा। यह भी स्पष्ट किया गया है कि विद्यार्थियों के लिए प्रवेश के लिए यह अंतिम चरण होगा।

# दिव्यांग छात्र-छात्राओं को वितरित किये गए साइकिल एवं उपकरण



**जागरण गोहपारू।** जनपद शिक्षा केंद्र गोहपारू में विभिन्न शासकीय शालाओं में अध्ययनरत 6 से 14 वर्ष तक के दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर के उपरांत चिंहित विद्यार्थियों को उपकरण वितरण किया गया। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) जबलपुर के विशेषज्ञों द्वारा व्हीलचेयर, ट्राईसाईकिल, वैशाखी, एल्बो क्रय, ब्रेल स्लेट, ब्रेल किट, एमएसआईईडी किट, हियरिंग ऐड, सीपी चेयर, बड़ा रोलेटर आदि उपकरणों का वितरण कर उनके उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई। उपकरण वितरण शिविर में जनपद सदस्य गोहपारू सैलजा सिंह, सरपंच श्री दलवीर सिंह, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक लक्ष्मीकांत द्विवेदी सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

# महिला रसोइया समिति ने जिला कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पन्ना को सौंपा ज्ञापन

### जिले के मध्यान्ह भोजन एवं सांझा चूल्हा अंतर्गत निर्माण कार्य ठेका में न दिया जाए



**जागरण, पन्ना।** स्व सहायता समूह से जुड़ी रसोईया बहनों ने मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत पन्ना उमराव सिंह मरावी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की प्रदेश के स्व सहायता समूह रसोईया बहनों को मध्यान भोजन का कार्य दिया जाए बहनों को बेरोजगार ना किया जाए तत्काल प्रभाव से मेंकेनाइज्ड केंद्रीकृत किचन स्थापित योजना पर तत्काल रोक लगाई जाए निम्न बिंदुओं पर समूह की बहनों ने मांगों को पूरा करने के लिए शासन से अपेक्षा की है रसोइया बहनों का कहना है महिला समूह को सशक्त बनाने हेतु सकारात्मक कदम उठाए जाएं प्रदेश की समस्त रसोईया बहनों को मानदेय 4000 से बढ़कर 10000 किया जाए रसोईया बहनों का मानदेय 15 दिवस माह जून 24 का अप्राप्त है जो दिलाया जाए पन्ना जिले की किचन शेड कही-कही क्षतिग्रस्त हैं उनका सुधार कराया जाए जिले के किचन शेड में कही-कही बर्तनों का अभाव है बर्तनों की पूर्ति कराई जाए प्रदेश में समस्त सांझा चूल्हा अंतर्गत रसोइयों का मानदेय ?500 से बढ़ाकर ? 2000 प्रतिमाह किया जाए पन्ना जिले के समस्त सामूह संचालको को खाद्यान 40₹ दिया जाता है जिसे बढाकर 100₹ की मांग से दिलाया जाए जिला प्रभारी स्व- सहायता समूह पन्ना के नेतृत्व में सैकड़ो महिलाओं ने जिला पंचायत कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी, अशोक चतुर्वेदी से मौखिक निवेदन भी किया।

## बलराम जयंती एवं जन्माष्टमी पर्व की तैयारी बैठक शुक्रवार को

**जागरण, पन्ना।** आगामी 14 अगस्त को बलराम जयंती एवं 16 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व आयोजन की रूपरेखा निर्धारित करने एवं आवश्यक तैयारियों के दृष्टिगत शुक्रवार, 1 अगस्त को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शाम 4 बजे से बैठक का आयोजन किया गया है। यह तैयारी बैठक कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में होगी। संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम ने बैठक में समस्त शासकीय एवं अशासकीय सदस्यों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## सीएसपी आफिस में दिया गया प्रशिक्षण

**जागरण सतना।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में किया गया इस दौरान जिला लोक अभियोजन अधिकारी नरेश गुप्ता सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह चौहान टी आई कोतवाली रावेंद्र द्विवेदी कोलगवा टी आई सुदीप सोनी सिविल लाइन टी आई योगेंद्र सिंह परिहार सहित पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

**न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला रीवा (म0प्र0)**

प्रकरण क्रमांक -0215/निगरानी/2024-25
रीवा दिनांक 11.07.2025

01. बिन्द्रा प्रसाद तिवारी पिता स्व. लालजी तिवारी उम्र 65 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 14 नगर परिषद त्योंथर (चिल्ला कला) तहसील त्योंथर जिला रीवा मध्यप्रदेश ............ निगरानीकर्ता

बनाम

01. राजमती पत्नी स्व. मिठाईलाल गुप्ता, निवासी ग्राम चिल्ला कला तहसील त्योंथर जिला रीवा (म.प्र.) .....गैर निगरानीकर्ता।

//आम इश्तहार//

गैर निगरानीकर्ता राजमती पत्नी स्व. मिठाईलाल गुप्ता निवासी ग्राम चिल्ला कला तहसील त्योंथर जिला रीवा (म.प्र.) को सूचित किया जाता है कि निगरानीकर्ता बिन्द्रा प्रसाद तिवारी पिता स्व. लालजी तिवारी उम्र 65 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 14 नगर परिषद त्योंथर (चिल्ला कला) तहसील त्योंथर जिला रीवा मध्यप्रदेश के द्वारा तहसीलदार तहसील त्योंथर जिला रीवा मध्यप्रदेश के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0024/अ-70/2024-25 आदेश दिनांक 22.11.2024 के विरूद्ध मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 50(ग) के तहत निगरानी प्रस्तुत की गई है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 04.08.2025 को पेशी नियत है।

अतः गैर निगरानीकर्ता राजमती पत्नी स्व. मिठाईलाल गुप्ता निवासी ग्राम चिल्ला कला तहसील त्योंथर जिला रीवा (म.प्र.) को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण की पेशी दिनांक 04.08.2025 को समय 11:00 बजे दिन स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की सुनवाई की कार्यवाही में भाग लें, गैर निगरानीकर्ता के उक्त दिनांक एवं समय में अनुपस्थित रहने पर गैर निगरानीकर्ता के विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अपर कलेक्टर
जिला-रीवा (म.प्र.)
RN- 82589

## कृषकों को दी रबी की फसल में पौध सुरक्षा की सलाह

**रीवा।** कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एस के त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं डॉ राजेश सिंह प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र के निर्देशन में ग्राम अजगरहा में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत केंद्र के पौध सरंक्षण वैज्ञानिक डॉ अखिलेश कुमार द्वारा कृषकों को कीट रोग और खरपतवार प्रबंधन पर सलाह दी गयी। डॉ अखिलेश कुमार ने कृषकों के खेत में लगी वर्तमान समय में प्रमुख फसलों में चावल, अरहर, उड़द, बैगन, भिंडी में लगने वाले चूषक एवं चूषक एवं काटने वाले कीटों के नियंत्रण के लिए थायोमेथोक्जाम एवं लैम्बडासायलोथ्रीन की मिश्रित दवा की 300 मिली/हे छिड़काव करने की सलाह दी।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## आवश्यकता है

ऑफिस कार्य हेतु युवतियों एवं महिलाओं की योग्यता 10th, 12th से ग्रेजुएशन मान्य है। सैलरी 5,000 कमीशन के साथ 10,000 से 15,000 महीना कमाएँ।

**पता :** सिविल लाईन राजेन्द्र नगर, गली नं.-2 सतना (म.प्र.)
मो.:9109962545, 6265806126
आर.-82693(1/8)

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 456 छात्र-छात्रायें होंगे शामिल

**जागरण सतना।** म.प्र. पर्यटन विभाग द्वारा म.प्र. पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 का जिला स्तरीय आयोजन लिखित एवं मल्टीमीडिया राउंड 1 अगस्त को एकेएस यूनिवर्सिटी शेरगंज सतना में किया जायेगा। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने बताया कि जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के अध्ययनरत विद्यार्थियों को पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 के लिए सतना जिले के 152 विद्यालयों के 456 छात्र-छात्राओं ने अपना आनलाइन पंजीयन करवाया है। संबंधित संस्थाओं के प्राचार्य 1 अगस्त को प्रातः 8.30 बजे के पूर्व एकेएस यूनिवर्सिटी शेरगंज सतना में विद्यालय की टीम एवं एक मार्गदर्शी शिक्षक को उपस्थित कराना सुनिश्चित करे। प्रति विद्यालय जिन तीन प्रतिभागी छात्र-छात्राओं एवं मागदर्शी शिक्षक का आनलाइन पंजीयन हुआ है प्रतियोगिता में उन्हीं की सहभागिता मान्य होगी। किसी भी स्थिति में पंजीकृत प्रतिभागी को अन्य प्रतिभागी से प्रति स्थापित नहीं किया जायेगा। प्रतियोगिता के समय चक्र के अनुसार 1 अगस्त को प्रातः 9 से 10 बजे तक पंजीयन कार्य होगा तथा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रथम चरण में लिखित परीक्षा आयोजित होगी। इसके बाद दोपहर 12 से दोपहर 2.30 बजे तक भोजन तथा मूल्यांकन का कार्य किया जायेगा। दोपहर 2.30 से सायं 4.30 बजे तक क्विज प्रतियोगता मल्टीमीडिया का आयोजन किया जाएगा। सायं 4.30 से सायं 5.30 तक पुरूस्कार का वितरण का कार्यक्रम होगा।

# देश एवं स्वयं के भविष्य के लिये युवा नशे का त्याग करें

### जीडीसी के समाजशास्त्र विभाग में ली गयी शपथ



**जागरण, रीवा।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में महाविद्यालय की प्राचार्य मेजर डॉ विभा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में नशामुक्ति अभियान चलाते हुए परिसर सहित रीवा नगर को नशामुक्त बनाने की शपथ ली गई। इसके पूर्व नयी शिक्षा नीति के अन्तर्गत बीए चतुर्थ वर्ष की छात्राओं की परियोजना मौखिकी के बाह्य परीक्षक के रूप में आये रायपुर कर्चुलियान महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ वरुण शुक्ला ने भी विषयान्तर्गत विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रचना श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक डॉ मनीषा द्विवेदी, तकनीकी सहायक पीयूष सोधया , डॉ मुकेश येंगल तथा छात्रायें उपस्थित रहीं। छात्राओं को सम्बोधित करते हुए मेजर डॉ विभा श्रीवास्तव ने कहा कि महाविद्यालय में अध्ययन के दौरान प्रत्येक छात्राओं को पूर्ण गरिमा के साथ अपना आचरण रखना चाहिये और समय पर कैरियर के लिहाज से अध्ययन करना चाहिये। युवा इस समय नशे की चपेट में हैं, इसमें रीवा जिला भी शामिल है। पुलिस विभाग द्वारा भी अनवरत प्रयास किया जा रहा है कि युवा नशे की लत से दूर रहें तभी उनका और देश का भविष्य सुरक्षित हो पायेगा। उन्होंने नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान की जानकारी दी। डॉ रचना श्रीवास्तव अपने व्यख्यान में कहा कि नशा, नाश की जड़ है, इससे बचना बहुत जरूरी है, हमें अपने शहर को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. मनीषा द्विवेदी ने छात्राओं को भविष्य की शुभकामनायें देते हुए आभार व्यक्त किया।

## उपनाम सुधार सूचना

मैं श्रीमती सुधा उर्मलिया उम्र 47 वर्ष पति श्री अरुण उर्मलिया निवासी वार्ड नं.5- एच.आई.जी. 245, पदमधर कॉलोनी ढेकहा रीवा तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. की हूं। मेरे कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम सुधा उर्मलिया दर्ज है जैसे आधार कार्ड, मतदाता कार्ड इत्यादि परन्तु कुछ पुराने दस्तावेजों पर मेरा नाम सुधा शर्मा दर्ज है, यह दोनो नाम मेरे ही है परन्तु अब मुझे सभी दस्तावेजों पर अपना उपनाम शर्मा से उर्मलिया दर्ज कराना है साथ ही जहाँ कही किसी भी दस्तावेजों में सुधा शर्मा नाम दर्ज हो वहाँ सुधा उर्मलिया नाम दर्ज किया जाये व सुधा उर्मलिया लिखा, पढ़ा, व माना जाये।

श्रीमती सुधा उर्मलिया
RN-82587

## नाम सुधार सूचना

मै अलका देवी पाण्डेय पति श्री राजेश प्रसाद पाण्डेय निवासी एन.एच.-7 रामनई सिरखिनी जिला रीवा (म.प्र.) की निवासी हूं आधार न0 2663 8339 7430 है एवं शपथ पूर्वक करती हूँ कि मै उपरोक्त स्थायी पते की निवासी हूँ। मेरा जीवन बीमा पॉलिसी LIC जिसका पॉलिसी क्रमाकं 357111153 है जिसमें मेरा नाम चंदन देवी पाण्डेय (CHANDAN DEVI PANDEY) दर्ज है, जबकि मेरे अन्य दस्तावेजो जैसे बैंक पास बुक, आधार कार्ड तथा पैन कार्ड में मेरा नाम अलका देवी पाण्डेय (ALKA DEVI PANDEY) दर्ज है। चंदन देवी पाण्डेय व अलका देवी पाण्डेय दोनो मेरे ही नाम है जो सही व सत्य है। अतः मेरे पॉलिसी बांड मे मेरा नाम चंदन देवी पाण्डेय (CHANDAN DEVI PANDEY) की जगह अलका देवी पाण्डेय (ALKA DEVI PANDEY) दर्ज किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

अलका देवी पाण्डेय
RN-82731

## आम सूचना

छोटे भाई द्वारा माँ के नाम पर व हम लोगों के नाम पर उतरी हुई वारिसाना के संबंध में। आराजी नं. 175/2 (S) रकवा 1.0110 हे. ग्राम पतारी तहसील रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा (म.प्र.) की जमीन मेरे द्वारा पिता स्व. लालता प्रसाद दुबे के नाम क्रय की गई थी जो कई वर्ष पूर्व खरीदी गई थी व और कुछ पुस्तैनी जमीन थी खसरा नम्बर 696/2(S) रकवा 0.01970 हे. व 697/5 (S) रकवा 0.0540हे. व 698/3 (S) रकवा 0.1960हे. व 701/7(S) रकवा 0.3230 हे. इसका कुल रकवा 0.7700हे. जोकि ग्राम मनिकवार तहसील रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा में कृषि योग्य भूमि पिता की मृत्यु के बाद वारिसाना के रूप में माँ शान्ती देवी पुत्र रामउजागर दुबे व छोटा भाई रोहिनी प्रसाद दुबे के नाम वारिसाना हुआ मेरी माँ काफी वृद्ध है और छोटा भाई रोहिणी के तरफ पूरा झुकाव है। जबकि उसके खाने रहने की व्यवस्था मेरे द्वारा की जाती है। और मैं पेट पालने हेतु गाँव से बाहर रहता हूँ। मेरे ना रहने पर मेरा परिवार व्यवस्था करता है। क्योंकि रोहिनी प्रसाद दुबे इस प्रापर्टी को लेने के हिसाब से अब अपनी नजदीकी बनाने लगे है। अतः सर्वविदित हो की इस आराजी में मेरा रामउजागर दुबे, रोहिनी प्रसाद दुबे 1/2 का हिस्सा है। इस सूचना के हिसाब से यदि रोहिनी प्रसाद दुबे द्वारा माँ से किसी प्रकार से लेख दसखत व अगूंठा लगवाएगे तो वह अमान्य समझा जाये।

दिनांक: 30/07/2025

भवदीय
रामउजागर दुबे
ग्राम मनिकवार पोस्ट मनिकवार
जिला रीवा (म.प्र.)
मो.नं.-9926552610
RN-82732

## मकान किराए से देना है

मकान किराए से देना है 2 रूम लेट्रिन बाथरूम अटैच आनंदनगर केरला पब्लिक स्कूल के पास में देना है।

**सम्पर्क करें:-** 8085307703
(31/07)

## उपनाम सुधार सूचना

मैं अरुण उर्मलिया उम्र 54 वर्ष पिता स्व. रामसखा उर्मलिया निवासी वार्ड नं. 5- एच.आई.जी. 245, पदमधर कॉलोनी ढेकहा रीवा तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. का हूं। मेरे कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम अरुण उर्मलिया दर्ज है जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता कार्ड इत्यादि परन्तु कुछ पुराने दस्तावेजों पर मेरा नाम अरुण शर्मा दर्ज है, यह दोनों नाम मेरे ही है परन्तु अब मुझे सभी दस्तावेजो पर अपना उपनाम शर्मा से उर्मलिया दर्ज कराना है साथ ही जहाँ कही किसी भी दस्तावेजों में अरुण शर्मा नाम दर्ज हो वहाँ अरुण उर्मलिया नाम दर्ज किया जाये व अरुण उर्मलिया लिखा, पढ़ा, व माना जाये।

अरुण उर्मलिया
RN-82588

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड सीधी (म.प्र.)

सम्राट चौराहा के पास, ई-मेल eephedsid@nic.in फोन नम्बर 07822-292508
निविदा सू.क.05/नि.प्र./व.ले.लि./का.य./लो.स्वा.यां.वि./25-26
सीधी दिनांक 28.07.2025

निम्न कार्यों हेतु निविदा का आनलाईन बेबसाइट http//mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 12.08.2025 सायं 5:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 14.08.2025 को 11:00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति उपरोक्त बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

Name of work-Balance work of Retrofitting Work of Piped Water Supply Scheme to achieve the target of JJM for supplying water at every doorstep through functional household tap connection (i.e.100%FHTC"s) in Villages Gijwar Block-Majhouli District-SIDHI.

| S. N. | Tender ID | Name of scheme village | PAC(Rs. in Lakh) | E-EMD in Rs | Cost of Tender | NO.Of Calls |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE_PHED_440462_1 | गिजवार ब्लाक मझौली | 114.13 | 114130 | 12500.00 | Ist Call |

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
खण्ड सीधी (म.प्र.)

G-16490/25

## मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल

ऑफर सुविधा www.mphousing.in/www.mponline.gov.in पर उपलब्ध

यथा स्थिति
प्रियदर्शिनी नगर जमोड़ी सीधी एवं पचखोरा कॉलोनी बैढ़न में आवासीय भूखण्ड ऑफर द्वारा क्रय करने का सुनहरा अवसर

ऑफर आमंत्रण की अंतिम तिथि 18.08.2025 एवं ऑफर खोलने की तिथि 22.08.2025

| क्र. | कॉलोनी का नाम | संपत्ति का प्रकार/क्रमांक | भूखण्ड का क्षेत्रफल (व.मी.) | भूखण्ड का अपसेट मूल्य (प्रति नग/रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) | आवेदन शुल्क (रुपये) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रियदर्शिनी नगर जमोड़ी, सीधी | HIG 766 | 224.90 | 52.39 | 7.86 | 1180/- |
| | | HIG 773 | 221.40 | 49.43 | 9.89 | 1180/- |
| | | HIG 774, 813, 814 | 198.00 | 40.48 | 8.10 | 1180/- |
| | | HIG 779 | 139.562 | 33.12 | 6.62 | 1180/- |
| | | HIG 809 | 188.10 | 38.54 | 7.71 | 1180/- |
| | | HIG 815 | 263.655 | 58.56 | 11.71 | 1180/- |
| | | MIG 835 | 54.00 | 11.75 | 2.35 | 1180/- |
| | | MIG 840, 842, 850 | 135.00 | 27.40 | 5.48 | 1180/- |
| | | LIG 880 | 45.00 | 8.80 | 1.76 | 590/- |
| | | LIG 871, 933, 966 | 40.50 | 8.05 | 1.61 | 590/- |
| | | LIG 985 | 40.50 | 8.73 | 1.75 | 590/- |
| 2. | पचखौरा कॉलोनी, बैढ़न | Comm. Plot No. 01 | 538.05 | 118.07 | 17.71 | 1770/- |
| | | Comm. Plot No. 02 | 417.17 | 91.52 | 13.73 | 1770/- |
| | | School Plot | 894.00 | 65.12 | 9.77 | 1770/- |

**नोट :** (1) संपत्ति के ऋण हेतु बैंक/वित्तीय संस्थानों से उपलब्ध हैं। अत: ऑफर प्रस्तुत करने से पूर्व संपत्ति का अवलोकन कर लें। स्वयं के कारणों से ऑफर निरस्त कर राशि वापस मांगने पर धरोहर राशि का 50% कटौती कर शेष राशि वापस की जावेगी। शासन/मण्डल द्वारा निर्धारित अन्य कर शुल्क प्रभार एवं लीजरेंट इत्यादि पृथक से देय होंगे। आवेदन एवं धरोहर राशि ऑनलाइन/RTGS के माध्यम से जमा होगी। (2) रजिस्टर्ड मोबाइल पर BID-ID प्राप्त होगी। (3) मण्डल/शासन के नियम/शर्तें लागू।

● आवेदन/धरोहर राशि जमा करने की **अंतिम तिथि 18.08.2025.** ● ऑफर BID डालने की **अंतिम तिथि 20.08.2025 शाम 5:00 बजे।** ● ऑफर **दिनांक 22.08.2025 को दोपहर 3:00 बजे** खोला जावेगा। ● विस्तृत शर्तें एवं नियम विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध।

**संपर्क : संपदा अधिकारी मो. 9109055748, संपदा प्रबंधक मो. 6260895948, सहायक यंत्री मो. 9826827420, MP ONLINE HELPLINE No. 0755-6720200**

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।

Follow us on /mphidb /mphidb

Visit us : www.mphousing.in
म.प्र. माध्यम/121343/2025

## पुलिस अधीक्षक ने किया बस स्टैंड पुलिस चौकी का उद्घाटन



छतरपुर । शहर के बस स्टैंड पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ने नई पुलिस चौकी का शुभारंभ किया। इस चौकी में हेलमेट बैंक सेवा भी शुरू की गई, साथ ही नशा मुक्ति अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि पहले बस स्टैंड पर यातायात थाना संचालित था, जिसे बिजावर नाका के नए भवन में स्थानांतरित कर दिया गया। पुराने रिक्त भवन का नवीनीकरण कर कोतवाली थाना पुलिस ने इसे पुलिस चौकी के रूप में तैयार किया। यह चौकी बस स्टैंड क्षेत्र में अपराधों पर निगरानी, यातायात नियंत्रण और यात्रियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सक्रिय केंद्र के रूप में काम करेगी। चौकी में छत्रसाल चौराहे की तर्ज पर हेलमेट बैंक सेवा भी शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि जो दोपहिया वाहन चालक हेलमेट भूल जाते हैं, वे वाहन पंजीकरण और आधार कार्ड नंबर दर्ज कर निश्शुल्क हेलमेट ले सकेंगे और 24 घंटे में इसे जमा कर देंगे। इसके अलावा एसपी श्री जैन ने नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया ।

## आकाशवाणी तिराहे पर ग्रामीणों का चक्काजाम, मवेशियों की चोरी से नाराज़ लोग उतरे सड़कों पर

छतरपुर। शहर के आकाशवाणी तिराहे पर बुधवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने मवेशियों की लगातार हो रही चोरी और पुलिस की निष्क्रियता के विरोध में चक्काजाम कर दिया। दोपहर करीब 1 बजे शुरू हुआ यह प्रदर्शन लगभग पौन घंटे तक चला, जिससे रीवा-ग्वालियर और सागर-कानपुर हाईवे पर आवागमन पूरी तरह प्रभावित रहा। प्रदर्शनकारियों में सिविल लाइन थाना क्षेत्र और सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल रहे। ट्रैक्टरों के साथ ग्रामीण एसपी ऑफिस तक पहुंचे और फिर आकाशवाणी तिराहे पर पहुंचकर नारेबाजी करते हुए सड़क को जाम कर दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कांटी, बरकौहां, गंगायच, बसाटा, कदारी, श्यामरी, सिमरिया, कर्री सहित आसपास के कई गांवों में मवेशियों की चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं।

# लोकार्पण के बाद भी नया बस स्टैंड पड़ा वीरान

### विधायक अरविंद्र पटेरिया द्वारा नए बस स्टैंड का उद्घाटन करने के बाद भी नहीं शुरू हुआ बस स्टैंड नगर में आज भी ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित

**जागरण, लवकुश नगर ।** नगर में ट्रैफिक जाम की स्थिति से निपटने के लिए चंदला रोड पर करीब 80 लाख की लागत से नए बस स्टैंड का निर्माण किया गया था। जिसमें बस स्टैंड के आमने सामने दुकानें भी निकाली गई थीं, प्रशासन की तरफ से इन दुकानों की बोली भी लगाई थी और खरीददारों ने इन दुकानों को ऑनलाइन बोली के हिसाब से अपने अपने नाम भी कर लिया था वहीं बस स्टैंड पर सीसी रोड़ एवं प्रकाश के लिए बड़ी बड़ी लाइट भी लगाई गई थी, लेकिन अभी तक बस स्टैंड पर वाहनों के रुकने के निर्देश प्रशासन की तरफ से नहीं दिए गए है। कुछ दिन पहले ही राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया ने नगर में निर्मित कई विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया था जिसमें नगर के नया बस स्टैंड का लोकार्पण भी शामिल था।

**बस्ती के अंदर जगह जगह बसें खड़ी होने से लगता है जाम :** नगर में इस समय कई अवैध बस स्टैंड बने हुए है जिसमें महोबा रोड पर पुरानी नगर परिषद के सामने, नगर के बीचों बीच बने स्वामी विकेकानंद पार्क के सामने, गल्ला मंडी रोड के पास, विश्राम गृह के सामने, जिसका जहां मन होता है वो अपने वाहन को वहां खड़ा कर देता है जिससे आए दिन जाम की दशा बन जाती है।



**नगर में कही भी नहीं है पार्किंग की व्यवस्था:** नगर में इस समय कही भी वाहन खड़े करने की व्यवस्था नहीं है जिससे खरीददारी करने वाले लोग अपने वाहन को रोड पर खड़ा करके चले जाते है जिससे राहगीरों और दुकानदारों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। वही वीरान पड़े नए बस स्टैंड पर लगी स्ट्रीट लाइटों की समय समय पर मरम्मत न होने से रात में अंधेरा बना रहता है और इसी अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व यहां डेरा डालकर शाम को महफिल सजा कर बैठ जाते है।

## कियोस्क संचालक द्वारा 12 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर । पठापुर रोड स्थित एसबीआई कियोस्क संचालक द्वारा आम लोगों से धोखाधड़ी कर लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। इस संबंध में सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में बीते दिनों करीब 12 से 14 पीड़ितों ने शिकायत दर्ज कराई थी। सभी पीड़ितों ने बताया कि वे अपने पैसे एसबीआई कियोस्क संचालक अरविंद रैकवार के पास जमा कर रहे थे, लेकिन उनके पैसे बैंक में जमा न होकर संचालक के पास ही रह गए। सीएसपी अरुण कुमार सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी अरविंद रैकवार ने लोगों को पैसे डिपॉजिट और विथड्रॉल कराने के नाम पर गुमराह किया और रकम का उपयोग अपने निजी हित में कर लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि संचालक ने करीब 10 से 12 लाख रुपये का गबन किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उसके कियोस्क से कंप्यूटर और अन्य सामग्री भी जब्त की गई है। फिलहाल पुलिस आरोपी की फंड ट्रांजेक्शन चैन को ट्रैक कर रही है ताकि और जानकारी जुटाई जा सके।

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान का भव्य समापन

### नशा नाश का घर नशे से दूर रहें पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह

**जागरण, डिंडोरी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार नशे से दूरी है ज़रूरी जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत डिण्डौरी जिले में आज समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम रक्षित केन्द्र, डिण्डौरी पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया, जहाँ विशेष शपथ ग्रहण समारोह एवं जनजागरूकता रैली का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी श्रीमति वाहनी सिंह की अध्यक्षता में समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से नशामुक्ति की शपथ ली तथा समाज को भी नशामुक्त बनाने में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में एसडीओपी डिण्डौरी श्री सतीष द्विवेदी, डीएसपी महिला सुरक्षा श्री पुरूषोत्तम मरावी, थाना प्रभारी कोतवाली श्री दुर्गा प्रसाद नगपुरे, थाना प्रभारी यातायात श्री सुभाष उईके, प्रभारी रक्षित निरीक्षक श्री कुंवर सिंह ओलाडी सहित अनेक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, नशा मुक्ति केंद्र के पदाधिकारी एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।जिले के सभी थाना एवं चौकियों में भी अभियान के समापन के तहत विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं ।



**थाना गाड़ासरई :** ग्राम बोन्दर बाजार में जनसमुदाय को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा बच्चों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

**चौकी अमरपुर:** ग्रामीणों, रक्षा समिति सदस्यों और पुलिस स्टाफ से हस्ताक्षर कराकर नशामुक्ति का संकल्प लिया गया।

**थाना करंजिया :** शासकीय महाविद्यालय करंजिया में जागरूकता रैली आयोजित की गई जिसमें 40 से 50 छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण सम्मिलित हुए।

**चौकी विक्रमपुर :** ग्राम दर्री मोह में ग्रामीणों को नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया गया।

# नशे से दूरी है जरुरी पखवाड़ा का समापन

### पुलिस लाईन से निकाली गई जनजागरूकता रैली नशा पहले घर फिर समाज का नाश करता है कलेक्टर

**जागरण, मंडला ।** मध्यप्रदेश पुलिस विभाग की ओर से 'नशे से दूरी, है जरूरी' पखवाड़ा 15 जुलाई से 30 जुलाई तक आयोजित किया गया। जिसमें नशे के विषय में लोगों को जागरूक करने तथा नशे से दूरी के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। बुधवार को इस पछवाड़े के समापन अवसर पर विशाल जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। स्थानीय पुलिस ग्राउंड से प्रारंभ हुई इस रैली को कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा तथा नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, सीआरपीएफ कमांडेंट श्री विक्रांत सरंगपंत, असिस्टेंट कमांडेंट, एडिशनल एसपी श्री शिवकुमार वर्मा, एसडीओपी श्री पीयुष मिश्रा सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे। यह रैली जिले में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से की गई। पुलिस लाइन से शुरू हुई रैली जिला मुख्यालय के प्रमुख मार्गों से गुजरी और स्टेडियम ग्राउंड में संपन्न हुई। समापन के अवसर पर सभी को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस रैली में बड़ी संख्या में नागरिकों, छात्रों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



# कान्हा टाइगर रिजर्व द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस का आयोजन

**जागरण, मंडला।** कान्हा टाइगर रिजर्व द्वारा भारत ज्योति विद्यालय मण्डला में अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अंतर्गत बाघ संरक्षण संबंधी चेतना के प्रचार-प्रसार एवं क्षेत्रीय गतिविधियों से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री एस.एस. उद्दे सेवानिवृत मुख्य वन संरक्षक, सुश्री पूजा नागले वनमण्डलाधिकारी उत्पादन, श्री हरीश बघेल संभागीय प्रबंधक मोहगांव प्रोजेक्ट, डॉ. संदीप अग्रवाल वन्यप्राणी चिकित्सक, श्री चन्द्रेश खरे मानसेवी वन्यजीव अभिरक्षक, श्री राजेश क्षत्री सेवानिवृत शिक्षक एवं भारत ज्योति विद्यालय के उप प्राचार्य तथा कान्हा टाइगर रिजर्व के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री एस.एस. उददे सेवानिवृत मुख्य वन संरक्षक द्वारा बाघ संरक्षण एवं स्थानीय समुदायों के सहयोग पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विगत 10 दिवसों में विभिन्न परिक्षेत्रों में आयोजित प्रतियोगिताएँ जैसे-मिट्टी कलाकृति निर्माण, मेहंदी, चित्रकला, पोस्टकार्ड लेखन इत्यादि के परिणामों की घोषणा कर विजेताओं को पुरूस्कृत किया गया तथा विगत वर्ष में वन्यप्राणी रेस्क्यू अभियानों में सहयोग प्रदान करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न परिक्षेत्रों से आए स्कूली छात्र/छात्राओं एवं ग्रामीणों द्वारा बैगा नृत्य, बाघ नृत्य, लोक नृत्य व गायन के माध्यम से बाघ संरक्षण का संदेश प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा बाघ संरक्षण की शपथ लेकर हस्ताक्षर किये गये।



## निरीक्षण में उजागर हुई अनियमितताएं

# डीएम ने दिए अधीक्षक को हटाने, ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश

**जागरण ,डिंडोरी।** जिले के विकासखंड बजाग अंतर्गत कलेक्टर नेहा मारव्या ने बुधवार को शासकीय संस्थाओं, छात्रावासों और आंगनवाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत जानी। इस दौरान कई स्थानों पर लापरवाही, अनियमितता और गुणवत्ता में भारी कमी पाई गई, जिस पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।निरीक्षण की शुरुआत ग्राम बोंदर के आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास से हुई, जहां अधीक्षक मदन सिंह कुशराम अनुपस्थित पाए गए। छात्रावास में भोजन की गुणवत्ता खराब पाई गई तथा निरीक्षण के समय एक भी छात्र मौजूद नहीं था। साफ-सफाई और पेयजल की स्थिति खराब मिलने पर कलेक्टर ने सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग को अधीक्षक के स्थान पर नई पदस्थापना के निर्देश दिए। साथ ही खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांच हेतु एसडीएम और सहायक आयुक्त को दो दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।डुमरटोला प्राथमिक शाला और घोपतपुर आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण में कलेक्टर ने बच्चों से पाठ्यपुस्तकों से सवाल पूछे और शिक्षकों को टाइम टेबल के अनुसार पढ़ाने के निर्देश दिए। वहीं, नवीन आंगनवाड़ी भवन में छत से पानी टपकने की शिकायत पर उन्होंने सहायक यंत्री एवं एसडीएम को तकनीकी जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सरवाही में सात वर्षों से अधूरे कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। भवन की छत से रिसाव, असमान खंभे, छोटी-बड़ी सीढ़ियां, बिना खिड़की के शौचालय, और रसोई में पानी भरने जैसी कई खामियों पर उन्होंने निर्माण एजेंसी की लापरवाही को उजागर किया। इस पर तीन दिवसीय गुणवत्ता जांच टीम गठित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने और ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।वहीं पुराने कस्तूरबा गांधी छात्रावास में 50 सीट की जगह 192 बालिकाएं रहने की स्थिति देखकर कलेक्टर ने बिस्तर, मच्छरदानी, खिड़कियों में जाली और साफ-सफाई की व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश अधीक्षक को दिए।



# बिछिया के ग्राम झुलुप में वन अधिकार ग्रामसभा का आयोजन



**जागरण, मंडला ।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार और एसडीएम बिछिया सुश्री सोनाली देव के मार्गदर्शन में बिछिया विकासखंड के कन्हारीकला पंचायत के पोषक ग्राम झुलुप में वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत ग्रामसभा का आयोजन किया गया। वन अधिकार अधिनियम के तहत पात्र हितग्राहियों को उनके अधिकार के विषय में अवगत कराने और प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के उद्देश्य से ग्रामसभा आयोजित की गई। ग्रामसभा में एसडीएम बिछिया सुश्री सोनाली देव ने उपस्थित ग्रामीणों को वन अधिकार से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी और उनके आवेदनों को स्वीकार किया। ग्रामसभा के दौरान 53 व्यक्तिगत वन अधिकार दावों का परीक्षण किया गया। प्राथमिक परीक्षण के दौरान एक दावा मान्य किए जाने हेतु विचाराधीन है जबकि शेष सभी 52 दावे अमान्य पाए गए हैं। ग्रामसभा में सहायक संचालक जनजाति कार्य विभाग श्री रंजीत गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बिछिया श्री रमेश मंडावी, अनुविभागीय अधिकारी वन विभाग श्री चंद्रिका सिंह, वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री एके जैन, तहसीलदार बिछिया, सरपंच ग्राम पंचायत कन्हारीकला श्रीमती शालिनी उइके, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, राजस्व तथा वन विभाग के कर्मचारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सूर्यकुण्ड धाम में आज दिव्य अनुष्ठान

**मण्डला।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सकवाह स्थित पावन श्री हनुमान जी मंदिर सूर्यकुण्ड धाम में दिव्य सर्वसिद्धि अनुष्ठान का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान आज ब्रम्हमुहूर्त आरती के पश्चात प्रातः 4:30 बजे से आरंभ होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत रुद्रावतारी श्री हनुमान महाराज की पावन मूर्ति पर महामंत्र रुद्राभिषेक संपन्न किया जाएगा। यह रुद्राभिषेक न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि भक्तों को कार्य सिद्धि, मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति का वरदान भी प्रदान करता है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस दिव्य अनुष्ठान में भाग लें और प्रभु हनुमान जी की कृपा प्राप्त करें। इस आयोजन के प्रेरणास्त्रोत श्री श्री 1008 ब्रम्हलीन भारती जी महाराज (सिद्ध संत) हैं जिनके आशीर्वाद से यह परंपरा निरंतर चल रही है। कार्यक्रम का संचालन ब्रम्हमुहूर्त आरती सेवादार समिति सूर्यकुण्ड धाम सकवाह द्वारा किया जा रहा है। भक्तों के लिए यह अवसर न केवल भक्ति का संगम है बल्कि अध्यात्म और साधना की शक्ति को साक्षात अनुभव करने का भी माध्यम है।




**कर्मचारी राज्य बीमा निगम**
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
**Employees' State Insurance Corporation**
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि. E.S.I.C.

मुख्यालय
HEADQUARTERS
पंचदीप भवन, सी.आई.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110002
PANCHDEEP BHAWAN, C.I.G. MARG, NEW DELHI-110 002
Email :jd-rectt@esic.nic.in Website :www.esic.gov.in

**कर्मचारी राज्य बीमा निगम स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान और कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सा महाविद्यालयों में सीधी भर्ती के आधार पर शिक्षण संकाय (सहायक प्रोफेसर) की भर्ती**

कर्मचारी राज्य बीमा निगम संसद के एक अधिनियम (कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948) के अधीन गठित एक सांविधिक निकाय है और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करता है। क.रा.बी. निगम, कर्मचारी राज्य बीमा निगम स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान और कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए सीधी भर्ती के आधार पर शिक्षण संकाय पद – सहायक प्रोफेसर के पदों को भरने का प्रस्ताव करता है।

| क्र. सं. | विशेषज्ञता | रिक्तियां | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | अनारक्षित | कुल |
| 1) | शरीर रचना विज्ञान (एनाटॉमी) | 3 | 2 | 5 | 2 | 8 | 20 |
| 2) | संज्ञाहरण विज्ञान (एनेस्थिसियोलॉजी) | 3 | 1 | 6 | 1 | 6 | 17 |
| 3) | जीवरसायन (बायोकैमिस्ट्री) | 2 | 0 | 2 | 1 | 4 | 9 |
| 4) | सामुदायिक चिकित्सा (कम्यूनिटी मेडिसिन) | 7 | 5 | 9 | 5 | 16 | 42 |
| 5) | दंत चिकित्सा (डेंटिस्ट्री) | 2 | 1 | 2 | 1 | 4 | 10 |
| 6) | त्वचा विज्ञान (डर्माटोलॉजी) | 1 | 1 | 2 | 1 | 4 | 9 |
| 7) | फोरेंसिक चिकित्सा और विष विज्ञान (एफएमटी) | 2 | 1 | 2 | 1 | 4 | 10 |
| 8) | सामान्य कायचिकित्सा (जनरल मेडिसिन) | 2 | 0 | 4 | 1 | 5 | 12 |
| 9) | सामान्य शल्य चिकित्सा (जनरल सर्जरी) | 2 | 0 | 5 | 1 | 5 | 13 |
| 10) | सूक्ष्मजीव विज्ञान (माइक्रोबायोलॉजी) | 1 | 1 | 1 | 1 | 3 | 7 |
| 11) | प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ (ओबीजीवाई) | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | 4 |
| 12) | नेत्रविज्ञान (नेत्र) (ऑपथैल्मोलॉजी) | 1 | 1 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 13) | अस्थिरोग विज्ञान (आर्थोपेडिक्स) | 2 | 0 | 2 | 1 | 4 | 9 |
| 14) | कर्णनासा कंठ विज्ञानी (ओटोरहिनोलैरिंगोलॉजी) (ईएनटी) | 2 | 1 | 2 | 1 | 3 | 9 |
| 15) | बालचिकित्सा विज्ञान (पेडियाट्रिक्स) | 1 | 0 | 2 | 1 | 2 | 6 |
| 16) | विकृति विज्ञान (पैथोलॉजी) | 1 | 1 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 17) | भेषजगुण विज्ञान (फार्माकॉलॉजी) | 2 | 1 | 3 | 1 | 5 | 12 |
| 18) | शरीर क्रिया विज्ञान (फिजियोलॉजी) | 2 | 1 | 3 | 1 | 5 | 12 |
| 19) | मनोविकार चिकित्सा (साइकेट्री) | 1 | 1 | 2 | 1 | 4 | 9 |
| 20) | रेडियोडायग्नोसिस (रेडियोलॉजी) | 1 | 0 | 2 | 1 | 3 | 7 |
| 21) | सांख्यिकीयक (स्टेटीसियन) | 1 | 0 | 4 | 1 | 4 | 10 |
| | कुल | 40 | 18 | 63 | 25 | 97 | 243@ |

@ श्रेणी ए-3, बी-3, सी-2, डी तथा ई-2 के अंतर्गत बेंचमार्क दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए 10 रिक्तियां आरक्षित हैं।

नोटः- वास्तविक आवश्यकता के आधार पर रिक्तियों की संख्या बढ़ या घट सकती है।

वेतन संरचना, आयु, पात्रता मानदंड – शैक्षिक अर्हता, अनुभव, शोध प्रकाशन आदि और अन्य निबंधनों एवं शर्तों के विवरणों का विस्तृत विज्ञापन कर्मचारी राज्य बीमा निगम की वेबसाइट **www.esic.gov.in/recruitments** पर उपलब्ध है। उपर्युक्त पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक अभ्यर्थियों को विस्तृत विज्ञापन देखने की सलाह दी जाती है।

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15.09.2025 है।**

दिनांक : 24.07.2025

**संयुक्त निदेशक (भर्ती)**


# जिला प्रशासन एवं वन विभाग ने वनग्रामों में लगाई चौपाल पात्र किसानों को वनाधिकार पत्र दिलाने की कार्यवाही तेज

**जागरण, डिंडोरी ।** जिला प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा वनग्रामों में पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र प्रदान करने एवं संशोधन कार्य हेतु विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। बुधवार को कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने विकासखंड बजाग के वनग्राम तरच, ग्राम पंचायत भुरसी रैयत एवं वनग्राम सिलपिडी के ग्राम पंचायत चाडा में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और वनाधिकार पत्र दिलाने की कार्यवाही की समीक्षा की। वनग्राम तरच ग्राम पंचायत भुरसी रैयत में आयोजित चौपाल के दौरान वनाधिकार पत्र से संबंधित कुल 60 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 36 पात्र पाए गए। कलेक्टर ने पटवारी, बीट गार्ड एवं सचिव को तीन दिवस के भीतर सभी पात्र आवेदनों की पूर्ण कार्यवाही कर ऑनलाइन प्रविष्टि करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को समय पर वनाधिकार पत्र मिल सके। और जिन किसानों के वन अधिकार पत्र सशोधन योग्य हैं उन्हें संशोधन करने के निर्देश दिए।इसी के साथ ग्राम पंचायत चाडा वनग्राम सिलपिडी में आयोजित चौपाल के दौरान पंचायत सरपंच ने पुराने पंचायत भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए नए भवन की मांग रखी। जिस पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ बजाग को तत्काल आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। चौपाल में काबिज किसानों के वनाधिकार पत्रों पर विस्तृत चर्चा की। आयोजित चौपाल में कुल 94 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर पटवारी, सचिव, बीटगार्ड को कलेक्टर ने दो दिवस के भीतर कार्यवाही कर वन मित्र पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। चौपाल के दौरान पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहिनी सिंह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री राजेंद्र कुमार जाटव, एसडीएम बजाग श्री रामबाबू देवांगन, तहसीलदार बजाग, जनपद सीईओ, एसडीओ वन विभाग श्री गिरीश पांडे, डीपीसी श्री रावेन्द्र मिश्रा, कार्यपालन यंत्री पीएचई मो. अहमद इमाम उल्ला, एसडीओपी श्री अमित गौतम, आरईएस एसडीओ श्री वीरसिंह तिलगाम, उपसंचालक कृषि सुश्री अभिलाषा चौरसिया, डीपीएम अर्पणा पांडे, आयुष अधिकारी डॉ. संतोष परस्ते, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमेश मरावी, कार्यपालन यंत्री एमपीईबी श्री राकेश बघेल, आबकारी अधिकारी श्री रामहंस पचौरी, जनसंपर्क अधिकारी श्री चेतराम अहिरवार, सीईओ जनपद पंचायत, बीईओ, बीआरसी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



संस्थापक ‣ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# एआई का बढ़ता प्रयोग और भविष्य की बढ़ती चुनौतियां

टीसीएस ने हाल ही में घोषणा की कि कंपनी वैश्विक स्तर पर अपने मझोले और वरिष्ठ कर्मचारियों की संख्या में दो फीसदी की छंटनी करने जा रही है। टीसीएस की इस घोषणा का अर्थ है कि वह अपने कुल 6 लाख कर्मचारियों में से करीब 12,000 की छंटनी करेगी। कंपनी ने अपने वक्तव्य में कहा कि वह स्वयं को भविष्य के लिए तैयार कर रही है। इसमें नई तकनीक के क्षेत्रों में निवेश और बड़े पैमाने पर आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल शामिल है। हालांकि यह आंशिक तौर पर चुनौतीपूर्ण कारोबारी माहौल की बदौलत भी हो सकता है लेकिन विश्लेषक इस कदम की व्याख्या एआई के कारण हो रहे ढांचागत बदलाव के रूप में कर रहे हैं।

यकीनन कई बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां मसलन माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम और इंटेल ने भी अपने-अपने कर्मचारियों की तादाद कम करने की योजनाओं की घोषणा की है। इस रुझान को समझने में चूक नहीं की जा सकती है। प्रौद्योगिकी तेजी से बदल रही है और एआई को अपनाने तथा उसकी वृद्धि के साथ न केवल प्रौद्योगिकी कंपनियां बल्कि तमाम क्षेत्र इसे अपना रहे हैं। यह भी गौरतलब है कि तकनीकी चुनौतियों के अलावा वैश्विक कारोबारी माहौल भी अनुकूल नहीं है।

बहरहाल, एआई को अपनाने से कारोबार में बहुत परिवर्तन आ रहा है और भारत जैसे देश के लिए नीतिगत चुनौतियां भी उत्पन्न हो रही हैं क्योंकि भारत को बड़े पैमाने पर रोजगार तैयार करने की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए एक बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनी के शीर्ष अधिकारी ने हाल ही में कहा कि वे ऐसे बिंदु पर पहुंच रहे हैं जहां एक ही मॉडल कई ऐसे काम में सहायता करेगा जिन्हें केवल इंसान कर सकते हों। एक बार जब कारोबार ऐसे मॉडल को अपना लेंगे तो वे बहुत बड़े पैमाने पर इंसानों की जगह लेने

> **एआई को अपनाने से कारोबार में बहुत परिवर्तन आ रहा है और भारत जैसे देश के लिए नीतिगत चुनौतियां भी उत्पन्न हो रही हैं क्योंकि भारत को बड़े पैमाने पर रोजगार तैयार करने की आवश्यकता है।**

लगेंगे। परिणामों के मामले में एआई या स्वचालन को अपनाना संतुलन को श्रम के बजाय पूंजी के पक्ष में और अधिक झुका देगा। हालांकि कई क्षेत्रों में यह पहले ही हो रहा है लेकिन इसमें बहुत अधिक इजाफा होने वाला है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि भारत जैसे देश में नीतिगत स्तर पर इसे लेकर क्या प्रतिक्रिया दी जानी चाहिए? दुर्भाग्यवश इनके कोई आसान उत्तर नहीं हैं। नीतियां कंपनियों को तकनीक को अपनाने से नहीं रोक सकती हैं क्योंकि उनके प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए ये आवश्यक हैं। बहरहाल, इससे इंसानी श्रम की मांग जरूर कम होगी।

यकीनन इनके प्रबंधन और संचालन के लिए प्रतिभाओं की जरूरत होगी। भारत को इन क्षेत्रों में अपनी विशाल तकनीकी श्रम शक्ति को नए सिरे से निर्देशित करके शायद फायदा हो सकता है।

शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रशिक्षण को भी अनुकूलित करने की जरूरत हो सकती है। प्रौद्योगिकी को अपनाने से विभिन्न प्रकार के कार्य भारत आ सकते हैं। बेशक ये सब केवल संभावनाएं हैं और कुछ भी तय ढंग से नहीं कहा जा सकता है। इस समय यकीनन एक व्यापक नीतिगत बहस की आवश्यकता है कि भारत व्यापारिक गुटबाजी और प्रौद्योगिकी द्वारा तेजी से श्रम का स्थान लेने की बढ़ती संभावनाओं के माहौल में जनांकिकी का लाभ कैसे उठा सकता है।

# डिंपल पर रशीदी की टिप्पणी घृणित और स्त्री विरोधी

अमर्यादित आचरण

डॉ. मयंक चतुर्वेदी




> **रशीदी ने एक ओर सांसद इकरा हसन के सिर ढंकने को आदर्श बताया, जबकि डिंपल यादव के खुले सिर पर कटाक्ष करते हुए उनके लिए जिन शब्दों का इस्तेमाल किया, उन्हें कम से कम सार्वजनिक तौर पर कोई भी सभ्य इंसान नहीं बोल सकता है।**

समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव पर हाल ही में टीवी डिबेट के दौरान की गई ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी की आपत्तिजनक टिप्पणी ने सार्वजनिक विमर्श में फिर एक बार धार्मिक कट्टरता, स्त्री विरोध और सामाजिक ध्रुवीकरण के गंभीर प्रश्नों को जन्म दिया है। यह घटना केवल एक व्यक्ति की बयानबाजी नहीं, बल्कि उस वैचारिक प्रवृत्ति का हिस्सा है, जो धर्म की आड़ में व्यक्तिगत स्वतंत्रता, संविधानिक गरिमा और सार्वजनिक संवाद के स्तर को लांछित करती है । साथ ही स्त्री के 'स्व' को देह और कपड़ों में बंद कर सीमित रखना चाहती है। रशीदी ने एक ओर सांसद इकरा हसन के सिर ढंकने को आदर्श बताया, जबकि डिंपल यादव के खुले सिर पर कटाक्ष करते हुए उनके लिए जिन शब्दों का इस्तेमाल किया, उन्हें कम से कम सार्वजनिक तौर पर कोई भी सभ्य इंसान नहीं बोल सकता है। हद है कि मौलाना इसे अब भी सही ठहरा रहे हैं। मौलाना इसे मुस्लिम होने की सजा बता रहे हैं और कह रहे हैं कि कुछ भी अपमानजनक नहीं कहा। उनका मकसद मुस्लिम भावनाओं की रक्षा करना था।

यहां जो सबसे बड़ा प्रश्न उभरता है, वह यह कि क्या वे भारत को भी शरिया लॉ से चलाना चाहते हैं वे किस हक से किसी स्त्री की गरिमा पर चोट कर सकते हैं मौलाना रशीदी ने डिंपल यादव के पहनावे पर सवाल उठाते हुए इस हद तक चले गए! सिर और शरीर खुला है...शॉर्ट्स पहनने वाली लड़कियों को देखकर समाज उन्हें ....कहता है! इसी तरह से उनके द्वारा कहा गया, सड़क पर महिलाओं के साथ दुष्कर्म होना कोई बड़ी घटना नहीं है, लेकिन एक महिला को आईना दिखाना इनके लिए बड़ी घटना है। उनका यह बयान अत्यंत घृणित और स्त्री विरोधी है। वास्तव में देखा जाए तो उनके इस कथन ने दोहरे विवाद को जन्म दिया है, एक; सार्वजनिक जीवन में कार्यरत महिलाओं की गरिमा पर सीधा आघात और दूसरा; धार्मिक प्रतीकों और अपेक्षाओं को सार्वभौमिक व्यवहार के मानक की तरह प्रस्तुत करने का दुस्साहस है यह मौलाना रशीदी पहले भी कई बार ऐसी टिप्पणियाँ कर चुके हैं, जो उनकी इस्लामिक कट्टरता को दर्शाती है। इससे पहले 2020 में उन्होंने कहा था, आज मुसलमान खामोश है। मेरी आने वाली नस्ल मेरा बेटा, उसका बेटा, उसका पोता 50-100 साल के बाद एक हिस्ट्री उनके सामने आएगी कि हमारी मस्जिद को तोड़कर मंदिर बना दिया गया। उस वक्त हो सकता है कि कोई मुस्लिम शासक हो, कोई मुस्लिम जज हो या मुस्लिम शासन आ जाएज कुछ नहीं कहा जा सकता है कि क्या फेरबदल हो जाए। तो क्या उस हिस्ट्री की बुनियाद पर इस मंदिर को तोड़कर मस्जिद नहीं बनाई जाएगी बिल्कुल बनाई जाएगी।

फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा इस्लामिक कट्टरता के खिलाफ दिए गए बयान पर बोले थे, ऐसे लोगों को जिंदा नहीं छोड़ा जाना चाहिए। तीन तलाक पर, उन्होंने इसे शरीयत का हिस्सा बताते हुए संसद में पारित कानून को इस्लाम विरोधी बताया और यहाँ तक कह दिया था कि कोई कानून शरीयत से ऊपर नहीं हो सकता। वे संविधान से ऊपर शरीयत की बात करते हैं। न्यायपालिका या संसद के फैसलों की अवमानना करते हैं।, हिंसा या उग्र विरोध को वैध ठहराते हैं। निश्चित ही ऐसे वक्तव्यों को धार्मिक स्वतंत्रता या अभिव्यक्ति की आज़ादी के दायरे में नहीं रखा जा सकता, क्योंकि ये सीधे सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुँचाने वाले हैं।

कहना होगा कि ऐसे बयान खुले तौर पर न केवल भारत के संवैधानिक भावना के विरुद्ध हैं, बल्कि हिंसा को वैध ठहराने का प्रयास भी हैं। वस्तुतः रशीदी की बयानबाजी बार-बार एक ही वैचारिक धारा की पुष्टि करती है, वह धारा जो इस्लामिक मजहब की आड़ में लोकतांत्रिक स्वतंत्रता को सीमित करना चाहती है। महिलाओं के वस्त्र, सार्वजनिक जीवन में उनकी भागीदारी और धार्मिक प्रतीकों के आधार पर उनके चरित्र का मूल्यांकन करने की प्रवृत्ति, उनकी गहरी मजहबी सोच को दर्शा रही है। जिसमें वह हर स्त्री को भले ही वह उनके विचारों से मेल खाती हो या नहीं, उनके मजहब की हो या नहीं, सभी को एक विशेष लिवाज में ढंकने की उनकी विशेष मजहबी सोच का परिचायक है। देशभर से इस्लामिक कन्वर्जन के मामले इन दिनों सामने आ तो रहे ही हैं। किसी का लक्ष्य 2030 का है तो किसी का 2047 और किसी का 2050 तक भारत को गजबा-ए-हिंद जिसमें भारत पर इस्लाम का शासन और शरिया कानून होगा, बना देने का है। वैसे भी ये मौलाना अपने दिए गए पहले विवादास्पद व्यक्त में अपनी मंशा व्यक्त कर ही चुके हैं कि कि कोई कानून शरीयत से ऊपर नहीं है। वास्तव में यहां मौलाना रशीदी को समझना होगा कि भारत में अभिव्यक्ति की आज़ादी संविधान द्वारा संरक्षित है, लेकिन वह पूर्ण नहीं है। यह अन्य नागरिकों की गरिमा, सामाजिक व्यवस्था और सार्वजनिक शांति की शर्तों पर टिकी है। जब कोई धार्मिक नेता किसी महिला के वस्त्र पर सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करता है; वह भी संसद की सदस्य पर, तो यह न केवल व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर हमला है, बल्कि उस लोकतंत्र के चेहरे पर भी एक तमाचा है, जिसकी नींव समानता और गरिमा पर टिकी है, जिसका कि एक सांसद प्रतिनिधित्व करता है। देखा जाए तो मौलाना साजिद रशीदी के कथन पर आज सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं, क्योंकि मुस्लिम समुदाय के भीतर से भी रशीदी की बयानबाजी के खिलाफ एक संगठित वैचारिक असहमति नहीं दिखती। यह न केवल धार्मिक नेतृत्व की विश्वसनीयता को चोट पहुंचाता है, बल्कि पूरे समुदाय की छवि पर भी असर डालता है। कायदे से अब होना यह चाहिए कि सभी इस्लामिक मजहबी समूह मौलाना रशीदी के ऐसे वक्तव्यों की खुली निंदा करें। इससे यह स्पष्ट होगा कि उनके व्यक्त विचार पूरी कौम का प्रतिनिधित्व नहीं करते। आज मौलाना साजिद रशीदी जैसे व्यक्तित्व हमें याद दिलाते हैं कि शब्दों का आतंक भी हथियार की तरह घातक हो सकता है। वो शब्द ही तो हैं जो भावनाओं को अभिव्यक्त करते हैं। वे शब्द ही तो हैं, जो किसी को भी पानी-पानी कर देते हैं। वे शब्द ही तो हैं जो उत्साह से भरते और किसी में विद्रोह की आग जला देते हैं और वे शब्द ही हैं जो मंत्र बनकर कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इसी शब्द संरचना में इन मौलाना का कहा वो शब्द भी है जिसका कि जिक्र तक सार्वजनिक रूप से नहीं किया जा सकता।

वास्तव में ये शब्दों की ही ताकत है कि एक शब्द बोला कि सामने वाले का सम्मान या तिरस्कार हो गया। कभी नूपुर शर्मा के एक शब्द बोले जाने पर देशभर में नहीं दुनिया के तमाम देशों से आक्रोश व्यक्त किया गया था जबकि वह तो वही कह रही थीं जोकि संबंधित इस्लाम के मजहबी ग्रंथों में लिखा है, लेकिन टीवी डिबेट में उनको किताब में लिखे का जिक्र उनके लिए नहीं पूरे देश के लिए भारी पड़ गया, कुछ लोगों की जान तक ले ली गई। नूपुर शर्मा अब तक उस मामले से बाहर नहीं निकल पाई हैं। एक तरह से कहें तो उनकी राजनीतिक हत्या ही कर दी गई है। दूसरी ओर फिर उसी डिबेट में आज एक शब्द स्त्री की असमिता को चूर-चूर कर गया है, उसके बाद भी बोलने वाला मौलाना अपने को सही ठहरा रहा है! ऐसे में आवश्यक हो गया है कि भारत जैसे विविधतापूर्ण लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को जवाबदेही और संवेदनशीलता के साथ जोड़ा जाए। अन्यथा नूपुर शर्मा जैसे लोग किताब का लिखा पढ़कर भी अपमान सहते रहेंगे और मौलाना रशीदी जैसे ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर बैठे लोग अभिव्यक्ति की आड़ में बचते रहेंगे!

# समिति प्रणाली को पुनःपरिभाषित करने की आवश्यकता

लोकतंत्र और विधायिका

राजु कुमार



> **समिति प्रणाली लोकतंत्र की आत्मा है, लेकिन उसे समसामयिक प्रशासनिक और तकनीकी संदर्भों में पुनःपरिभाषित करने की आवश्यकता है। समितियां महज औपचारिक इकाइयां न रहकर कार्यपालिका की जवाबदेही तय करने का प्रभावी माध्यम बनें।**

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधायिकाएं केवल कानून बनाने वाली संस्थाएं नहीं हैं, बल्कि वे कार्यपालिका की निगरानी, वित्तीय अनुशासन और जनहित में प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा करने का भी सशक्त माध्यम हैं। इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए विधानमंडलीय समितियां एक अनिवार्य ढांचा प्रदान करती हैं। इस समिति प्रणाली की समीक्षा, सुदृढ़ीकरण और पुनर्परिभाषा के लिए गठित विशेष समिति की एक बैठक पिछले दिनों मध्यप्रदेश विधान सभा भवन भोपाल में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य समिति प्रणाली की वर्तमान कार्यप्रणाली का मूल्यांकन, उसकी दक्षता को बढ़ाने के उपाय और इसे अधिक उत्तरदायी एवं परिणामोन्मुख बनाने के लिए रणनीति तय करना था।

**शिमला सम्मेलन से भोपाल बैठक तक :** भोपाल बैठक का बीजारोपण दरअसल नवंबर 2021 में शिमला में आयोजित 82वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में हुआ था। यह सम्मेलन ऐतिहासिक रूप से भी महत्वपूर्ण था, क्योंकि यह 1921 में शिमला में ही आयोजित पहले सम्मेलन के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। सम्मेलन के दौरान यह महसूस किया गया कि समिति प्रणाली लोकतंत्र की आत्मा है, लेकिन उसे समसामयिक प्रशासनिक और तकनीकी संदर्भों में पुनःपरिभाषित करने की आवश्यकता है। इसी भावना के तहत शिमला सम्मेलन में यह प्रस्ताव पारित किया गया कि एक विशेष समिति गठित की जाए, जिसमें विभिन्न विधान सभाओं के पीठासीन अधिकारी शामिल हों। इस समिति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि समितियां महज औपचारिक इकाइयां न रहकर कार्यपालिका की जवाबदेही तय करने का प्रभावी माध्यम बनें। शिमला सम्मेलन के इसी प्रस्ताव का मूर्त रूप है भोपाल में आयोजित जुलाई 2025 की बैठक। भोपाल में आयोजित बैठक की अध्यक्षता मध्यप्रदेश विधान सभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने की और इसमें उत्तरप्रदेश विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना, राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, हिमाचल विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, सिक्किम विधान सभा अध्यक्ष मिंगमा नोरबू शेरपा, ओडिशा विधान सभा अध्यक्ष श्रीमती सुरमा पाड़ी एवं पश्चिम बंगाल विधान सभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी सहित सभी संबंधित राज्यों की विधान सभा के प्रमुख सचिव एवं अन्य अधिकारी भी शामिल हुए।

**समिति प्रणाली की आवश्यकता और भूमिका :** हमारे देश की लोकतांत्रिक प्रणाली में संसद एवं विधान सभाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। संसद या विधान सभा के सत्रों में जितनी सूक्ष्म निगरानी की आवश्यकता होती है वह सत्र में संभव नहीं हो पाता है। सत्रों की सीमित अवधि और बहसों की समयबद्धता के चलते ऐसा होना स्वाभाविक है, इसलिए विधान सभा समितियों के गठन की प्रणाली महत्वपूर्ण है। विधान मंडलीय समितियां न केवल विधेयकों की बारीकी से अध्ययन करती हैं, बल्कि सरकार द्वारा किए गए वायदों, प्रशासनिक कार्यों और योजनाओं पर भी नजर रखती हैं। मध्यप्रदेश में 4 वित्तीय समितियां हैं, जिनका निर्वाचन होता है। ये समितियां भ्रमण, अध्ययन एवं निरीक्षण भी करती हैं। जरूरत पड़ने पर शासन को बुलाती हैं और उनके साथ विषयगत विमर्श करती हैं। विधान सभा द्वारा दिए गए निर्देशों, विधान सभा में सरकार की ओर से दिए गए आश्वासन, प्रश्नों के अपूर्ण उत्तर, सदस्यों की सुविधा की दृष्टि से संबंधित विषय एवं अन्य जन उपयोगी विषयों पर समिति अपनी अनुशंसा एवं रिपोर्ट देती है।

**डिजिटल परिवर्तन और समिति प्रणाली :** आज जब भारत डिजिटल लोकतंत्र की ओर बढ़ रहा है, तब समिति प्रणाली को भी इस परिवर्तनशील परिप्रेक्ष्य में ढालना आवश्यक है। ई-विधान, वर्चुअल बैठकें और डिजिटल रिपोर्टिंग जैसे माध्यमों से समितियों की कार्यकुशलता को बढ़ाया जा सकता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए शिमला सम्मेलन में 'एक राष्ट्र-एक विधायी मंच' की संकल्पना रखी गई थी, जिसमें सभी विधान सभाओं को डिजिटल रूप से जोड़ने का प्रस्ताव था। भोपाल बैठक में यह विशेष रूप से विचार किया गया कि समितियों के कार्यों को ई-गवर्नेंस फ्रेमवर्क के अंतर्गत लाया जाए, ताकि पारदर्शिता, समयबद्धता और सुलभता को बढ़ावा मिले। साथ ही यह सुझाव भी आया कि समितियों की रिपोर्टों को सार्वजनिक डोमेन में रखा जाए ताकि नागरिक समाज और मीडिया भी शासन की निगरानी प्रक्रिया में सहभागी बन सकें।

**आगे की राह :** बैठक में यह भी विचार किया गया कि समितियों को अधिक स्वायत्तता दी जाए, उनके पास विशेष अनुसंधान व विश्लेषण संसाधन उपलब्ध कराए जाएं और उनकी सिफारिशों को केवल सुझाव भर न समझा जाए, बल्कि नीति-निर्माण में उनका व्यावहारिक उपयोग हो। सभी राज्यों के विधान मंडलों की समितियों की जानकारी प्राप्त होने से इस दिशा में व्यापकता के साथ भावी रणनीति बनाई जा सकेगी। भोपाल में आयोजित यह बैठक समिति प्रणाली के गहन पुनर्मूल्यांकन की दिशा में एक ठोस कदम है।

प्रसंगवश

# अंततः केंद्र सरकार तक पहुंची पहाड़ों की आवाज

> **पहाड़ यूं तो बरसात और बर्फ का घर होता है, लेकिन इस पर बरपे कहर को कभी भी ईमानदारी से मापा नहीं गया। सरकारें चाहे प्रदेश की रहीं या केंद्र की, पर्वतीय राज्यों की प्रगति को सीमित परिदृश्य में हांका गया।**

किकेंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश और जलवायु परिवर्तनों से पहाड़ की प्रवृत्ति में आ रहे बदलाव के कारणों को समझेगी और सुझावों की किश्ती तैयार करेगी। इससे पहले एक केंद्रीय टीम अब तक के नुकसान का आकलन कर रही है। कल समाधान की औपचारिकताएं कितना कहेंगी या करेंगी, लेकिन पहाड़ को देखने और समझने का अंदाज जरूर बदल रहा है। पहाड़ यूं तो बरसात और बर्फ का घर होता है, लेकिन इस पर बरपे कहर को कभी भी ईमानदारी से मापा नहीं गया। स्थिति सामान्य भी रहे, लेकिन भौगोलिक रूप से पर्वतीय राज्यों को मौसम की अति से हमेशा कुछ खोना ही पड़ता है। किसान का खेत भरी बरसात में अपनी उर्वरता को पानी में बहा देता है, तो बर्फबारी के आलम में विकास के पहिये धंस जाते हैं। पहाड़ में रहना, पहाड़ पर तरक्की करना, पहाड़ को बचाना और पहाड़ को संवारना, एक निरंतर प्रक्रिया है, जो किसी सूरत में सामान्य नहीं हो सकती। न पहाड़ सामान्य है और न ही इसका अभिप्राय। सरकारें चाहे प्रदेश की रहीं या केंद्र की, पर्वतीय राज्यों की प्रगति को सीमित परिदृश्य में हांका गया। हिमाचल का ही उदाहरण लें, तो केंद्रीय नीतियों की अनुशंसा या अनुकरण प्रदेश के स्वतंत्र चिंतन को मुकम्मल नहीं कर पाया। हम पहले परफार्मिंग स्टेट बन कर बच्चे बने रहे, फिर सियासत के मोहरे बन गए। हमारे ही अगल बगल में जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों का वित्तीय पोषण इसलिए बढ़ गया, क्योंकि वे अशांत राज्य थे। हिमाचल का राज्य बजट भी एक तरह से केंद्रीय योजनाओं की अदाकारी जैसा ही रहा, इसलिए अधोसंरचना विकास किसी व्यापक चिंतन से नहीं हुआ। हम सड़क, पानी, शिक्षा और चिकित्सा की अधोसंरचना में भूल गए कि विकास का पर्वतीय मॉडल क्या होगा। पाठकों को याद होगा कि हमने इन्हीं कालमों में बार-बार एक स्वतंत्र 'पर्वतीय विकास मंत्रालय' के गठन की मांग की है ताकि हमारी प्रगति और जवाबदेही के मार्ग प्रशस्त हों। पहाड़ी क्षेत्रों की जरूरतें अलग हैं, विकास के मानदंड अलग हैं और इसी के परिप्रेक्ष्य में भविष्य की रूपरेखा भी अलग होनी चाहिए। पर्वतीय आर्थिकी को संबल देने के लिए केंद्र को एक निश्चित आधार पैदा करना होगा। मसलन जल, जंगल और जमीन के बीच संतुलन, अधिकार व भविष्य के पड़ताल जरूरी है। यहां प्रकृति के साथ जीने की अभिलाषा का एक सुनिश्चित मॉडल नहीं होगा, तो उपलब्ध भूमि पर बढ़ता दबाव खतरे मोल लेता रहेगा। वन संरक्षण अधिनियम के तहत बढ़ती मानवीय मांग और पर्वत की आर्थिक संभावनाओं को स्थान मिलना चाहिए। पहाड़ का मूल्यांकन केवल उसकी तबाही से नहीं, बल्कि राष्ट्रीय प्रगति के संतुलन से होना चाहिए। राष्ट्रीय मूल्यांकन में हिमाचल की रिपोर्ट को एक सामान्य राज्य की तरह देखा जाता है, जबकि पर्वतीय जरूरतों का दबाव नए सिरे से समझना होगा। यहां राष्ट्रीय उदारता के संकल्प अगर परिष्कृत नहीं होंगे, जीने-मरने के सवाल पर पहाड़ खुद से अन्याय कर लेगा। प्राकृतिक त्रासदी सर्वप्रथम मौसम का अन्याय तो है ही, लेकिन यह स्थिति राष्ट्र के अन्याय से भी जुड़ती है। हिमाचल के प्रति राष्ट्रीय उदारता के मानक तय होने चाहिएं और यह स्थायी रूप से एक पैरवी और संगठन के तहत ही संभव होंगे। ऐसे में 'पर्वतीय विकास मंत्रालय' के अंतर्गत पहाड़ को समझना, इसके आर्थिक व प्राकृतिक स्वरूप को सुरक्षित करना तथा विकास के मानदंड को सुनिश्चित करने के लिए स्थायी चिंतन की जरूरत है।

## ॥ गीता ॥



**शलोक**

**तं विद्याद् दुःखसंयोगवियोगं योगसञ्ज्ञितम।**
**स निश्चयेन योक्तव्यो योगोऽनिर्विण्णचेतसा॥**

**भावार्थ**

जो दुःख रूप संसार के संयोग से रहित है तथा जिसका नाम योग है, उसको जानना चाहिए। वह योग धैर्य और उत्साहयुक्त चित्त से निश्चयपूर्वक करना कर्तव्य है।

जीवन दर्शन

# जीवन यात्रा में नाविक नहीं, कोलंबस बनिए

अच्छाई मनुष्यों में पाई जाने वाली भावनाओं में सबसे सकारात्मक भावना है। अच्छाइयों के पकवान परोसेंगे तभी तो जिंदगी में मिठास का स्वाद आएगा। मन में जब अच्छाइयों का उजास चमक उठेगा, तो अवगुणों की कालिमा उड़नछू हो जाएगी। अभिमान, क्रोध और आक्रोश जैसी बुराइयों की विदाई हो जाएगी। जीवन का उत्थान अच्छाई पर आधारित है। बुराई न केवल विकास में अवरोध उत्पन्न करती है, बल्कि प्राप्त सुखों को भी नष्ट कर देती है। मन में अगर अच्छाइयों की मूर्ति स्थापित हो जाए तो समझो जीवन मंदिर है। अगर यही मन कूड़ेदान बन जाए तो जानना शैतान की सैरगाह सरीखा है। अशुभ भाव में प्रवेश होना ही बुराई है। नाव के छोटे-से छेद की तरह बुराई का एक छोटा-सा अवशेष भी हमारी जीवन नौका को डूबो देता है। बुराई अकेली नहीं आती उसके पीछे उसकी सारी टीम आती है। झूठ के पीछे चोरी, चोरी के साथ हिंसा और हिंसा के साथ आतंक आदि अमानवीय शक्तियों का सिलसिला चल पड़ता है। अच्छाई को बुद्धि से हृदय तक पहुंचने में देर लगती है, किंतु बुराई तुरंत बुद्धि से हृदय की ओर दौड़ती है। यही कारण है कि मन बुराई में शीघ्र प्रवेश करता है और अच्छाई के लिए सोच-विचार करता है। जीवन-यात्रा में कदम-कदम पर अच्छाई के साइन बोर्ड मिलते हैं। जो इन्हें पढ़ कर अनुसरण कर लेते हैं, वे कोलंबस बन जाते हैं, नहीं तो मात्र नाविक होकर रह जाते हैं। बुराइयां कितना भी आस-पास मंडराएं, अच्छा बने रहने के लिए दो बातों को कभी न भूलें - खिलता हुआ चेहरा और होठों पर मुस्कुराहट। होठों पर हंसी हो तो चेहरा हसीन नजर आता है, दिल हंसे तो पूरा जहां खूबसूरत नजर आता है। रोशनी भी उसी की है, जो शमा जलाना जानता है। वैसे ही जो मुस्कुराना जानता है, यह खुशनुमा संसार भी उसी का है। बुराइयों के प्रभाव से बचने के लिए दूसरा सर्वोत्तम समाधान है - चुप्पी यानी मौन। दैनिक जीवन की हलचल के बीच मौन खुद को रिचार्ज करने और स्पष्टता खोजने का अवसर देता है। यह भावनाओं की भूल भुलैया से बाहर निकलने में दिशासूचक यंत्र की तरह मदद करता है। मौन किसी को यह बताने का सबसे अच्छा तरीका है कि उन्होंने गलत किया है।

शायद यह हममें से किसी के लिए भी संभव नहीं कि हम सब का भला कर दें। लेकिन सबके प्रति भलाई की भाषा तो हमेशा इस्तेमाल कर ही सकते हैं। कम से कम दिन में एक बार उन्हें धन्यवाद अवश्य दे सकते हैं, जिन्होंने अच्छाइयों से हमारे जीवन और वातावरण को महकाया। उनके गुणों का आकार अपने मन के प्रांगण में इतना ब?ा लें कि बुराई को स्थान ही न मिले। इसी तरह से जिन्होंने कुछ अप्रिय किया, उन तक भी अपने गुणों की महक पहुंचने दें, ताकि वे भी अच्छाई के वातावरण में सांस ले सकें।

निर्मल जैन

## संक्षिप्त खबरें

### जनसुनवाई के मामलों का तत्काल करें निराकरण

**विसं भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मंगलवार को अपने शासकीय निवास पर जनसुनवाई की। प्रदेशभर से बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने विभिन्न समस्याएं और शिकायतें मंत्री के समक्ष रखीं। उन्होंने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र और प्रभावी समाधान के निर्देश दिए।मंत्री ने प्रत्येक मामले में विभागीय अधिकारियों से जवाब-तलब करते हुए समाधान के लिए निर्धारित समय-सीमा तय करने को कहा। राजपूत ने कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर जनसेवा और समग्र विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की समस्याओं के समाधान में लापरवाही अथवा विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा।

### प्रदेश की आंगनवाड़ी बनेंगी स्मार्ट

**विसं भोपाल।** मध्यप्रदेश के लगभग 24 हजार 662 आंगनबाड़ी को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों के रूप में उन्नत किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 25 प्रतिशत केंद्रों को आधुनिक तकनीक और मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित कर स्मार्ट बनाया जा रहा है। यह पहल प्रदेश में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को मजबूती प्रदान करेगी और बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। योजना के तहत प्रत्येक चयनित आंगनबाड़ी केंद्र को 1 लाख रूपये की लागत से उन्नत किया जा रहा है। उन्नयन में एलईडी (स्मार्ट टीवी), वॉटर प्यूरीफायर, वर्षा जल संचयन प्रणाली, पोषण वाटिका, और श्ष्टष्टश्व गतिविधियों के लिये आवश्यक संसाधनों की स्थापना सम्मिलित है।

### अपराध रोकने सख्त एक्शन लें

विसं भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कैसे भी अपराध हों, उनके नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। अपराध नियंत्रण के कार्यों और नवाचारों में अनेक दृष्टि से मध्यप्रदेश आगे भी है। इस स्थिति को भी बेहतर बनाने के प्रयास हों। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अविश्वास पूरी तरह खत्म करना है। सभी वर्गों का विकास और सभी का हित सुनिश्चित करना है। विकास एवं सुरक्षा को पूरी प्राथमिकता देते हुए जन विश्वास को सशक्त बनाया जाए। डॉ. यादव मंगलवार की शाम मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में एक उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश की कानून व्यवस्था की स्थिति पर वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों से भी जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए।

# इंदौर की तर्ज पर 10 शहर स्वच्छ सर्वेक्षण होंगे विकसित: मुख्यमंत्री

## कैबिनेट से पहले सीएम ने मंत्रियों से की अनौपचारिक चर्चा



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए प्रदेश के कम से कम 10 शहर इंदौर की तर्ज पर विकसित करने के लक्ष्य के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पर्यटन को विकसित करने के लिए राज्य के प्रमुख झरनों सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर विशेष सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी।

सीएम बुधवार को कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रिपरिषद के सदस्यों से अनौपचारिक चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 11 से 13 अक्टूबर तक भोपाल में मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट का आयोजन किया जाएगा। जिसके जरिए होटल मालिकों, रिसोर्ट मालिक, परिवहन ऑपरेटरों, ट्रैवल टूर ऑपरेटरों को अपने पर्यटन उत्पादों के प्रचार-प्रसार और व्यावसायिक चर्चा के लिए एक मंच प्रदान करना है। इसकी पूर्व तैयारियों के रूप में 12-13 अगस्त को ग्वालियर और 20-21 सितम्बर को इंदौर में रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। डॉ. यादव ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में राष्ट्रीय स्तर के सम्मान से सम्पूर्ण प्रदेश और हर नागरिक गौरवान्वित हैं। इंदौर ने देश के नंबर वन शहर का सम्मान लगातार आठवें साल में बनाए रखा और भोपाल को देश का दूसरा स्वच्छ शहर चुना गया। प्रदेश के 338 शहर ओडीएफ डबल प्लस और 24 शहर वॉटर प्लस का प्रमाण-पत्र पाने में सफल रहे। उज्जैन संभाग के 66 में से 56 शहरों ने अपनी रैंक को सुधारा है। साथ ही 41 क्षेत्रों को स्टार रेटिंग मिली है। डॉ. यादव ने कहा कि जन्माष्टमी के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मंडला, डिडौरी, सिंगरौली, सीधी और सिवनी में कला और शिल्प केंद्रों के निर्माण के लिए ग्राम सुधार समिति, एम.एम. फांउडेशन और समर्थ संस्था के साथ एमओयू किया गया। डॉ. यादव ने नागपंचमी के संदर्भ में महाकालेश्वर मंदिर की महिमा और पचमढ़ी स्थित नागद्वारी के लिए मध्यप्रदेश और महाराष्ट्रवासियों में विद्यमान आस्था के संबंध में चर्चा की।

### कांग्रेस ने किया वॉकआउट

प्रश्नकाल समाप्त होते हुए कांग्रेस ने शून्यकाल पर कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए। कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा और सेना महेश पटेल ने कहा कि विपक्षी विधायकों और उनके परिजनों को प्रताड़ित किया जा रहा है। हमने इस मामले में सीएम से मुलाकात की थी,किन्तु अब तक कोई हमें नतीजा देखने को नहीं मिला है। उन्होंने रीवा में भाजपा के पूर्व विधायक द्वारा महिला सीएसपी के साथ अभद्रता व्यवहार की बात करते हुए कहा कि हमारे विधायकों पर हमले हो रहे है,उनकी सुरक्षा होनी चाहिए। पुलिस कार्रवाई नहीं करती,उल्टा कांग्रेस विधायकों के खिलाफ ही झूठे मुकदमें दर्ज कर रही है।

### श्रम संशोधन विधेयक पारित

मप्र विधानसभा में मंगलवार को श्रम संशोधन विधेयक पारित कर दिया। श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने सदन के पटल पर संशोधन विधेयक रखा। जिसे पारित कर दिया गया। इस विधेयक के पारित होने के उपरांत अब महिलाओं को नौकरी के क्षेत्र में अधिक अवसर और समानता प्राप्त होगी। विशेषकर महिलाएं अब कंपनियों और संस्थानों पर रात की शिफ्ट में भी काम कर सकेंगी। इसके लिए संबंधित संस्था या कंपनियों को सभी सुरक्षा के मानकों का पालन करना पड़ेगा। विधेयक पेश करते हुए मंत्री पटेल ने कहा कि यह बदलाव महिला सशक्तिकरण और रोजगार के समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए बेहद जरुरी था।

## बाइक-बोलेरो की टक्कर में एक साथ तीन पीढ़ियां खत्म



**रोशिया फाटे के पास हादसे में दादा, पिता और बेटे की मौत**

**जागरण, खंडवा।** जिले में इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर एक बोलेरो की बाइक से टक्कर हो गई। मंगलवार शाम को रोशिया फाटे के पास हुए हादसे में बाइक सवार 13 वर्षीय बालक, उसके पिता और दादा की मौत हो गई, जबकि एक अन्य परिजन गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई थी, जिसे क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे कर दूर किया गया। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। देशगांव चौकी प्रभारी राजेंद्र सोलंकी ने बताया कि शाम 5 बजे एक बोलेरो की बाइक से टक्कर हो गई। इसी दौरान सामने से आ रही टवेरा भी टकरा गई। बाइक पर सवार चारों लोग ग्राम भेरूखेड़ा (चिचगोहन) के रहने वाले हैं और आपस में रिश्तेदार थे। जानकारी के अनुसार, टवेरा में सिंगाजी महाराज के दर्शन के लिए जा रहे 10 से अधिक यात्री और बोलेरो में सवार खेरदा गांव के दो लोगों को मामूली चोटें आईं। हालांकि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में एक ही परिवार की तीन पीढ़ियों का अंत हो गया। दुर्घटना में 15 वर्षीय अंशु, उसके पिता विनोद रायकवार (35) और दादा लक्ष्मण रायकवार (60) की मौत हो गई। तीनों ग्राम चिचगोहन के निवासी थे। लक्ष्मण रायकवार और उनके बेटे विनोद की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि अंशु ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। चार घायलों को खंडवा मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में लाया गया। इनमें बाइक सवार अंशु, उसकी दादी राधाबाई और दो लोग टवेरा गाड़ी में सवार थे।

## पीएम ने रखी पावरग्रिड की ट्रांसमिशन प्रणाली की आधारशिला

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 जुलाई को तमिलनाडु के तूतीकोरिन में आयोजित एक समारोह में कुडनकुलम यूनिट-3 और 4 (2×1000 मेगावाट) बिजली संयंत्र से बिजली की निकासी के लिए भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के तहत 'महारत्न' सीपीएसई, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) द्वारा निर्मित किए जा रहे ट्रांसमिशन सिस्टम की आधारशिला रखी। अंतर-राज्यीय ट्रांसमिशन सिस्टम (आईएसटीएस) परियोजना के तहत पावरग्रिड कुडनकुलम ट्रांसमिशन लिमिटेड द्वारा कार्यान्वित की जा रही इस योजना में 400 केवी डी/सी (क्वाड) कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र (3 और 4) - तूतीकोरिन- II जीआईएस पीएस ट्रांसमिशन लाइन और तूतीकोरिन- II जीआईएस में दो 400 केवी जीआईएस लाइन टर्मिनल उपकरणों का निर्माण शामिल है। समारोह के दौरान आरएन रवि, राज्यपाल, तमिलनाडु, राममोहन नायडू किंजरापु, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री, डॉ. एल. मुरुगन, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय कार्य राज्य मंत्री, थंगम थेनारासु, कृषि मंत्री, तमिलनाडु, पी. गीता जीवन, समाज कल्याण और महिला सशक्तिकरण मंत्री, तमिलनाडु, कनिमोझी करुणानिधि, सांसद तथा केंद्र एवं राज्य सरकार और पावरग्रिड के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। यह परियोजना तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और पुडुचेरी सहित लाभार्थी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 2 गीगावाट स्वच्छ और विश्वसनीय परमाणु ऊर्जा की आपूर्ति में मदद करेगी, ताकि क्षेत्र की बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा किया जा सके।

### मां ने नवजात बेटी को कचरे में फेंका, मौत

जागरण, नरसिंहपुर। करेली थाना क्षेत्र में एक मां ने अपनी नवजात बेटी को कचरे में फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह पति से अलग रहती है। अवैध संबंध छिपाने के इरादे से नवजात को फेंका था। पुलिस ने बताया कि सासबहू गांव के तालाब के पास कचरे के ढेर में रविवार को लोगों को नवजात शिशु का शव मिला था। ग्रामीणों ने शव देखते ही पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव बरामद किया और अस्पताल ले गई। वहां कानूनी प्रक्रिया पूरी कर नवजात को दफना दिया गया। करेली थाना प्रभारी प्रियंका केवट ने बताया कि महिला की शादी 2017 हुई थी। वह 2020 में पति को छोड़कर अपने मायके में मां-पिता और भाई के साथ रहने लगी। ज्यादा पढ़ी-लिखी नहीं होने से मजदूरी करती है।

### शिकायतकर्ता से भिड़े तहसीलदार, झूमाझटकी

जागरण, ग्वालियर। कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान अवैध कॉलोनी की शिकायत लेकर पहुंचा युवक और तहसीलदार आपस में ही भिड़ गए। दोनों में बहस के बीच झूमाझटकी हो गई। इसके बाद तहसीलदार ने पुलिस बुला ली, जो शिकायतकर्ता को थाने ले गई। मालूम हो कि मिथुन परिहार अवैध कॉलोनी की शिकायत लेकर जनसुनवाई में पहुंचा था। मुरार तहसीलदार मधुलिका सिंह ने मामला सुना और जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# डंके की चोट पर ओबीसी को मिलेगा आरक्षण: सीएम

**विशेष संवाददाता,भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मंगलवार को कहा कि ओबीसी को डंके की चोट पर आरक्षण दिया जाएगा। सरकार की कोशिश है कि इस वर्ग को जल्द से जल्द 13 प्रतिशत आरक्षण जिन्हें मिला है, उन अभ्यर्थियों को हक के आधार पर नौकरी मिले और योग्यता के आधार पर उनका चयन हो।

सीएम ने कहा कि कांग्रेस अलग-अलग समाज को भड़काने का काम करती है. जबकि सारी चीजों में उनका ही इन्वॉल्वमेंट है. पिछड़ों की जनगणना को बंद करने का पाप कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर जाता है। इसके बाद में इंदिरा गांधी, राजीव गांधी व उनके बाद लगातार कांग्रेस की सरकार रहीं लेकिन उन्हें जातिगत जनगणना नहीं कराई। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण के मामले में कांग्रेस बिना तथ्य और आधार पर बात कर रही है.। अब उस बात के आधार पर झूठ बोलती है कि हमें 27 प्रतिशत आरक्षण दो। सीएम ने कहा कि हम डंके की चोट पर कह रहे हैं कि 27 परसेंट आरक्षण देने वाले हैं. हमारे कई विभागों के अंदर जहां स्टे नहीं था, वहां 27 परसेंट आरक्षण दे दिया है लेकिन जहां जो कोर्ट में मामला अटका पड़ा है तो उसके लिए कोर्ट में भी हम सरकार का पक्ष रख रहे हैं. हमने कहा जनरल कैटेगरी का 10 प्रतिशत हो, एससी-एसटी, ओबीसी सभी के लिए हमने हमारे मन में भाव बराबर है. हम किसी दायरे में सिमटना नहीं चाहते। सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए है । कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर डॉ. यादव ने नाग पंचमी की बधाई देते हुए कहा कि मैंने सदन में भी विपक्ष के सदस्यों से बोला है कि आप ढाई लाख से ज्यादा वोटरों के बीच में से चुनकर आते हैं तो अपनी मर्यादा के आधार पर आपको पूरा अधिकार है. आप सदन में बोलें। महात्मा गांधी के सामने जो बात रखना है, वह रखें. आपको तो फर्क पड़ता नहीं है। लेकिन मुझे तो उन वन्यप्राणी पर दया आती है जो हंसते हुए सोचते होंगे कि यह हमारा रूप बनाकर भैंस क्यों बनना चाहते हैं। सीएम ने कहा ऐसा कर वह मनुष्य योनि को बदनाम कर रहे हैं। कभी गिरगिट बनकर अपनी बात रखते हैं। कांग्रेस का रंग बदलने का चरित्र आजादी के बाद से दुनिया और प्रदेश ने देखा है। यह वह दल है,जिसने हमेशा दो रंग के चरित्र को जिया है। वह अपने चरित्र को सामने क्यों बता रही है।

## ध्यानाकर्षण: अजय सिंह बोले 90 दिन पहले तय हो फीस



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय सिंह राहुल ने स्कूलों में फीस और बार-बार बदले जा रहे पाठ्यक्रमों को लेकर ध्यानाकर्षण लगाया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जब नियम पहले से बने है, तो उन्हें क्रियान्वित क्यों नहीं किया जा रहा है। फीस को लेकर पहले से ही नियम बनाए जा चुके है। उसे स्कूलों में प्रवेश से 90 दिन पहले पोर्टल पर अपलोड़ करा दिया जाए, जिससे पालक या अभिभावकों को यह पता चल सके किन विद्यालयों में कितनी -कितनी फीस है। जिससे वह उसी आधार पर अपने बच्चों का एडमीशन करा सके। सिंह ने कहा कि इसी तरह हर साल एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम बदला जाता है,जबकि हकीकत यह ही कि पाठ्यक्रम वहीं रहता है,केवल किताबों का कलर बदल जाता है,जिससे अभिभावकों पर बेवजह का आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। इस पर जवाब देते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस के विधायक कोई प्रमाणित बात नहीं कर पाए कि किन विद्यालयों में ज्यादा फीस ली जा रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के इतिहास में हमने निजी स्कूलों द्वारा अतिरिक्त वसूली गई फीस वापस कराने का काम किया है। स्कूलों पर कार्रवाई की है. मान्यता रद्द की है।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन का मुद्दा

एक अन्य ध्यानाकर्षण में नरयावली से भाजपा विधायक प्रदीप लारिया ने सदन में वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ाए जाने का मामला उठाया. उन्होंने बताया कि यानाकर्षण में इन मुद्दों पर चर्चा हुई है। मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री ने इस पर विचार करने का आश्वासन दिया है. मैं समझता हूं कि जल्दी ही ये राशि बढ़ाई जाएगी।

### कलेक्टर के नेतृत्व में बनेंगी कमेटी

प्रश्नकाल के दौरान मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने औद्योगिक संस्थानों के सी.एस.आर. मद का मामला उठाया। उन्होंने सवाल किया कि संस्थानों द्वारा इस मद पर कहां और किस तरह का काम होता है,इसे स्पष्ट किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह हमारी स्थानीय नागरिकों के हित में होगा कि कंपनियां इस फण्ड का उपयोग स्थानीय विकास के लिए करे। इस पर एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि इस पूरे मामले में कलेक्टर के नेतृत्व मे समिति बनाई जाएगी,जिसमें स्थानीय विधायक को भी शामिल किया जाएगा,जो इस फण्ड के उपयोग को लेकर मंथन करेंगे।

### चार संशोधन विधेयक पर कैबिनेट की मुहर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** डॉ.मोहन यादव कैबिनेट ने मंगलवार को चार विधेयकों से जुड़े प्रस्तावों सहित कई अहम फैसलों पर मंजूरी प्रदान कर दी। मानसून सत्र की वजह से मंत्रिपरिषद की बैठक विधानसभा स्थिति समिति कक्ष-एक में आहुत की गई है। बैठक में जन विश्वास संशोधन विधेयक 2025,माध्यमस्थ अधिकरण संशोधन विधेयक,दुकान स्थापना अधिनियम संशोधन विधेयक और कारखाना अधिनियम संशोधन विधेयक को लेकर चर्चा की गई। जिसे मंत्रिपरिषद ने आम सहमति से अपनी सहमति जता दी। अब ये सभी विधेयक मौजूदा मानसून सत्र के दौरान सदन में पेश कर उन्हें पारित कराया जाएगा। इसी तरह मंत्रिपरिषद ने बाबई मोहासा में उद्योग के लिए आरक्षित जमीन में छूट देने का भी फैसला किया है। इसी तरह विक्रमपुरी इंडस्ट्रियल एरिया में जमीन अधिग्रहण समेत चार अहम विधेयकों को भी मंजूरी दी गई हैं।

### राज्यपाल के एसीएस की विदाई, नए का स्वागत

**भोपाल।** राज्यपाल के एसीएस केसी गुप्ता को स्थानांतरण पर राजभवन के जवाहर खंड में भावभीनी विदाई दी गई। मंगलवार को गुप्ता की विदाई के साथ नवागत प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी का स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर गुप्ता ने राजभवन में अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए और अधिकारियों की कार्यकुशलता एवं विभिन्न आयोजनों की जिम्मेदारी निभाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

### धार्मिक धागा काटने से मना किया तो दिव्यांग बच्ची के हाथ दागे

**जागरण, छिंदवाड़ा।** मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। दरअसल जिला मुख्यालय में समग्र शिक्षा अभियान जिला शिक्षा केंद्र द्वारा संचालित दिव्यांग बालिका छात्रावास (सीडब्ल्यूएसएन) में महिला कर्मचारी ने एक 10 साल की बालिका के दोनों हाथ गर्म वस्तु से दाग दिए गए। चूंकि बच्ची ने हाथ में बंधा धार्मिक धागा काटने से इनकार कर दिया था। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय में संचालित सीडब्ल्यूएसएम छात्रावास में रहने वाली एक 10 वर्षीय दिव्यांग बच्ची ने हॉस्टल की एक महिला कर्मचारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बच्ची का कहना है कि एक धार्मिक धागा हाथ में बंधा होने से जब उसने उसे काटने से इनकार किया, तो हॉस्टल की मैडम अराधना पाटिल ने गर्म वस्तु से उसके दोनों हाथ दाग दिए। बच्ची का कहना है कि यह धागा उसके माता-पिता ने किसी बीमारी के इलाज के लिए बंधवाया था और उन्हें इसे काटने से मना किया गया था। जब उसने मैडम को यह बताया, तो वे क्रोधित हो गईं और उसकी बात न मानते हुए अत्याचार किया।

### दो बच्चियों के हाथ पैर बांधकर वृद्धा की हत्या

**जागरण, जबलपुर।** शहर में एक बुजुर्ग महिला की हत्या की वारदात से सनसनी फैल गई। बदमाशों ने 70 वर्षीय वृद्ध महिला के हाथ-पैर बांधकर बेरहमी से हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। हत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। पुलिस विभिन्न बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। दरअसल वारदात कोतवाली थानांतर्गत चेरीताल के जयप्रकाश नारायण वार्ड की है, जहां 70 वर्षीय वृद्धा हीराबाई चौधरी की नृशंस हत्या कर दी गई। मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि वृद्धा के साथ रहने वाली दो लड़कियों के हाथ पैर भी बंधे मिले है। संभवतः दोनों लड़की बदमाशों को पहचानती होगी। रंजिश को लेकर हत्या की आशंका जताई जा रही है।

### प्रथम पृष्ठ के शेष

**सुनामी से थरथराए अमेरिका ...**
और तटीय इलाकों में अफरा-तफरी मच गई।
फ्रेंच पोलिनेशिया में 13 फीट (4 मीटर) तक लहरों की चेतावनी दी गई है। कोलंबिया ने नारिनो और चोको क्षेत्रों में समुद्र में आवाजाही पर रोक लगा दी है। जापान के तातेयामा शहर के समुद्र किनारे चार बड़ी व्हेल सुनामी की वजह से बहकर आ गईं, जिससे यह समझा जा रहा है कि समुद्री जीवन पर भी इसका प्रभाव पड़ा है।
इतिहास में बड़े भूकंपों की सूची में शामिल
यह भूकंप रिक्टर स्केल पर 8.8 तीव्रता के साथ दुनिया के शीर्ष छह सबसे बड़े भूकंपों में शामिल हो गया है। इससे पहले सबसे शक्तिशाली भूकंप 1960 में चिली में (9.5 तीव्रता) और 2004 में हिंद महासागर में (9.1 तीव्रता) आए थे।
रुस में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। कामचटका के उत्तरी कुरील द्वीपों और सेवेरो-कुरिल्स्क में सुनामी के बाद मुख्य बंदरगाह पूरी तरह डूब गया। वहां से बड़े पैमाने पर नुकसान की खबरें आ रही हैं।
राजधानी होनोलूलू में लोगों को ऊंचे इलाकों में जाने की सलाह दी गई। हालांकि अब वहां चेतावनी को एडवाइजरी में बदल दिया गया है। कैलिफोर्निया के पोर्ट सैन लुइस में कुछ ही मिनटों में जल स्तर लो टाइड से हाई टाइड तक पहुंच गया। क्रिसेंट सिटी में भी एक फुट से ज्यादा ऊंची पहली लहर टकराई। लॉस एंजेलिस में हेलिकॉप्टर से चेतावनी सायरन बजाक

# बीजेपी विधायक दल की बैठक, सदन में अच्छे काम पर थपथपाएं मेजें



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भाजपा विधायकों से कहा गया है कि सदन में जब भी सरकार द्वारा कोई अच्छी घोषणा या विकास और जनहितेषी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाती है,तब उन्हें मेज थपथपाकर सरकार का समर्थन करना चाहिए। कई बार विपक्ष के आरोपों पर पार्टी विधायक प्रतिरोध करने खड़े तक नहीं होते है। इस पर विशेष ध्यान देना है।

यह बाते मुख्यमंत्री निवास में मंगलवार को हुई भाजपा विधायक दल की बैठक में वरिष्ठ नेताओं द्वारा कही गई। बैठक में विधायकों ने उनके कार्यालयों को पांच लाख रुपए दिए जाने की घोषणा को याद दिलाया तो सीएम ने कहा कि सभी सदस्य इस मामले में अपने-अपने कलेक्टर से चर्चा करें,उन्हें इसके लिए बजट उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि कई विधायकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों के विकास के लिए जो कार्ययोजना बनाई गई है,उसमें कई विधायकों ने ऐसे प्रस्ताव दिए है,जो जनता से जुड़े नहीं है। किसी ने एयरपोर्ट बनाए जाने का प्रस्ताव दिया ,तो किसी ने ऐसे विकास कार्यो की मांग की है,जो किसी भी स्थिति में जनता से सरोकार नहीं रखती है। सीएम ने कहा कि हम जनता के लिए चुनकर विधानसभा

### सोशल मीडिया में सक्रिय नहीं हैं विधायक

बैठक में विधायकों से कहा गया कि अधिकांश सदस्य सोशल मीडिया में उस तरह से सक्रिय नहीं है,जितनी अपेक्षा की जा रही है। कई विधायकों की स्थिति तो इस मामले में काफी कमजोर है। जबकि हमें सोशल मीडिया में ज्यादा से ज्यादा सक्रिय होकर जनता को यह बताना है कि पार्टी की सरकार किस तरह से सक्रिय होकर उनके हितों और विकास के लिए काम कर रही है।

### बैठक ने नेताओं ने ये कहा विधायकों से

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि भाजपा विचारधारा आधारित पार्टी है। देश की जनता हमें इसलिए सेवा का अवसर प्रदान करती है, क्योंकि हम देश प्रथम और स्वयं को गौण रखकर कार्य करते हैं। मध्यप्रदेश में पार्टी का आदर्श संगठन है, जिसकी शक्ति को पूरे देश ने पिछले विधानसभा और वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में देखा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि कांग्रेस को जनता के किसी भी मुद्दे से कोई मतलब नहीं रह गया है। कांग्रेस समाज में झूठ और भ्रम फैलाकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकना चाहती है, इसलिए सदन में आप सभी को तथ्यों के साथ कांग्रेस के आरोपों का जवाब देकर उन्हें बेनकाब करना है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री बन गए हैं, जिन्हें विश्व के 27 देशों का सर्वोच्च सम्मान प्राप्त हो चुका है। प्रधानमंत्री जी यह सम्मान प्राप्त कर वैश्विक स्तर पर भारत को गौरवान्वित कर रहे हैं। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि आप सभी क्षेत्र के सम्मानित विधायक हैं। जनता की सेवा के लिए आप राजनीति में आए हैं। पार्टी की गतिविधियों में जनप्रतिनिधि अपनी भागीदारी और अधिक सुनिश्चित करें।

**परिणाम** | अब वेटिंग लिस्ट से आवेदकों को मिलेगी रिक्त पदों पर नियुक्ति

# आरक्षक भर्ती 2023 घोटाले का असर, 800 से अधिक पद खाली



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा 2023 के तहत चयनित हुए एक हज़ार से अधिक आरक्षकों ने अभी तक अपनी आमद नहीं दी है, जबकि उन्हें कई मौके दिए जा चुके हैं। पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने अब फैसला किया है कि जो आरक्षक बार-बार मौका दिए जाने के बाद भी ज्वाइन नहीं कर रहे हैं, उनके स्थान पर वेटिंग लिस्ट से आरक्षकों को मौका दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार चयनित नव-आरक्षक (पुरुष और महिला) में से केवल 80 प्रतिशत ने ही अब तक पुलिस ट्रेनिंग सेंटर्स में अपनी आमद दर्ज कराई है।

### 4274 में से केवल 3461 ने दी आमद, अब वेटिंग की बारी

पीएचक्यू से मिली जानकारी के मुताबिक, 6200 चयनित आरक्षकों में से 4274 को ट्रेनिंग के लिए ज्वाइन करने हेतु नियुक्ति पत्र जारी किए गए थे। इनमें से अब तक केवल 3461 आरक्षकों ने ही ट्रेनिंग के लिए अपनी आमद दी है। नियम के अनुसार इन सभी को ज्वाइनिंग के लिए तीन बार समय दिया जा चुका है, इसके बावजूद लगभग 800 से अधिक आवेदक ऐसे हैं जो नौकरी करना ही नहीं चाहते। इन आवेदकों के स्थान पर अब वेटिंग लिस्ट के जरिए आवेदकों का चयन किया जाएगा। डीआईजी चयन एवं भर्ती वीरेंद्र सिंह के अनुसार, आवेदकों को कई बार अवसर देने के बाद भी कई ऐसे आवेदक हैं जो न तो आमद दे रहे हैं और न ही पुलिस द्वारा भेजे गए रिमाइंडर का जवाब दे रहे हैं। ऐसे में अब वेटिंग लिस्ट के जरिए शेष पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया की जाएगी।

### भौंरी और इंदौर में महिला आरक्षकों की ट्रेनिंग

नियम के अनुसार आरक्षक भर्ती परीक्षा में सफल आवेदकों की 9 माह की ट्रेनिंग होती है और उसके बाद ही उन्हें उनकी यूनिट में तैनात किया जाता है। इस प्रशिक्षण में उन्हें शारीरिक फिटनेस के साथ कानून-व्यवस्था, लोगों से संवाद, नए आपराधिक कानूनों की जानकारी भी दी जाती है। मध्यप्रदेश में पुलिस आरक्षकों का प्रशिक्षण आठ पुलिस प्रशिक्षण स्कूलों और कॉलेजों में होता है। इनमें से महिला आरक्षकों की ट्रेनिंग केवल पीटीएस भौंरी और पीटीसी इंदौर में हो रही है। प्रशिक्षण शाखा से मिली जानकारी के अनुसार इंदौर में 798 और भौंरी में 314 महिलाओं की ट्रेनिंग शुरु की जा चुकी है। इसके अलावा पीटीसी इंदौर, पीटीएस भौंरी, पीटीएस पचमढ़ी, पीटीएस रीवा, पीपीटीएस तिगरा, पीटीएस सागर, पीटीएस उमरिया और पीटीएस उज्जैन में 2349 पुरुष आरक्षकों की ट्रेनिंग चल रही है।

### पुलिस आरक्षक भर्ती घोटाले का असर

मध्यप्रदेश में पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा 2023 में पिछले दिनों घोटाला उजागर हुआ था। इस घोटाले में सामने आया था कि आधार कार्ड में थंब इंप्रेशन और इमेज अपडेशन के जरिए कई पदों पर फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ था। इस परीक्षा में कई आवेदकों ने अपने स्थान पर सॉल्वरों को बिठाकर लिखित परीक्षा पास की थी और फिजिकल टेस्ट के लिए खुद पेश हो गए थे। इसके लिए संगठित गिरोहों के जरिए आधार कार्ड अपडेट कराते हुए आवेदकों के धुंधले चित्र और बायोमेट्रिक पहचान में बदलाव किया गया था। इस मामले में पुलिस ने अलग-अलग जिलों में 30 से अधिक स्रद्धक्र दर्ज कर कई संदिग्धों को हिरासत में भी लिया है। इस घोटाले के बाद पुलिस ने सभी सफल आवेदकों को ज्वाइन करने से पहले अपने दस्तावेजों और आधार अपडेशन की हिस्ट्री की जानकारी देने को कहा था। इसके बाद से आरक्षकों के पदों पर कई अभ्यर्थी सफल होने के बावजूद न तो ज्वाइन कर रहे हैं और न ही पुलिस के पत्रों का जवाब दे रहे हैं।

# संसद में खड़गे बोले- हमले की जिम्मेदारी लें अमित शाह, इस्तीफा दें

## विपक्ष ने दोनों सदनों में पूछे तीखे सवाल, सरकार ने यूपीए के दौरान हुए हमलों का जिक्र छेड़ा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** संसद के मॉनसून सत्र के दौरान राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बहस के दौरान केंद्र सरकार और गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के लिए सीधे तौर पर गृह मंत्री जिम्मेदार हैं और उन्हें नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए। खड़गे ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने खुद सुरक्षा चूक की बात स्वीकार की थी। खड़गे ने पूछा, 'जब एलजी खुद सुरक्षा चूक स्वीकार कर रहे हैं तो क्या गृह मंत्री को जिम्मेदारी नहीं लेनी चाहिए? क्या देश के गृह मंत्री की जिम्मेदारी नहीं बनती कि वह अपनी नाकामी स्वीकारें?' खड़गे ने कहा, 'अगर बातचीत नहीं हुई, तो फिर ट्रंप ने झूठ क्यों बोला? और अगर ट्रंप झूठ बोल रहे हैं तो विदेश मंत्रालय ने पहले दिन साफ इनकार क्यों नहीं किया? इस सरकार में हर बात आधे सच और आधे प्रचार से चलती है।'

*"सरकार जवाब दे कि पाकिस्तान के पीछे कौन सा देश खड़ा है। हमें चीन से उतना ही खतरा है, जितना आतंकवाद से हैं। पहले से तय रणनीति का बहाना देकर आपरेशन रोक दिया गया और इसे 'सफलता' कहकर पेश किया गया। यह 'आपरेशन सिंदूर' है या फिर 'प्रचार सिंदूर'?"*
● **अखिलेश यादव**, सपा प्रमुख

"अगर हमला इतना बड़ा था कि हमने जवाबी कार्रवाई की, तो फिर पांच दिन में ऑपरेशन क्यों रोक दिया गया? क्या पाकिस्तान को सजा मिली या फिर सिर्फ राजनीतिक प्रचार हुआ?"
● **असदुद्दीन ओवैसी** सांसद

*"1962 के युद्ध के बाद से चीन ने भारतीय क्षेत्र में एक इंच भी घुसपैठ नहीं की है और न ही अरुणाचल प्रदेश में कोई अतिरिक्त भूमि पर कब्जा किया है।"*
● **किरेन रिजिजू**, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री

*"साल 2004-14 के दौरान 1770 लोग मारे गए, जबकि 2015 में 357 मारे गए। अनुच्छेद 370 हटाकर हमने टेरर इकोसिस्टम को खत्म कर दिया है। एक जमाना था, कश्मीर में जनाजे में 10-10 हजार लोग रहते थे। अब जो आतंकी मारा जाता है, उसे वहीं दफना दिया जाता है।"*
● **अमित शाह**, केंद्रीय मंत्री

*"इस सदन में सभी के पास सुरक्षा व्यवस्था है। आप जहां जाएंगे, वहां सुरक्षा मिल जाएगी। पहलगाम में 26 परिवार उजड़ गए। 26 लोगों को परिवार के सामने मारा गया। 26 बेटे, भाई, पति गुजर गए। इनमें से 25 भारतीय थे। जितने भी लोग बैंसरन में थे, उनके लिए कोई सुरक्षा नहीं थी। आपने उनको सुरक्षित नहीं किया।"*
● **प्रियंका गांधी**, सांसद

### संसद में उठा भाषा विवाद

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे से तमिलनाडु के सांसदों ने अंग्रेजी में बोलने का अनुरोध किया। इस पर दुबे ने कहा- बेहतर होता अगर आप मुझे तमिल या बंगाली में बोलने के लिए कहते। अंग्रेजी विदेशी भाषा है और इस पर आपका जोर आपकी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि किसी ने आधे घंटे तक बंगाली में बात की, फिर भी कोई आपत्ति नहीं जताई। आपको सिर्फ हिंदी से ही दिक्कत है।

## पाकिस्तान के हमले से अनाथ हुए 22 बच्चों को गोद लेंगे राहुल गांधी




राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी गोलाबारी में अनाथ हुए 22 बच्चों को गोद लेंगे। इन बच्चों की पढ़ाई का पूरा खर्च राहुल गांधी खुद वहन करेंगे। राहुल गांधी इन बच्चों को तब तक सहायता देते रहेंगे जब तक वे स्नातक की पढ़ाई पूरी नहीं कर लेते। राहुल ने 24 मई को पुंछ का दौरा किया था और उसी दौरान उन्होंने पार्टी नेताओं को निर्देश दिया था कि जिन बच्चों ने माता-पिता को खोया है, उन्हें चिह्नित किया जाए ताकि उन्हें गोद लेकर उनके भविष्य की जिम्मेदारी उठाई जा सके। बुधवार को कांग्रेस नेता पहली किस्त के रूप में शिक्षा सहायता इन बच्चों को सौंपेंगे।

## वोटर आईडी और चॉकलेट से हुई आतंकियों की पहचान

गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में भाषण की शुरुआत में पहलगाम हमले के आतंकियों के मारे जाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन आतंकियों ने बायसरन घाटी में 26 पर्यटकों को मारा, उन्हें 28 जुलाई को ऑपरेशन महादेव में ढेर कर दिया गया। इन आतंकियों के नाम सुलेमान, अफगान और जिब्रान हैं। ये तीनों आतंकी पहलगाम हमले में शामिल थे। शाह ने बताया, 'पाकिस्तानी वोटर आईडी-चॉकलेट से पहलगाम के आतंकियों की पहचान की। हमले के दिन प्लानिंग की, 3 महीने ट्रैक किया फिर घेरकर मारा। हमारे पास इसके सबूत भी हैं।' उन्होंने बताया कि आतंकियों की मदद करने वाले 2 आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। मारे गए आतंकियों में सुलेमानख जिब्रान और अफगान शामिल हैं। तीनों पाकिस्तान के रहने वाले थे।

## संक्षिप्त समाचार

### न्यूयार्क में ऑफिस में गोलीबारी, 5 की मौत



**न्यूयार्क, जेएनएन।** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के मिडटाउन मैनहटन में सोमवार शाम एक ऑफिस बिल्डिंग में हुई गोलीबारी की घटना में 5 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक ऑफ-ड्यूटी न्यूयॉर्क पुलिस अधिकारी भी शामिल है। हमले के मुख्य संदिग्ध की पहचान नेवादा के शेन तमुरा के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से लास वेगास का कन्सील्ड कैरी परमिट भी बरामद हुआ है। शूटिंग शाम 6.30 बजे पार्क एवेन्यू की हाई-प्रोफाइल बिल्डिंग में हुई, जिसमें अमेरिका की बड़ी फाइनेंशियल कंपनियों और एनएफएल के ऑफिस स्थित हैं। हमले के बाद बिल्डिंग के बाहर भारी मात्रा सुरक्षाबल और एम्बुलेंस तैनात किए गए। नेशनल लॉ एन्फोर्समेंट ऑफिसर्स मेमोरियल फंड के शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, दिदारुल इस्लाम समेत साल 2025 की पहली छमाही में 43 अमेरिकी पुलिस अफसरों की ड्यूटी के दौरान मौत हुई है।

### बेदखली अभियानः असम में 2000 परिवार प्रभावित

**गोलाघाट (असम), जेएनएन।** असम सरकार ने मंगलवार सुबह राज्य के पूर्वी हिस्से में एक बड़े पैमाने पर बेदखली अभियान शुरू किया, जो राज्य के सबसे उच्च-स्तरीय, राजनीतिक रूप से संवेदनशील अभियानों में से एक माना जा रहा है। इस पहले चरण में गोलाघाट जिले के उरियामघाट क्षेत्र में 2,000 से अधिक परिवारों को बेदखल किया जाएगा। पूरे अभियान से 2,700 परिवारों पर असर पड़ने की संभावना है, जिनमें अधिकांश बंगाली मूल के मुसलमान हैं। इस बेदखली अभियान के लिए राज्य सरकार ने 1,500 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया है, जिनमें पुलिस, कमांडो व वन सुरक्षा बल शामिल हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने रेंगमा रिजर्व फॉरेस्ट क्षेत्र को नौ खंडों में विभाजित किया है, और निवासियों को ७ दिन के भीतर क्षेत्र खाली करने का नोटिस दिया था। यह अभियान असम सरकार की हालिया बेदखली कार्रवाई की एक कड़ी है, जिसे सरकार 'जनसंख्या आक्रमण' के विरुद्ध कार्रवाई के रूप में प्रस्तुत कर रही है। सीएम हिमंत बिस्वा सरमा स्वयं अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं और इसे 'धार्मिक जनसंख्या विस्तार' से पूर्वी असम को बचाने के प्रयास के रूप में देख रहे हैं।

### चीन की राजधानी बीजिंग में बारिश से 30 की मौत



**नई दिल्ली, जेएनएन।** चीन की राजधानी बीजिंग में भारी बारिश से 30 लोगों की मौत हो गई है। बारिश के कहर से लगातार लोगों को बचाया जा रहा है। अब तक हजारों लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है। बीजिंग में बीते कुछ दिनों में लगभग सालभर की बारिश हो गई है। बारिश 23 जुलाई को शुरू हुई थी और 28 जुलाई तक बीजिंग और आसपास के कई प्रांत जलमग्न हो गए। बीजिंग के उत्तरी जिलों में 543.4 मिलीमीटर तक बारिश हो चुकी है। यहां सालाना औसतन 600 मिलीमीटर बारिश होती है। प्रशासन ने अब तक बीजिंग के 80 हजार से ज्यादा लोगों को रिलोकेट किया गया है। यहां अब तक 30 लोगों की मौत हो चुकी है। तूफान से 31 सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं इससे 136 गांवों में बिजली सप्लाई बाधित हुई है।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौता संकट में

# ट्रंप की सख्ती और भारत की शुल्क में कमी पर फंसा पेंच

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 1 अगस्त की डेडलाइन नजदीक आते ही भारत एक कठिन व्यापारिक स्थिति में है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'हार्डबॉल' रणनीति का सामना करते हुए भारत को अपनी शुल्क बढ़त बचाए रखने की भी चिंता है। ट्रंप ने संकेत दिए हैं कि वे दुनिया भर के लिए 15-20 फीसदी के बीच नई टैरिफ दरें तय कर सकते हैं, जो वर्तमान 10 फीसदी बेसलाइन शुल्क से काफी ज्यादा होंगी।

इधर, भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत ठहर सी गई है। अभी तक कोई बड़ा समाधान नहीं निकल पाया है। अमेरिका चाहता है कि भारत उसे बिना किसी शुल्क के बाजार में प्रवेश दे, जैसा कि वियतनाम और इंडोनेशिया को मिला। लेकिन भारत के लिए यह मांग मानना मुश्किल है।

वहीं भारत चाहता है कि अमेरिका उसकी वस्तुओं के लिए लगभग 15 फीसदी की औसत टैरिफ सीमा तय करे, जैसी शर्तें अमेरिका ने जापान और यूरोपीय संघ को दीं। अगर यह सीमा 20 फीसदी तक जाती है, तो भारत की तुलना में उसका टैरिफ लाभ धीरे-धीरे खत्म होने लगता है। ट्रंप प्रशासन भारत से तीन बड़ी वस्तुएं खरीदने और निवेश प्रतिबद्धताओं की अपेक्षा कर रहा है। इनमें रक्षा उपकरण, प्राकृतिक गैस और न्यूक्लियर रिएक्टर शामिल हैं। भारत ने इनमें दिलचस्पी दिखाई है। समय सीमा का कोई स्पष्ट निर्धारण न होने के कारण यह अपेक्षाकृत सरल है। कृषि और डेयरी जैसे विवादित विषय बातचीत से फिलहाल बाहर हैं, जिससे भारत को थोड़ी राहत मिली है। हाल ही में ब्रिटेन के साथ हुए समझौते में भारत ने सार्वजनिक खरीद जैसे क्षेत्रों में लचीलापन दिखाया, जिससे अमेरिकी वार्ता में भी उसे कुछ बढ़त मिल सकती है। संभावना है कि अगस्त के मध्य में छठे दौर की बातचीत आगे बढ़ेगी।



### अगली वार्ता 25 अगस्त को

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर वार्ताओं का अगला दौर 25 अगस्त को होगा। इस सिलसिले में अमेरिकी वार्ताकारों की टीम भारत का दौरा करेगी। एक सरकारी अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दोनों देशों ने पिछले सप्ताह वॉशिंगटन में पांचवें दौर की वार्ता सफलतापूर्वक पूरी की थी। भारत की ओर से वाणिज्य विभाग के विशेष सचिव और मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल और अमेरिका की ओर से दक्षिण और मध्य एशिया मामलों के लिए सहायक व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच ने इस बातचीत का नेतृत्व किया था।

**जापान से सबक**

जापान-अमेरिका डील से भारत सीख सकता है। जापानी वार्ताकारों ने अमेरिकी टीम से ऑटोमोबाइल सेक्टर में भारी छूट ली और कृषि बाजार की आंशिक रियायतों और निवेश वादों को एक तरह का ध्यान भटकाने का उपकरण बना दिया।

**बाहरी दबाव और नई जटिलताएंः** वियतनाम देशों पर ट्रांजशिपमेंट क्लॉज लागू किया गया है। भारत की दवा, इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में चीन जैसे देशों से आने वाले इनपुट्स हैं, जिससे यह क्लॉज भारत के लिए समस्या बन सकता है।

**राजनीतिक स्तर पर अंतिम निर्णयः** संभावना जताई जा रही है कि अंतिम समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच एक सीधी बातचीत के जरिए तय होगा।

**ट्रंप के लिए अमेरिकी उपभोक्ता चुनौतीः** ट्रंप के लिए चिंता का विषय बन रहा है कि उच्च टैरिफ का बोझ अमेरिकी उपभोक्ताओं पर पड़ने लगा है। औसत अमेरिकी परिवार की वार्षिक आय पर 2,700 डॉलर का नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

भारत का फोकस इस बार क्षेत्रीय क्षेत्रों की बजाय 'हेडलाइन टैरिफ नंबर' पर है यानी अमेरिका से ऐसा टैरिफ अंतर मिले, जो भारत को एशियाई प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले सस्ता बनाए। यदि अमेरिका भारत को 10-15 फीसदी के बीच टैरिफ देता है, तो भारत संतुष्ट हो सकता है। लेकिन यह दर यदि 20 फीसदी के पास पहुंचती है, तो वियतनाम जैसी स्थिति बन सकती है। स्टील, एल्युमिनियम और कॉपर जैसे क्षेत्रों पर पहले से ही 50 फीसदी टैरिफ लागू हैं, जिससे भारत का अमेरिकी निर्यात प्रभावित हुआ है।

### अमेरिका-ईयू बातचीत अंतिम दौर में, चीन से संधि विस्तार की उम्मीद

उधर, अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच एक बड़े व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिशें तेज हो गई हैं। समय-सीमा से पहले दोनों पक्ष इसकी शर्तों पर सहमति पाने की कोशिश कर रहे हैं। इस डील में अमेरिका में यूरोपीय वस्तुओं पर 15 फीसदी का बेसलाइन टैरिफ तय किया गया है। इस समझौते की आलोचना भी हो रही है। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने इसे 'असंतोषजनक' बताया, वहीं फ्रांस के नेता बेयरू ने इसे यूरोप की 'आत्मसमर्पण की काली घड़ी' कहा। साथ ही अमेरिका और चीन के बीच नई व्यापार वार्ताएं भी शुरू हो गई हैं। उम्मीद की जा रही है कि मौजूदा ट्रेड ट्रूस (व्यापार संघर्षविराम) को 90 दिन और बढ़ाया जाएगा। अमेरिकी वाणिज्य सचिव हावर्ड लटनिक ने इसकी पुष्टि की है।

### रूस-यूक्रेन युद्धः पुतिन को 10-12 दिन की डेडलाइन

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन पर हमला रोकने के लिए अब सिर्फ 10 से 12 दिन का समय दे रहे हैं। यह समयसीमा उन्होंने पहले दी गई 50 दिन की डेडलाइन से काफी कम कर दी है, जो उन्होंने 14 जुलाई को तय की थी। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि अगर 7 से 9 अगस्त तक शांति प्रयासों में ठोस प्रगति नहीं होती, तो अमेरिका रूस पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध और 'भीषण टैरिफ' लगाएगा। उन्होंने कहा, 'अब बहुत हुआ, अब वक्त है कि पुतिन पीछे हटें और युद्धविराम की दिशा में बढ़ें।' हालांकि, रूस की ओर से हमला थमने का नाम नहीं ले रहा।


## सिर्फ कानूनी सलाह देने वाले वकीलों को न बुलाए एजेंसियांः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई में कहा कि किसी वकील को सिर्फ इसलिए समन नहीं किया जा सकता क्योंकि उसने जांच के दायरे में आए किसी व्यक्ति को कानूनी सलाह दी है या उसका प्रतिनिधित्व किया है। हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि कोई वकील अपराध में सहयोग कर रहा है, तो उसे समन किया जा सकता है।

मामला उस समय शुरू हुआ जब ईडी ने वरिष्ठ वकीलों अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को कानूनी सलाह देने और जांच के दौरान पक्षकारों का प्रतिनिधित्व करने के लिए समन भेजा। सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास सिंह और सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन के वकील विपिन नायर ने ईडी की कार्रवाई पर आपत्ति जताई। विकास सिंह ने कहा, 'अगर वकीलों को इस तरह समन किया जाएगा, तो संवेदनशील आपराधिक मामलों में कोई भी कानूनी सलाह देने से कतराएगा। इससे पूरे पेशे पर असर पड़ेगा।' उन्होंने सुझाव दिया कि इस तरह के समन से पहले पुलिस अधीक्षक की अनुमति होनी चाहिए।

## भाजपा नेता के बेटे को डेट कर रहीं सारा





**मुंबई, जेएनएन।** 'मेट्रो इन दिनों' की सक्सेस के बाद बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान एक बार फिर चर्चा में आ गई हैं। सारा शोबिज से दूर शांति के पल गुजार रही हैं। वो भी अपने रियूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ। एक्ट्रेस हाल ही में अर्जुन प्रताप बाजवा के साथ गुरुद्वारे में स्पॉट हुईं। अर्जुन प्रताप बाजवा एक फेमस मॉडल हैं। वह पंजाब में भारतीय जनता पार्टी के हालिया उपाध्यक्ष फतेह जंग सिंह बाजवा के बेटे हैं। एक्ट्रेस का वीडियो सामने आया जिसने हर किसी का ध्यान खींच लिया। वीडियो में सारा के साथ अर्जुन के अलावा कोई और दोस्त या करीबी नजर नहीं आया। इस वीडियो ने दोनों के सीक्रेट डेटिंग की अफवाहों को और जोर दे दिया है। हालांकि दोनों ने साथ में पोज देते नहीं देखा गया, लेकिन फैंस ने कमेंट सेक्शन में उन्हें 'बेस्ट जोड़ी' कहकर खूब सराहा। सारा और अर्जुन के डेटिंग की अफवाहें सबसे पहले अक्टूबर 2024 में तब शुरू हुईं, जब दोनों साथ केदारनाथ दर्शन करने पहुचे थे। अर्जुन ने अक्षय कुमार की 'सिंह इज ब्लिंग' जैसी फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया था।

## देवघरः बस-ट्रक भिड़ंत में 5 कांवड़ियों समेत 6 की मौत

### ड्राइवर बाहर गिरा, 100 मीटर चलती रही बस

**रांची, जेएनएन।** देवघर में बस और ट्रक के बीच टक्कर में 5 कांवड़ियों समेत 6 की मौत हो गई। 24 कांवड़िए घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। हादसा मंगलवार सुबह 5 बजे देवघर के मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक के पास नावापुरा गांव में हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का आधा हिस्सा पूरी तरह से धंस गया। कांवड़ियों के झोले और सामान बस में लटके दिख रहे हैं। हादसे में बस का ड्राइवर सीट समेत नीचे गिर गया। 100 मीटर तक बस बिना ड्राइवर के चली। 8 घायलों का एम्स में इलाज चल रहा है। बाकी लोग सदर अस्पताल में भर्ती हैं। हालांकि, गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर 18 लोगों की मौत की जानकारी दी थी। हादसे पर पीएम मोदी, सीएम हेमंत सोरेन और राज्यपाल ने हादसे पर दुख जताया है। 40 कांवड़ियों से भरी बस देवघर से बासुकीनाथ जा रही थी। देवघर से 18 किमी पहले बस सामने से आ रहे सिलेंडर लदे ट्रक से टकरा गई। पुलिस के मुताबिक, बस ड्राइवर को झपकी आ जाने के कारण हादसा हुआ। टक्कर के बाद ड्राइवर सीट समेत सड़क पर गिर गया, उसकी मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही 3 महिला कांवड़ियों की घटनास्थल पर जान चली गई। 6 मृतकों में 4 बिहार के हैं।

## 94 हजार स्टूडेंट फेल, 6527 को मिली फर्स्ट डिवीजन

**एजुकेशन रिपोर्टर भोपाल।** एमपी बोर्ड की कक्षा 10वीं की मूल परीक्षा के दूसरा अवसर के रिजल्ट मंगलवार का जारी कर दिए गए हैं। इसमें 62,503 स्टूडेंट्स को सफलता मिली है। इसमें 50789 नियमित और 11714 प्राइवेट छात्र पास हुए हैं। जबकि 93935 स्टूडेंट फेल हुए हैं। जानकारी के अनुसार 10वीं की परीक्षा के दूसरे अवसर में शामिल होने के लिए 119048 नियमित और 36427 प्राइवेट स्टूडेंट रजिस्टर्ड थे। इसमें से 119045 नियमित और 36405 प्राइवेट यानि कुल 155450 स्टूडेंट परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें से पास नियमित स्टूडेंट का प्रतिशत 42.67 और प्राइवेट का 32.18 प्रतिशत रहा। इनमें से 6527 फर्स्ट, 46784 सेकंड और 9192 थर्ड डिवीजन पास हुए हैं। इस परीक्षा शामिल होने वाले सबसे ज्यादा वे छात्र थे जो पहली परीक्षा में फेल हो गए थे। इसके अलावा श्रेणी सुधार के लिए भी स्टूडेंट ने परीक्षा दी थी। मंडल की दूसरी परीक्षा 17 जून से 5 जुलाई तक चली। जिला स्तर पर कॉपियों का मूल्यांकन हुआ। परिणाम ऑनलाइन जारी किया गया है। स्टूडेंट अपने रोल नंबर के आधार पर मंडल की वेबसाइट से अपने अंक जान सकेंगे। डिजिटल मार्कशीट भी अपलोड कर सकते हैं। 12 स्टूडेंट के परिणाम रोके गए हैं।




## राजस्थानः अब उदयपुर में आंगनवाड़ी की छत गिरी

**उदयपुर, जेएनएन।** उदयपुर के ग्राम पंचायत मनवाखेड़ा के एकलिंगपुरा गांव में अंबा खादरा आंगनवाड़ी केंद्र की प्लास्टर की छत का एक हिस्सा देर रात गिर गया। उस समय कोई भी बच्चा मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, इस घटना से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और स्थानीय बच्चे स्तब्ध हैं। ग्रामीणों ने दावा किया कि उन्होंने बार-बार पंचायत, संबंधित विभागों को भवन की खतरनाक स्थिति के बारे में सूचित किया था, लेकिन कोई मरम्मत शुरू नहीं की गई। ये घटनाएं अधिकारियों की गंभीर लापरवाही की ओर इशारा करती हैं और शैक्षणिक संस्थानों में सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे की बिगड़ती स्थिति को रेखांकित करती हैं। इस बीच राजस्थान हाईकोर्ट ने झालावाड़ त्रासदी का स्वतः संज्ञान लिया है। न्यायमूर्ति अनूप कुमार ढांड ने घटना को दिल दहला देने वाला, हृदय विदारक और समाज को झकझोर देने वाला बताया और राज्य के सरकारी स्कूलों की स्थिति और सुरक्षा पर गहरी चिंता व्यक्त की। कोर्ट ने कहा, राज्य के बजट का 6 फीसदी शिक्षा के लिए आवंटित होने के बावजूद कई स्कूलों की हालत दयनीय बनी हुई है। हैरानी की बात यह है कि 32 फीसदी सरकारी स्कूलों में बिजली नहीं है।



**राज्य, केंद्र को नोटिसः** कोर्ट ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के साथ राजस्थान के मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को नोटिस जारी कर वर्तमान स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट और तत्काल उठाए जा रहे कदमों की जानकारी मांगी है। कोर्ट ने कई निर्देश भी जारी किए हैं।

### म्यूजिकल जॉब — छोटे शहरों में तैयार हो रहीं रोजगार की नई संभावनाएं

# 'कंसर्ट इकोनॉमी' में 2032 तक 1.2 करोड़ जॉब'

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत की लाइव कंसर्ट इंडस्ट्री अब मनोरंजन तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह देश की आर्थिक संरचना में नया स्तंभ बनकर उभर रही है। एनएलबी सर्विसेज की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, देश की 'कंसर्ट इकोनॉमी' 2032 तक 1.2 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा कर सकती है। यह ग्रोथ मुख्य रूप से टियर-2 और टियर-3 शहरों में बढ़ती मांग, वैश्विक ब्रांडों की भागीदारी, स्थानीय युवाओं की बड़ी संख्या में सहभागिता से प्रेरित है। हाल के वर्षों में भारत में संगीत समारोहों का आकार, आवृत्ति बढ़ रही है। कोल्डप्ले, डुआ लीपा, एड शीरन, सिगरेट्स आफ्टर सेक्स और गन्स एन रोज़ेस जैसे अंतरराष्ट्रीय कलाकार अब भारत के नियमित दौरे पर हैं। जहां मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु अब भी केंद्र में हैं, वहीं गुवाहाटी, जयपुर, कोच्चि और चंडीगढ़ जैसे शहर अब बड़े पैमाने पर कंसर्ट की मेजबानी कर रहे हैं।

**कोल्डप्ले के शो ने जोड़ा 641 करोड़ का असरः** कोल्डप्ले के 2024 अहमदाबाद कंसर्ट ने अकेले 641 करोड़ रुपए की स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति दी, जिसमें 72 करोड़ रुपए का जीएसटी शामिल है। होटल की बुकिंग फुल हो गई, फ्लाइट्स ओवरबुक रहीं और रेस्टोरेंट्स व बार्स ने रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की। यह केवल म्यूजिक शो नहीं था, यह एक आर्थिक उत्सव था। बुकमायशो लाइव जैसे प्लेटफॉर्म इस बदलाव के अग्रदूत रहे हैं। इसके चीफ बिजनेस ऑफिसर नमन पुगलिया के अनुसार, अब भारतीय कंसर्ट 'अंतरराष्ट्रीय पैमाने' पर हो रहे हैं। उन्होंने 'लोलापालूजा इंडिया' और 'बैंडलैंड' जैसे फेस्टिवल का उदाहरण दिया, जहां हर एक इवेंट में 8,500 से ज्यादा नौकरियां बनीं।




### छोटे शहरों में भी बजने लगा ग्लोबल बीट

यह भौगोलिक विस्तार केवल सांस्कृतिक नहीं है, बल्कि सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। एक बड़े कंसर्ट में 15,000 से 20,000 तक अस्थायी नौकरियां बनती हैं, जिसमें लॉजिस्टिक्स, सिक्योरिटी, हॉस्पिटैलिटी, आर्टिस्ट मैनेजमेंट, डिजिटल मीडिया और तकनीकी सेवाएं शामिल हैं। इनमें से 10-15 फीसदी अस्थायी नौकरियां स्थायी रूप ले रही हैं, विशेषकर प्रोडक्शन, लाइटिंग और ऑडियो इंजीनियरिंग जैसी तकनीकी भूमिकाओं में। एनएलबी सर्विसेज के सीईओ सचिन आलूग के अनुसार, 'यह क्षेत्र अब मौसमी नहीं रहा, बल्कि साल भर चलने वाला आर्थिक इंजन बन गया है। सरकार और निजी कंपनियों को अब छोटे शहरों में कौशल विकास में निवेश करना चाहिए।'

### 2025 की लिस्ट और भविष्य की उम्मीदें

2025 में भारत में ट्रैविस स्कॉट, एनरिक इग्लेसियस जैसे बड़े नाम आने वाले हैं। यह इंडस्ट्री अब 15,000 करोड़ रुपए के टर्नओवर की ओर बढ़ रही है, लेकिन इसकी स्थायित्व की कुंजी हैं- बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर, सरकारी सहयोग और युवा कार्यबल का स्किल अपग्रेडेशन। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की कंसर्ट इकोनॉमी केवल संगीत से जुड़ी नहीं है-यह पर्यटन, होटल इंडस्ट्री, डिजिटल मार्केटिंग, युवा कौशल और वैश्विक संबंधों की भी रीढ़ बनती जा रही है। सोशल मीडिया और 'फोमो' (फियर ऑफ मिसिंग आउट) आज इस उद्योग की नई ईंधन शक्ति हैं। प्रशंसकों को डर है कि कहीं वे अपने पसंदीदा कलाकार का अंतिम लाइव शो न चूक जाएं। यही कारण है कि टिकट की मांग अक्सर लॉन्च के कुछ घंटों में ही पूरी हो जाती है।

## बाढ़ नियंत्रण को लेकर सर्तक रहे अधिकारी, मंत्री सिलावट ने ली बैठक

**भोपाल।** प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सोमवार को राजधानी भोपाल स्थित बोधि कार्यालय पहुंचकर विभागीय राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण सेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित कर प्रदेश में मानसून की स्थिति, जलाशयों और बांधों में जलभराव की वर्तमान दशा तथा संभावित आपदा प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लिया। समीक्षा बैठक में मंत्री सिलावट ने अधिकारियों से प्रदेश के विभिन्न जिलों में हो रही वर्षा की अद्यतन जानकारी प्राप्त की। उन्होंने यह भी जाना कि प्रदेश के प्रमुख जलाशयों, नदियों और बांधों में जल स्तर सामान्य है अथवा खतरे की सीमा के निकट पहुंच गया है। बैठक के दौरान अधिकारियों ने मंत्री को वर्षा के क्षेत्रवार आंकड़े, जल संग्रहण प्रतिशत, तथा पिछले वर्षों की तुलनात्मक स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर मंत्री सिलावट ने निर्देश दिए कि संवेदनशील जिलों और क्षेत्रों की निरंतर निगरानी की जाए तथा वहां आपातकालीन आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि संभावित अतिवृष्टि की स्थिति में संपूर्ण प्रशासनिक अमला समन्वित रूप से त्वरित कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

# युवक की झांसी में उपचार के दौरान मौत परिजनों ने लगाया मारपीट का आरोप




## पुलिस मामले की जांच में जुटी, साथी युवक के अलग-अलग वीडियो में उलझी पुलिस

**जागरण, टीकमगढ़।** कोतवाली थाना अंतर्गत आने बाले पुराना बस स्टैंड के पीछे खाई मुहल्ला निवासी एक युवक की झांसी में उपचार के दौरान मौत हो गई है। परिजनों को जैसे ही युवक की मौत की जानकारी लगी तो परिजन सुबह से कोतवाली पहुंचे और शिकायत सौंपकर पुराना बस स्टैंड स्थित कैलाशपति लॉज के मालिक कृष्ण शंकर नायक और उनके भाई रामशंकर नायक पर युवकों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। इसके बाद परिजन एसपी कार्यालय पहुंचे जंहा पर परिजनों ने एसपी से ज्ञापन सौपकर कार्यवाही की मांग की है। शिकायत करते हुए साबू खान ने आरोप लगाते हुए बताया कि घटना 21 जुलाई 2025 की है। जंहा कैलाशपति लॉज पर गोलू पिता रज्जाक खान निवासी पठला मुहल्ला एवम दानिश उर्फ दानी खान पिता साबू खान निवासी खाई मुहल्ला फ्रेश होने के लिए गए हुए थे, जब वह सीढ़ियों पर चढ़ते हुए लॉज में जा रहे थे, तभी कृष्णशंकर नायक ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी, जिससे गोलू को आंख, हाथ-पैरो में चोट आई थी और वह छूट कर घर भाग गया, लेकिन दानिश खान दूसरे दिन बैकुंठी पर घायल अवस्था मे डला हुआ मिला था, जिसे परिजन तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जंहा गंभीर हालत होने पर मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया था, जहां उपचार के दौरान मंगलवार रात्रि में युवक दानिश खान की मौत हो गई। जैसे ही दानिश की मौत की खबर परिजनों ने सुनी तो उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। तत्काल कोतवाली पुलिस ने एक्शन लिया और कैलाशपति लॉज के मालिक कृष्णशंकर नायक और रामशंकर नायक को हिरासत में लेकर पूंछताछ शुरू कर दी। और जगह-जगह लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए।

### गोलू ने बदले बयान

घायल अवस्था में घर पहुंचे युवा के गोलू पिता रज्जाक खान निवासी पठला मोहल्ला ने पहले तो घर और मोहल्ले वालों को कैलाशपति लॉज के मालिक के द्वारा मारपीट की घटना बतलाई, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। लेकिन वही कुछ दिनों बाद उसका दूसरा वीडियो भी सामने आया, जिसमें वह किसी व्यक्ति के दबाव में वीडियो बनाने की बात कहता नजर आया और कैलाशपति लॉज के मालिक द्वारा मारपीट की घटना को नकारता दिखाई दिया। जिसमे उसने कहा कि मुझे जबरदस्ती मूसा खान और कब्बी के द्वारा दुकान में ले जाकर मारपीट की बात कहलवाई गई और उसका वीडियो भी बनाकर वायरल किया गया।

### जाम लगने की सूचना पर पहुंची पुलिस

जैसे ही मृतक युवक दानिश खान का शव टीकमगढ़ पहुचा तो परिजन और मोहल्ले वाले चक्का जाम लगाने की बात कहने लगे। जिसकी सूचना पर एसडीओपी राहुल कटरे, एफएसएल अधिकारी प्रदीप यादव, कोतवाली प्रभारी, देहात थाना प्रभारी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और परिजनों को जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजन राजी हो गए और मृत युवक को सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

### इनका कहना है

पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है, जांच में जो भी दोषी पाया जायेगा, उस पर सख्त से सख्त कार्यवाही

**राहुल कटरे, एसडीओपी टीकमगढ**

# नशे से बर्बादी तय, युवा बनें जागरूक : पुलिस अधीक्षक

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान का समापन, जागरूकता रैली से गूंजा शहर




**जागरण, टीकमगढ़।** नशा बर्बादी की ओर ले जाता है, इससे जितनी दूरी रखी जाए, उतना बेहतर है यह संदेश टीकमगढ़ पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जिलेवासियों को दिया। वह नशे से दूरी है जरूरी अभियान के समापन अवसर पर जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते हुए बोल रहे थे। पुलिस लाइन से रवाना हुई यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों से होते हुए नशा मुक्ति का संदेश लेकर निकली। पुलिस अधीक्षक मनोहर मंडलोई ने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर विद्यार्थियों, युवाओं और आम नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। युवाओं को नशा न करने और जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जाने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, ट्रैफिक प्रभारी कैलाश पटेल, कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र छारी, देहात थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव, सूबेदार उत्तम सिंह सहित कोतवाली, देहात और पुलिस लाइन का समस्त बल उपस्थित रहा। कार्यक्रम के दौरान खेल विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुलिस अधीक्षक श्री मंडलोई द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे नशा न करने की शपथ लें और समाज में जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। अभियान के समापन ने नशामुक्त समाज की दिशा में एक सशक्त संदेश दिया, जिसमें पुलिस विभाग की यह पहल पूरे जिले के लिए प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरी है।

# अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर पन्ना टाइगर रिजर्व द्वारा द्वारा कराई गई अनेक प्रतियोगिताएं मैराथन दौड़ के साथ-साथ निबंध प्रतियोगिता कवि सम्मेलन आयोजित

**जागरण,पन्ना।** अंरराष्ट्रीय बाघ दिवस 29 जुलाई के अवसर पर पन्ना टाइगर रिजर्व द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए अनेक प्रकार की प्रतियोगिताएं विभाग द्वारा आयोजित की गई 28 जुलाई को केंद्रीय विद्यालय पन्ना में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें एक सैकड़ा से अधिक बच्चों ने भाग लिया प्रतियोगिता में उपस्थित बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किए गए दूसरे दिन 29 जुलाई को को सुबह मैराथन प्रारंभ की गई उक्त द्वारा छत्रसाल स्टेडियम से नगर के विभिन्न चौराहा अस्पताल चौराहा बादशाह साईं चौराहा आगरा मोहल्ला चौराहा गांधी चौक बड़ा बाजार गोविंद चौक बलदेव चौक कोतवाली चौराहा होते हुए वापस स्टेडियम पहुंचकर समापन हुआ तत्पश्चात महाराजा छत्रसाल पीएम श्री कॉलेज में समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिता में शामिल हुए प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किए गए कार्यक्रम में उप संचालक मोहित सूद वन मंडल अधिकारियों पर वन मंडल अधिकारी उत्तर गर्वित गंगवार दक्षिण अनुपम शर्मा सहायक उपवन मंडल अधिकारी सहित महाविद्यालय के प्राचार्य एचडी चतुर्वेदी प्र अध्यापक एवं भारी संख्या प्रतिभागी शामिल रहे कार्यक्रम का सफल संचालन सेवानिवृत्ताचार्य प्रमोद अवस्थी द्वारा किया गया तत्पश्चात रात्रि के समय स्थानीय श्री जुगल किशोर जी मंदिर में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें नगर के अनेक साहित्यकारों ने कविता पाठ करके उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर किया।

# ओरछा रेलवे स्टेशन को मेमू स्पेशल ट्रेन में शामिल करने की मांग

## भाजपा नेता विकास यादव ने मंडल रेल प्रबंधक को लिखा पत्र



**जागरण, टीकमगढ़।** भाजपा नेता विकास यादव ने झांसी रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक को पत्र लिखकर वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई झांसी से ललितपुर तक 5 अगस्त 2025 से शुरू हो रही नई मेमू स्पेशल ट्रेन (01821/01822) को ओरछा रेलवे स्टेशन पर भी ठहराव देने की मांग की है। श्री यादव ने पत्र में कहा कि यह ट्रेन यात्रा के दौरान 18 स्टेशनों पर रुकेगी, लेकिन हैरानी की बात है कि यह ऐतिहासिक और विश्वप्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन नगरी ओरछा में नहीं रुकेगी। उन्होंने बताया कि ओरछा में श्रीरामराजा सरकार का प्रसिद्ध मंदिर स्थित है, जहां देश-विदेश से श्रद्धालु और पर्यटक प्रतिदिन बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन-बेतवा लिंक परियोजना के भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान ओरछा को विश्व धरोहर के रूप में विकसित करने की बात कही थी। इसके तहत केंद्र सरकार द्वारा ओरछा के विकास के लिए राशि जारी कर दी गई है और कार्य भी शुरू हो चुके हैं। साथ ही, प्रधानमंत्री ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित ओरछा स्टेशन का लोकार्पण भी किया है। इसके अतिरिक्त केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से ओरछा स्टेशन पर उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस और बुंदेलखंड एक्सप्रेस का ठहराव भी शुरू कराया गया है। विकास यादव ने आग्रह किया कि नई मेमू ट्रेन की समय सारणी में संशोधन कर ओरछा रेलवे स्टेशन को इसमें शामिल किया जाए, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं को यात्रा में आसानी हो सके।

# भारी बारिश से किसानों की फसलें तबाह

## टीकमगढ़ विधायक यादवेंद्र सिंह ने विधानसभा में उठाई किसानों की पीड़ा



**जागरण, टीकमगढ़।** जिले सहित पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खेतों में जलभराव के कारण जहां एक ओर कई किसान अभी तक खरीफ फसलों की बोनी नहीं कर पाए हैं, वहीं जिन किसानों ने पहले ही बोनी कर दी थी, उनकी फसलें बर्बाद हो गई हैं। खेतों में पानी भरने से फसलें सड़ने लगी हैं, जिससे अन्नदाता गंभीर संकट से जूझ रहा है। इसी के साथ, तेज बारिश के चलते कई कच्चे मकान गिर गए हैं, जिससे गरीब परिवारों को काफी नुकसान हुआ है। बिजली गिरने की घटनाओं में कई लोगों की जान भी चली गई है। यह हालात जिले में आपदा जैसे बनते जा रहे हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए टीकमगढ़ विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने विधानसभा में किसानों की पीड़ा को मजबूती से उठाया। उन्होंने सरकार का ध्यान विशेष रूप से टीकमगढ़ जिले के किसानों की समस्याओं की ओर आकृष्ट किया। विधायक यादवेंद्र सिंह ने जोर देकर कहा कि किसानों की आजीविका खतरे में है और ऐसे में प्रशासन को तत्काल सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा और बीमा राशि प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि टीकमगढ़ जिले के किसान राज्य सरकार की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं, ऐसे में प्रशासनिक निष्क्रियता निंदनीय है। विधायक ने मांग की कि जिला प्रशासन तत्काल प्रभाव से राहत कार्य शुरू करे और राज्य सरकार किसानों को राहत पहुंचाने के लिए विशेष सहायता पैकेज जारी करे। वहीं पृथ्वीपुर विधायक नितेंद्र सिंह राठौर ने भी शून्यकाल के दौरान निवाड़ी और टीकमगढ़ जिले में अतिवृष्टि से हुई तबाही का मुद्दा उठाया और प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग की।

### पुराना पुल भी खतरे में, विधायक ने रखरखाव की उठाई मांग

इसके अलावा विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने विधानसभा में एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि पपौरा चौराहे से पुरानी टिहरी रोड पर स्थित ऐतिहासिक पुल की बगल में बनी सुरक्षा दीवार बारिश के चलते गिर गई है, जिससे पुल को खतरा उत्पन्न हो गया है। स्थानीय निवासी लंबे समय से इस पुल के जीर्णोद्धार की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। विधायक यादवेन्द्र सिंह बुंदेला ने स्पष्ट कहा कि यदि समय रहते इस पुल की मरम्मत नहीं कराई गई, तो यह पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकता है, जिससे आवागमन बाधित हो जाएगा और आम जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ेगी।

# मुख्यमंत्री ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में सुनीं आवेदकों की समस्याएं

## नागरिक सेवाओं एवं योजनाओं संबंधी प्रकरण समय सीमा में निराकृत करने दिए निर्देश




**जागरण, पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के आवेदकों की समस्याएं सुनकर शिकायतों के निराकरण की कार्यवाही व प्रक्रिया की जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों को आमजनों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ तथा निर्धारित समयावधि में निराकरण करने के निर्देश दिए। विभिन्न आवेदकों की शिकायतों के तत्समय निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया। समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी व्हीसी कक्ष में कलेक्टर सुरेश कुमार सहित पुलिस उप महानिरीक्षक ललित शाक्यवार, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा, वनमंडलाधिकारी गर्वित गंगवार एवं अनुपम शर्मा, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में कहा कि आम जनता को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ निरंतर रूप से सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा वर्षाकाल के दृष्टिगत एवं विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव के लिए आवश्यक उपायों पर भी चर्चा की गई। उन्होंने हितग्राहीमूलक स्वरोजगार योजनाओं का समय पर लाभ प्रदान करने सहित विभिन्न योजनाओं में बकाया राशि के अविलंब भुगतान तथा अभियान संचालित कर लापता बेटियों की खोजबीन करने के निर्देश भी दिए। छात्रवृत्ति भुगतान के प्रकरणों में प्रक्रियागत त्रुटि दूर करने सहित पीएम आवास योजना के किश्त के समय पर प्रदाय की बात भी कही। मुख्यमंत्री द्वारा सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत विभागवार प्रदर्शन की समीक्षा की गई। साथ ही निम्न प्रदर्शन वाले विभागों क्रमशः जनजातीय कार्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों को जनहितैषी कार्यों व योजनाओं की मॉनिटरिंग कर निर्धारित कार्ययोजना के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घना में घायल व्यक्तियों के समय पर उपचार एवं जीवन रक्षा के लिए संचालित नवीन योजना का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन भी सुनिश्चित कराएं। जिला प्रशासन द्वारा एम्बुलेंस की सुलभ उपलब्धता तथा पीड़ित व्यक्ति के सही व उचित उपचार के लिए निर्धारित गंतव्य तक रवानगी के संबंध में निरंतर मॉनिटरिंग भी की जाए। योजना अंतर्गत एक लाख 50 हजार रुपए तक के निःशुल्क उपचार के लिए विभिन्न अस्पतालों द्वारा पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण की जाए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों का निरीक्षण भी किया जाए। इसके अलावा राहवीर योजना एवं एयर एम्बुलेंस सुविधा का व्यापक प्रचार प्रसार भी करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों में समय-समय पर आयोजित होने वाले रोजगार मेलों को प्रभावी बनाया जाए। छोटे उद्यमियों को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की योजनाओं का सही व पारदर्शी तरीके से लाभ मिले। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग द्वारा जन हानि अथवा फसल नुकसान इत्यादि के प्रकरणों में राहत राशि का त्वरित वितरण किया जाए। राजस्व विभाग अंतर्गत सायबर तहसील प्रणाली में समय-समय पर पटवारी एवं राजस्व अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों का निरीक्षण भी करें। मुख्यमंत्री ने आगामी पर्वों तथा श्रावण मास की समाप्ति पर आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान सौहार्द्रपूर्ण माहौल तथा बेहतर कानून व्यवस्था के संबंध में भी जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने अवगत कराया कि आगामी स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न स्थानों पर राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम, जनता के नाम संबोधित संदेश एवं भाषण का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके लिए भी समय पूर्व बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव अनुराग जैन द्वारा उत्पादन इकाईयों में पहली नौकरी पर कर्मचारी को दो किश्तों में मिलने वाली 15 हजार रुपए की नवीन प्रोत्साहन राशि योजना के बारे में अवगत कराया गया। यह योजना एक अगस्त 2025 से आगामी 2 वर्ष के लिए प्रभावशील होगी। इसमें बीमा एवं पीएफ कटौती वाले नियोक्ताओं को भी प्रति कर्मचारी 3 हजार रूपए प्रति माह का भुगतान किया जाएगा।

# नशे से दूरी है ज़रूरी : जन-जागरूकता अभियान का समापन





## डी.आई.जी. छतरपुर ललित शाक्यवार की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम उपपुलिस महानिरीक्षक छतरपुर द्वारा अपने संबोधन में मादक पदार्थों के दुष्परिणामों, समाज पर उनके प्रभाव पर विस्तार पूर्वक की गई चर्चा

**जागरण, पन्ना।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में नशे से दूरी है ज़रूरी जन-जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कष्ण एस. थोटा के नेतृत्व मे पन्ना जिले में विगत 15 दिवसों से चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों का आज सफल समापन हुआ। इस अवसर पर डी.आई.जी. छतरपुर रेंज ललित शाक्यवार विशेष रूप से उपस्थित रहे। समापन समारोह में कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण, नगर एवं समाजसेवी, गणमान्य नागरिक, ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्य, मीडिया प्रतिनिधि एवं अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले स्कूली छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### डी.आई.जी. छतरपुर द्वारा प्रेरक उद्बोधन

मुख्य अतिथि डी.आई.जी. छतरपुर ललित शाक्यवार ने अपने संबोधन में मादक पदार्थों के दुष्परिणामों, समाज पर उनके प्रभाव पर विस्तार पूर्वक चर्चा की एवं पुलिस हेल्पलाइन नम्बर, नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की। उन्होंने नशा एक सामाजिक बुराई बताते हुए युवाओं से इसके विरुद्ध खड़े होने की अपील की। समापन अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। यह क्षण प्रेरणादायक और संदेशप्रद रहा, जिसमें युवाओं एवं नागरिकों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

### 15 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम की झलकियाँ

समापन के पूर्व पन्ना पुलिस द्वारा पूरे जिले में जन-जागरूकता की दृष्टि से अनेक प्रभावशाली गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें शामिल हैं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुतियों द्वारा आमजन को नशे के खिलाफ संदेश दिया गया। साइकिल रैली एवं जागरूकता पदयात्राओं के माध्यम से जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया गया। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में स्लोगन लेखन, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिताएँ आयोजित कर विद्यार्थियों को अभियान से जोड़ा गया। शासकीय व अशासकीय संस्थानों, रिक्शा-वाहनों, एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता पंपलेट चिपकाए गए। चौराहों, ग्रामीण अंचलों एवं बाजार क्षेत्रों में जाकर जनसंवाद स्थापित किया गया। पन्ना पुलिस के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफार्मों एवं इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया के माध्यम से भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया, जिससे जागरूकता का संदेश जिले के कोने-कोने तक पहुँचा।

**सम्मान समारोह :** अभियान के दौरान सक्रिय भूमिका निभाने वाले छात्र-छात्राओं, पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं अन्य सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# रेड रिबन क्लब की सलाहकार समिति की बैठक आयोजित



**जागरण, पन्ना।** छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी के निर्देशन में महाविद्यालय में सत्र 2025- 26 में रेड रिबन क्लब की गतिविधियों के आयोजन हेतु गठित सलाहकार समिति की बैठक आज दिनांक 30 जुलाई 2025 को महाविद्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में रेड रिबन क्लब के संयोजक डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने सत्र 2025-26 में महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब द्वारा आयोजित की जाने वाली गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। इस बैठक में महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब सलाहकार समिति की बैठक, नए पियर एजुकेटर का चुनाव, एड्स जागरूकता सत्र आयोजित करने, अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाने, पेंटिंग कंपटीशन, रील मेकिंग, नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से एड्स जागरूकता फैलाने तथा एचआईवी/ एड्स, कुष्ठ रोग से बचाव हेतु उपाय आदि पर चर्चा की गई। इस बैठक में समिति के गणमान्य सदस्य डॉ बी एन जायसवाल,सिद्धू सिंह,पीयूष शर्मा ,अरविंद निषाद ने उपस्थित होकर बैठक में उक्त प्रस्ताव पर चर्चा करके अपना निर्णय सर्वसम्मत से पारित किया।

# नशा नाश की जड़ है नशा करने से व्यक्ति का संपूर्ण जीवन बर्बाद हो जाता है : ब्रह्माकुमारी बहन जी

**जागरण, पन्ना।** पन्ना नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमारी विद्यालय पन्ना द्वारा दक्षिण वन मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया ब्रह्माकुमारी बहन जी ने सभी को चित्रों के माध्यम से नशे से होने वाले नुकसानों से अवगत कराया आपने कहा कि अगर व्यक्ति नशा करता है तो सिर्फ आर्थिक ही नहीं बल्कि शारीरिक, पारिवारिक एवं सामाजिक क्षति होती है इसलिए यदि हमें अपने परिवार का समाज का उत्थान करना है तो नशे से हमेशा दूर रहना होगा, आपने कहा कि व्यसन एक ऐसा मार्ग है जो धीमे जहर की तरह हमारे शरीर को खोखला करता है सोचिए आपने एक कार सिर्फ पांच से दस लाख रूपये में खरीदी,जो पेट्रोल से चलती है आप उसकी कितनी साफ सफाई रखते हैं उसमें पेट्रोल की जगह डीजल नहीं डालते क्यों, क्योंकि कहीं इंजन खराब ना हो जाए तो जरा सोचिए शरीर रूपी गाड़ी में आप क्या-क्या डालते हैं शराब, तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट, गुटका कुछ भी उस गाड़ी को पेट्रोल पंप पर खड़ा करके उसमें पेट्रोल डालते हैं और इस गाड़ी में, जरा सोचिए और अपने जीवन से प्यार कीजिए जो धन आप व्यसन नशे में खर्च कर रहे हैं वही आप अपने परिवार के लिए अपने बच्चों के लिए समाज कल्याण के हित में लगाइए, सभी को रोज कुछ पल ध्यान करने के लिए प्रेरित किया जब हम सभी ध्यान करते हैं तो हमारी आंतरिक शक्तियां जागृत होती हैं और हम बुरी चीज गलत चीजों को छोड़ने के लिए मजबूर हो जाते हैं, सभी ने नशा छोड़ने की प्रतिज्ञा की दक्षिण वन डीएफओ अनुपम शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि दीदी ने जो हम सबको समझाया उसका हमें अनुकरण करके अपने जीवन का परिवर्तन करना है कार्यक्रम में सभी अधिकारी एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

# अडानी प्रोजेक्ट बंधौरा में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तीन दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण





**जागरण, बैढ़न**

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली द्वारा संचालित सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया के अंतर्गत तीन दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन अडानी प्रोजेक्ट बंधौरा में किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन एस. डी.सिंह के दिशा.निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 28 से 30 तक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का नेतृत्व फर्स्ट एड ट्रेनिंग ऑफिसर डॉ.सुशील सिंह चंदेल द्वारा किया गया जिसमें अडानी परियोजना के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइट ऑफिस बिल्डिंग में प्राथमिक चिकित्सा के विभिन्न पहलुओं पर सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण की शुरुआत रेडक्रॉस सोसायटी की उत्पत्ति इतिहास एवं उसकी कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी से की गई। साथ ही रेडक्रॉस द्वारा संचालित विभिन्न विंग्स एवं सेवाओं की भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को प्राथमिक चिकित्सा के उद्देश्यों उसकी आवश्यकता एवं उसकी उपयोगिता के बारे में समझाया गया। उन्हें यह बताया गया कि समय पर दी गई प्राथमिक चिकित्सा न केवल घायल व्यक्ति की जान बचा सकती है बल्कि उसके स्वस्थ होने की प्रक्रिया को भी तेज कर सकती है। प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु प्राथमिक चिकित्सा के मूल सिद्धांत आपात स्थिति में सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण डमी मॉडल के माध्यम से रिकवरी पोजिशन मेडिकल एवं सर्जिकल इमरजेंसी की पहचान एवं प्रबंधन फ्रैक्चर मांसपेशियों जोड़ों तथा सिर गर्दन एवं रीढ़ की हड्डी की चोटों की प्राथमिक देखभाल स्प्लिंट्स एट.शेप बैंडेज एवं कॉलर बोन चोट प्रबंधन स्ट्रेचर एवं वैकल्पिक ट्रांसपोर्ट तकनीकों का उपयोग हार्ट अटैक रक्तस्राव जलने एवं हड्डी टूटने की स्थिति में फर्स्ट एड उपाय कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया जिसे जीवन रक्षक तकनीक के रूप में उपयोग किया जाता है। प्रशिक्षुओं को बताया गया कि जब किसी व्यक्ति की सांस या हृदय गति बंद हो जाती है तो उसे जीवित रखने का एकमात्र तरीका हो सकता है। डा. सुशील सिंह चंदेल ने बताया कि फर्स्ट एड की जानकारी हर नागरिक के पास होनी चाहिए। आपातकालीन परिस्थिति में सही निर्णय और तत्काल प्रतिक्रिया किसी भी व्यक्ति का जीवन बचा सकती है। प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि प्राथमिक उपचार करते समय क्या सावधानियां बरतनी चाहिए कौन सी सामान्य गलतियों से बचना चाहिए तथा कैसे अपने आसपास के लोगों को भी इस बारे में जागरूक किया जा सकता है। फर्स्ट एड ट्रेनर डॉ.चंदेल के सहयोगी जय प्रकाश दुबे द्वारा प्रशिक्षण सत्र के संचालन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल व्यावसायिक दृष्टिकोण से उपयोगी रहा बल्कि यह प्रत्येक प्रतिभागी के लिए एक मानवीय उत्तरदायित्व की समझ भी विकसित करने वाला अनुभव साबित हुआ। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने फर्स्ट एड के प्रति अपनी जागरूकता एवं तत्परता को बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

# शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालक पर न्यायालय द्वारा 61000 रूपये जुर्माना अधिरोपित



**जागरण, बैढ़न।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन एवं नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते के निर्देशन में थाना यातायात पुलिस टीम द्वारा मध्यरात्रि को औचक चेकिंग लगाया जाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की चेकिंग की जा रही थी जिसमें ट्रेलर का चालक शराब के नशे में पाया गया वाहन को जप्त कर न्यायालय भेजा गया था सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य चलाए जा रहे अभियान के तहत मध्य रात्रि में अलग.अलग टीम लगाया जाकर शहर के निगाही मोड अमलोरी तिराहा एवं पुराना ट्रैफिक तिराहा पर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान वाहनों को समझाइश दी गई थी शराब या अन्य कोई मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने से मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है एवं वाहन पर समुचित नियंत्रण नहीं हो पाता जिस कारण से दुर्घटनाएं घटित हो जाती है शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालक पर न्यायालय द्वारा 61000. रूपये जुर्माना अधिरोपित किया गया है किया गया है।

**गत 7 माह में 105 वाहनों पर हुई कार्यवाही :** यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध जनवरी से जुलाई तक 105 वाहनों पर कार्रवाई की गई एवं वाहनों को जप्त कर न्यायालय भेजा गया जिसमें न्यायालय द्वारा 1050000 जुर्माना अधिरोपित किया गया है किया गया है।

**82 वाहन चालको का लाइसेंस निलंबन कराया गए :** न्यायालय के आदेशानुसार जनवरी से जुलाई तक मे 82 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन कराए जाने हेतु प्रस्ताव संबंधित जिला परिवहन कार्यालय में भेजा जाएगा यातायात पुलिस ने अपील की है कि शराब पीकर वाहन न चलाएं एवं यातायात नियमों का पालन करें उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी यातायात सउनि सवालिया रावत प्रधान आरक्षक उमेश बागरी आरक्षक रवि मिश्रा एवं आरक्षक प्रवेश तिवारी अन्य यातायात पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।

# पेड़ लगाएं क्योंकि एक पेड़ सौ पुत्र समान है : डॉ स्वाति



## आदर्श ग्राम कोरसर में नवांकुर योजना अंतर्गत हरियाली यात्रा कार्यक्रम संपन्न

**जागरण, सरई।** मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम डॉ.मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश के प्रत्येक ग्राम तहसील ब्लाक में महिलाओं को प्रकृति से जोड़ने का हरियाली यात्रा कार्यक्रम मनाया जा रहा है जहां नवांकुर संस्थाओं द्वारा चयनित आदर्श ग्रामों में हरियाली यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उसी तरह से जिले के चितरंगी जनपद पंचायत अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत कोरसर में मुख्य अतिथि कमलेंद्र प्रताप सिंह जिला पंचायत सदस्य कोरसर सरपंच डा. स्वाति सिंह चंदेल जिला समन्वयक राजकुमार विश्वकर्मा ब्लॉक समन्वयक चितरंगी नवांकुर संस्था के अध्यक्ष रामसूरत विश्वकर्मा सचिन सिंह चंदेल लालधारी जायसवाल जग प्रसाद सीमा भारती सत्यनारायण मौर्य संजीव कुमार मौर्य सचिव एवं रोजगार सहायक अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता सेक्टर के पदाधिकारियों के नेतृत्व में निर्धारित रूप रेखा के अनुसार नवांकुर सखी हरियाली महोत्सव कलश यात्रा वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें संस्था द्वारा 1100 पौधे तैयार कर 5.-5 पौधे का वितरण किया गया कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के प्रतिमा पर मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर पुष्पगुच्छ समर्पित किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया साथ ही साथ उपस्थित नवांकुर सखियों को कार्यक्रम की विशेषता के बारे में बताया गया । इसके बाद नवांकुर सखियों द्वारा बाजे.गाजे एवं पेड़ के साथ कलश यात्रा निकालकर प्रकृति संरक्षण पर्यावरण सुरक्षा वृक्षारोपण का संदेश दिया गया साथ ही साथ उपस्थिति कार्यक्रम में नवांकुर सखियों को पौधों का भी वितरण किया गया और उन्हें बताया गया कि जो पौधे दिए जा रहे हैं उन्हें आप अपने खेतों में लगाकर बच्चों की तरह पालन पोषण भी करें। बस इतना ही नहीं पेड़ आक्सीजन प्रदान करते हैं पेड़ प्रकाश संश्लेषण नामक प्रक्रिया के माध्यम से कार्बन डाइऑक्साइड का उपयोग करके ऑक्सीजन छोड़ते हैं सबसे ज्यादा ऑक्सीजन देने वाले पौधों में पीपल बरगद और नीम जैसे पेड़ शामिल है यह पौधे न केवल दिन में बल्कि रात में भी ऑक्सीजन छोड़ते हैं इसके अलावा सबसे ज्यादा ऑक्सीजन देने वाला इनडोर पौधा माना जाता है यह पौधा न केवल हवा को शुद्ध करता है बल्कि नमी के स्तर को बनाए रखने में भी मदद करता है ऐसा ऐतिहासिक कार्यक्रम देखने को मिला जो पर्यावरण के क्षेत्र में नवांकुर सखियों के माध्यम व जन सहयोग से निश्चय ही पर्यावरण संरक्षण होगा।

# नशा केवल व्यक्ति ही नहीं पूरे परिवार और समाज को बर्बादी की ओर ले जाता है

## नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान का समापन समारोह संपन्न



**जागरण, बैढ़न।** मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 15 से 30 जुलाई तक पूरे प्रदेश में नशे से दूरी है ज़रूरी विषय पर विशेष जन.जागरूकता अभियान संचालित किया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षकमनीष खत्री के मार्गदर्शन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन के पर्यवेक्षण एवं नगर पुलिस अधीक्षक विन्ध्यनगर पी.एस.परस्ते के नेतृत्व में सिंगरौली जिले में प्रभावशाली रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा.अर्चना एवं दीप प्रज्वलन से हुई। सस्वती शिशु मंदिर विन्ध्यनगर के बच्चों ने भावपूर्ण स्वागत गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भक्ति और संस्कृति से सराबोर कर दिया। अतिथियों का स्वागत परंपरागत गमलों एवं पौधों के माध्यम से किया गया जो पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव व डीजीपी कैलाश मकवाना द्वारा नशे से दूरी पर भेजे गए विशेष संदेशों को प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थितजनों को दिखाया गया जिसे सभी ने अत्यंत सराहना के साथ देखा। सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों ने प्रेरणादायक गीतों के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया जिससे दर्शकों के हृदय पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। उपस्थित विद्यार्थियों को नशा मुक्ति संदेश वाले बैज टी.शर्ट कैप एवं पंपलेट वितरित किए गए। जागरूकता हेतु प्रोजेक्टर से वीडियो भी चलाए गएए जिसने दृश्य माध्यम से प्रभावशाली संप्रेषण किया। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने बताया कि नशे से दूरी है जरूरी अभियान मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाया गया एक समर्पित प्रयास है जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग तक जागरूकता पहुँचाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों शैक्षणिक संस्थानों जनप्रतिनिधियों और आम जन के सहयोग से एकजुट होकर कार्य किया गया है। इस अभियान में विशेष ध्यान युवाओं और विद्यार्थियों पर केंद्रित किया गयाए क्योंकि यही राष्ट्र का भविष्य हैं। हमारा प्रयास रहा है कि यह संदेश प्रत्येक घर गली मोहल्ले और विद्यालय तक पहुँचे कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं पूरे परिवार और समाज को बर्बादी की ओर ले जाता है। एक जागरूक समाज किसी भी बुराई को न तो स्वीकार करता है और न ही चुप रहता हैए बल्कि उसका डटकर विरोध करता है। नशा न केवल आर्थिक नुकसान पहुंचाता है बल्कि जीवन की दिशा भी भटका देता है और हमारे देश की प्रगति में भी बाधा बनता है। इसलिए यह आवश्यक है कि हम सब मिलकर दृढ़ संकल्प लें न तो स्वयं किसी भी प्रकार के नशे का सेवन करेंगे और न ही अपने आस.पास किसी को ऐसा करने देंगे। समाज तभी सुरक्षित स्वस्थ और समृद्ध बन सकेगा जब हम मिलकर इस नशे के जहर को जड़ से समाप्त करने का बीड़ा उठाएंगे। कार्यक्रम में डीपीएस स्कूल के प्राचार्य जनार्दन पाण्डेय एवं सिंगरौली जिला विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दिलीप शाह द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गये।

**प्रतियोगिताएं एवं पुरस्कार वितरण :** अभियान के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थाओं में आयोजित चित्रकला रंगोली पोस्टर मेकिंग निबंध एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रथमद्वितीय एवं तृतीय स्थान के प्रमाण.पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में अशोक पाण्डेय एवं उनकी टीम द्वारा गीत.संगीत एवं वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति से नशे के दुष्परिणामों पर अत्यंत प्रभावशाली जागरूकता सत्र हुआ जिसे दर्शकों ने सराहा। अभियान के दौरान जिले भर में थाना प्रभारियों द्वारा आयोजित विविध गतिविधियों में खेल संवाद शपथ नुक्कड़ नाटक रैली चित्रांकन सोशल मीडिया पोस्टिंग आदि ने अभियान को जन.जन तक पहुँचाया।

**कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं गणमान्य जनों की उपस्थिति :** कार्यक्रम में जिला विकास प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेन्द्र परमार नगर पुलिस अधीक्षक पी.एस. परस्ते प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक अपुर्व सक्सेना डीपीएस स्कूल प्राचार्य जनार्दन पाण्डेय रक्षित निरीक्षक केशव सिंह चौहान थाना प्रभारी विंध्यनगर, श्रीमती अर्चना द्विवेदी थाना प्रभारी नवानगर कपूर त्रिपाठी महिला थाना प्रभारी, श्रीमती आराधना सिंह सूबेदार आशिष तिवारी स्थानीय जनप्रतिनिधिगण नगर रक्षा समिति सदस्यगण समाजसेवी एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र.छात्राएँ एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र पाण्डेय द्वारा किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य केवल एक आयोजन नहीं था बल्कि समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक दृढ़ कदम था।

## सिंगरौली पुलिस ने अशोक पांडे को किया सम्मानित



**जागरण, बैढ़न।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिले में आयोजित नशा मुक्ति कार्यक्रम के आज समापन अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन एनटीपीसी विंध्याचल के मैत्री सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिंगरौली एसपी मनीष खत्री ने स्टेज के दूरदर्शन कलाकार अशोक पांडे को उनके द्वारा नशा मुक्ति कार्यक्रम में दिए गए योगदान के लिए सम्मानित किया ज्ञात हो अशोक पांडे इस कार्यक्रम में गीत संगीत नाटक के माध्यम से सिंगरौली पुलिस के आयोजन में अग्रणी भूमिका निभाए है।

## लायंस क्लब ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस



**जागरण, रीवा।** लायंस क्लब द्वारा मंगलवार को विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर कक्षा 9 वीं व 10 वीं के बच्चों के बीच चित्रकला स्पर्धा का आयोजन कराया गया, जिसमें उत्कृष्ट तीन प्रथम, द्वितीय व तृतीय चित्र बनाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किए जाने की बात कही। कार्यक्रम का उद्देश्य विश्व में टाइगर की घटती संख्या की ओर जागरुकता लाना है। सभी प्रतिभागियों को कलर पेंसिल व ड्राइंग शीट उपलब्ध कराई गई। स्कूल प्राचार्य आनंद बहादुर सिंह ने क्लब के समस्त सदस्यों का स्वागत किया। अध्यक्ष लायंस गुलशन चड्ढा ने शॉल, श्रीफल से प्राचार्य का सम्मान किया। क्लब सचिव डॉ. आरती गुप्ता ने उक्त विषय पर विस्तार से जानकारी दी। क्लब के वरिष्ठ सदस्य बीपी सूरी ने बच्चों को वन्य जीवों के (बाघों) विषय में महत्वपूर्ण जानकारी व उनके संरक्षण, संवर्धन के बारे में समझाया। सहसचिव अतुल अग्रवाल ने जंगल, जल, झरनों और घने पेड़ों की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। अंजू सूरी व आशा तिवारी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें स्पर्धा में बढ़-चढ़कर भाग लेने का हौसला बढ़ाया।

# डीएवी पब्लिक स्कूल सूर्य विहार में छात्र परिषद का गठन और अलंकरण समारोह संपन्न




**जागरण, बैढ़न।** डीएवी पब्लिक स्कूल सूर्य विहार में आज विद्यालय के छात्र परिषद का गठन एवं सम्मान कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य मृत्युंजय कुमार तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ हुआ। जिसमें विद्यालय के हेड बॉय कक्षा 12वीं के छात्र श्रीनिवास तिवारी एवं हेड गर्ल रचना कुमारी बैस मनोनीत हुई। साथ ही विद्यालय के चारों सदनों के हाउस कैप्टन और वाइस कैप्टन के नाम की घोषणा की गई । दयानंद हाउस की ओर से सुग्रीव कुमार बैस विवेकानंद सदन की ओर से प्रियंका शाह अरबिंदो सदन की ओर से सुनील सिंह और श्रद्धानंद सदन की ओर से सोनमती पांडो को सदन प्रतिनिधि के रूप में कैप्टन मनोनीत किया गया। छात्र समूह की ओर से विद्यालय का स्पोर्ट्स कैप्टन 12वीं कक्षा के नीतीश बैस तथा छात्राओं की ओर से 12वीं कक्षा की मानसी सिंह को स्पोर्ट्स कैप्टन नियुक्त किया गया । छात्र प्रतिनिधि समेत सभी चयनित छात्र.छात्राओं को विद्यालय की सीसीए प्रभारी शिक्षिका श्रीमती रंजीता पाण्डेय द्वारा सामूहिक शपथ दिलाई गई। इस अलंकरण समारोह का उद्देश्य विद्यालय में अध्यनरत छात्रों के अंदर पठन.पाठन के साथ.साथ नेतृत्व क्षमता का विकास करना होता है। सभी चयनित छात्रों को वर्ष भर में होने वाले सभी शैक्षणेतर कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता देने हेतु निर्देशित किया गया । कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए दायित्व बोध कराया और आशा व्यक्त की कि आज से छात्रों को जो नई भूमिका सौंपी गई है उस पर वे पूर्ण समर्पण लगन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करेंगे और अपनी जिम्मेदारियां समझ कर विद्यालय की गरिमा को और ऊंचाई तक ले जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के वरिष्ठ संस्कृत शिक्षक शिवराज मिश्रा ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

# बच्चों की ट्रैफिकिंग से निपटने के लिए सभी एजेंसियों व विभागों को साथ मिलकर कार्रवाई करने की जरूरत

## मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस के अवसर पर कनपुरा कुटुंबकम संस्थान की पहल



**जागरण, बैढ़न।** मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस के अवसर पर कनपुरा कुटुंबकम संस्थान की पहल पर जिले में हुए कार्यक्रम में बाल संरक्षण और बाल अधिकारों के क्षेत्र से जुड़े सभी प्रमुख हितधारक एक साथ आए। इस कार्यक्रम में बाल कल्याण समितिए महिला एवं बाल विकास विभाग विशेष किशोर पुलिस इकाई श्रम विभाग और स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और एक सुर से स्वीकार किया कि बाल दुर्व्यापार यानी बच्चों की ट्रैफिकिंग से निपटने के लिए सभी एजेंसियों व विभागों को साथ मिलकर कार्रवाई करने की सख्त जरूरत है ताकि ट्रैफिकिंग गिरोहों में कानून का भय पैदा हो सके। कनपुरा कुटुंबकम् संस्थान देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन जेआरसी का सहयोगी संगठन है और सिंगरौली में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए काम कर रहा है। जेआरसी बाल श्रम बच्चों की ट्रैफिकिंग बाल विवाह और बाल यौन शोषण के शिकार बच्चों की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। बच्चों की ट्रैफिकिंग से निपटने में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सामने आने वाली वाली चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने सामूहिक रूप से यह माना कि मौजूदा कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना संवेदनशील तबकों को ट्रैफिकिंग गिरोहों और उनके कामकाज के तरीकों के बारे में संवेदनशील बनाना और सभी एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत करना तत्काल जरूरी है ताकि मुक्त कराए गए बच्चों के लिए तय समय सीमा में न्याय और पुनर्वास सुनिश्चित किया जा सके। संस्था ने पिछले वर्ष के दौरान दो सौ बच्चों को बाल श्रम ट्रैफिकिंग और बाल विवाह से बचाया है। संगठन ने यह रेखांकित किया कि बच्चों की ट्रैफिकिंग केवल बाल मजदूरी या मुनाफे के लिए यौन शोषण तक ही सीमित नहीं है। बहुत से बच्चे खास तौर से लड़कियां जबरन विवाह के लिए भी ट्रैफिकिंग का शिकार बनती हैं। यह एक एक ऐसी समस्या है जिसके बारे में कम ही चर्चा की जाती है और रोकथाम के उपायों पर भी ज्यादा बात नहीं होती। बताते चलें कि जुलाई में संस्था ने रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ के साथ मिलकर बच्चों की ट्रैफिकिंग के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए रेलवे स्टेशनों पर अभियान चलाया। चूंकि ट्रैफिकिंग गिरोह अक्सर बच्चों को दूसरे राज्य ले जाने के लिए रेल मार्ग का उपयोग करते हैं इसलिए इस अभियान का फोकस यात्रियों रेल कर्मियों विक्रेताओं दुकानदारों और कुलियों को बाल तस्करी के संकेतों की पहचान करने और संदिग्ध मामलों की सुरक्षित रूप से रिपोर्ट करने के लिए संवेदनशील बनाना था। बच्चों की सुरक्षा के लिए सभी हितधारकों के बीच तालमेल व समन्वय की अहमियत और जिला प्रशासन के सहयोग को रेखांकित करते हुए कनपुरा कुटुंबकम संस्थान के निदेशक लाल योगेंद्र सिंह ने कहा अगर बच्चों की ट्रैफिकिंग रोकना है तो कानूनी कार्रवाई जरूरी है। बाल दुर्व्यापारियों को जब शीघ्र और सख्त सजा मिलेगी तभी हम उनमें कानून का भय पैदा कर पाएंगे और यह भय ट्रैफिकिंग की रोकथाम के लिए सबसे असरदार उपाय साबित होगा। रोकथाम अभियानों की सफलता के लिए जिले में मजबूत प्रशासनिक समन्वय और समयबद्ध कानूनी कार्रवाई आवश्यक है। इस तरह से काम कर हम न सिर्फ बच्चों की सुरक्षा बल्कि उन ट्रैफिकिंग गिरोहों के नेटवर्क का भी खात्मा कर सकेंगे जो बच्चों का शिकार करते हैं। यह कार्यक्रम सिंगरौली जिले में पुराने जिला अस्पताल में आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ आर डी पांडेय रहे कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों ने यह सुनिश्चित किया की सिंगरौली जिले में एक भी बालक की ट्रैफिकिंग न हो एवं हर बालक को मुख्य धारा से जोड़ा जाए कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के सदस्य महिला बाल विकास विभाग श्रम विभाग एवं विशेष किशोर पुलिस इकाई जीआरपी के साथ संस्था की कोऑर्डिनेटर वंदना विश्वकर्मा अजीत सिंह अवनीश द्विवेदी शबा बनो सपना सिंह उपस्थिति रही।

एन सी एल
NCL
नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(एक मिनीरत्न कम्पनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना सं.: एन.सी.एल./एसजीआर/विपणन/ई-ऑक्शन/25-26/874 दिनांक: 29.07.2025

स्पॉट ई-ऑक्शन के माध्यम से अगस्त 2025 माह में "एम-सैंड" की बिक्री की सूचना

नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली, म. प्र. स्पॉट ई-ऑक्शन के माध्यम से "एम-सैंड" की बिक्री का प्रस्ताव पेश करती है। "अगस्त 2025" के लिये दिनांक "06.08.2025" को होने वाले स्पॉट ई-ऑक्शन से संबंधित विस्तृत सूचना तथा नियम एवं शर्तें एनसीएल की वेबसाइट "www.nclcil.in", सर्विस प्रोवाइडर "सर्व श्री एमएसटीसी लिमिटेड" की वेबसाइट www.mstcecommerce.com विपणन एवं विक्रय विभाग, एनसीएल सिंगरौली के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।

R-29 महाप्रबंधक (वि. एवं वि.), एनसीएल, सिंगरौली

## भारत-इंग्लैंड के बीच पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच आज दोपहर 3:30 बजे से, प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स व हॉटस्टार पर

# ओवल टेस्ट में सीरीज को बराबर करने उतरेगी टीम इंडिया

जेएनएन, लंदन

भारत और इंग्लैंड की टीमें गुरुवार को जब ओवल के मैदान पर उतरेंगी, तो बहुत कुछ दांव पर होगा। जहां पिछले मैच की ड्रॉ से उत्साहित भारतीय टीम इस मैच को जीतकर सीरीज ड्रॉ कराने के लिए उतरेगी, वहीं इंग्लैंड इस मुकाबले को अपना बनाकर सीरीज को भी अपना बनाना चाहेगी। पांच मैचों की सीरीज में फिलहाल इंग्लैंड 2-1 से आगे हैं, लेकिन भारतीय टीम के लिए ब्रिटेन दौरा सीरीज में बराबरी के साथ समाप्त करने की संभावनाएं कुछ हद तक बढ़ गई हैं, क्योंकि इंग्लैंड के करिश्माई कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर अंतिम टेस्ट मैच में उपलब्ध नहीं होंगे। इस सीरीज में टेस्ट क्रिकेट में नई जान भी फूंकी है। खचाखच भरे स्टेडियम में खेली जा रही यह सीरीज टेस्ट क्रिकेट के लिए भी एक आदर्श विज्ञापन रही है, जिसमें सभी चार मैच पांचवें दिन के अंतिम सत्र तक चले। इस बीच दोनों टीम के खिलाड़ियों के बीच कुछ अवसरों पर नोक झोंक भी हुई, जिससे सीरीज अधिक रोचक बन गई। चाहे वह लॉर्ड्स में जानबूझकर समय बर्बाद कर रहे जैक क्रॉली के खिलाफ शुभमन गिल का तीखा हमला हो या रविंद्र जडेजा का चौथे टेस्ट के अंतिम दिन बेन स्टोक्स की नाराजगी के बावजूद मैच रद्द करने से इनकार करना हो, दोनों टीम ने एक दूसरे पर हावी होने में कसर नहीं छोड़ी है। ओवल में भी ऐसा कुछ देखने को मिल सकता है, जहां का मौसम भी गर्म है। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने ओवल के क्यूरेटर ली फोर्टिस के साथ बहस करके माहौल भी तैयार कर दिया है।

### बुमराह रह सकते हैं बाहर अर्शदीप सिंह की एंट्री संभव

गेंदबाजी में बुमराह का कार्यभार प्रबंधन के तहत बाहर बैठना तय है। उनकी जगह आकाश दीप को अंतिम एकादश में लिया जा सकता है। मोहम्मद सिराज आक्रमण की अगुआई करेंगे और तीसरे तेज गेंदबाज का स्थान प्रसिद्ध कृष्णा या अर्शदीप सिंह को मिलेगा, जो अपने टेस्ट पदार्पण का धैर्यपूर्वक इंतजार कर रहे हैं। सरे ने यहां खेले गए पिछले काउंटी मैच में 800 से अधिक रन बनाए थे, लेकिन यह देखना बाकी है कि इस महत्वपूर्ण मुकाबले में पिच कैसा व्यवहार करती है।



### गावस्कर को पीछे छोड़ सकते हैं गिल

भारत के नए कप्तान शुभमन गिल ने अभी तक अपनी कप्तानी और बल्लेबाजी दोनों से प्रभावित किया है। गिल ने सीरीज में अब तक 722 रन बनाए हैं और वह एक सीरीज में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक रन बनाने के सुनील गावस्कर के रिकार्ड से केवल 52 रन पीछे हैं। यही नहीं उन्हें टेस्ट सीरीज में भारतीय कप्तान द्वारा सर्वाधिक रन (732) बनाने के गावस्कर के रिकार्ड (1978-79 बनाम वेस्टइंडीज) को तोड़ने के लिए 11 रन और चाहिए। 25 साल के गिल ने अब तक चार शतक जड़े हैं, जिनमें एक दोहरा शतक और ओल्ड ट्रैफर्ड में पिछले टेस्ट में खेली गई 103 रन की मैच बचाने वाली पारी शामिल है।

### यशस्वी-सुदर्शन से उम्मीदें

भारतीय बल्लेबाजों में केएल राहुल ने अपने प्रदर्शन में अभी तक निरंतरता दिखाई है। उन्होंने अभी तक सीरीज में 511 रन बनाए हैं, लेकिन ओवल की बल्लेबाजी के लिए अच्छी पिच पर यशस्वी जायसवाल और तीसरे नंबर पर साई सुदर्शन से और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जाएगी। चोटिल रिषभ पंत की अनुपस्थिति में वाशिंगटन सुंदर और रवींद्र जडेजा ने चौथे टेस्ट मैच में शतक लगाए थे और उनके शीर्ष छह में बने रहने की संभावना है। भारतीय टीम प्रबंधन आठवें नंबर तक बल्लेबाजी विकल्प रखने में दृढ़ता से विश्वास करता है और इस कारण कुलदीप यादव को एक बार फिर अंतिम एकादश से बाहर रखा जा सकता है। ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग करेंगे और पंत की अनुपस्थिति में सातवें नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं।

**1936** से लेकर अब तक भारतीय टीम ने ओवल में 15 टेस्ट मैच खेले हैं। इनमें से उसे सिर्फ 2 में जीत मिली है। 6 मैच में हार मिली है और 7 मैच ड्रॉ रहे हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच यहां 14 टेस्ट खेले गए हैं। एक मैच भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था।

- इस मैदान पर भारत ने पिछली बार 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेला था। रोहित शर्मा की कप्तानी में खेले गए इस मुकाबले में भारत को हार मिली थी।
- ओवल में भारत को किसी टेस्ट में आखिरी बार जीत तब मिली थी जब उसने सितंबर 2021 में इंग्लैंड को 157 रन से मात दी थी। तब विराट कोहली कप्तान थे।
- ओवल में भारत ने 1971 में पहली बार इंग्लैंड को हराया था। तब अजीत वाडेकर कप्तान थे और भारतीय टीम ने 4 विकेट से जीत दर्ज किया था।

### पिच और परिस्थितियां

पिच पर हरियाली है, हालांकि 24 घंटे में काफी कुछ बदल सकता है। मौसम अधिकांश समय गर्म ही रह रहा है, लेकिन गुरुवार दोपहर को यहां बारिश होने का अनुमान है और मैच के बाद और भी ज्यादा बारिश हो सकती है।

### स्टोक्स और आर्चर बाहर, पोप कप्तान



कप्तान स्टोक्स पिछले दो टेस्ट मैचों में गेंदबाजी करते हुए दाहिने कंधे की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बाहर हो गए हैं, जबकि चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले आर्चर को लगातार दो मैचों में खेलने के बाद आराम दिया गया है। स्टोक्स की जगह ऑली पोप इंग्लैंड की अगुआई करेंगे। हालांकि इंग्लैंड ने ओवल टेस्ट के लिए चार बड़े बदलाव किए हैं। ब्राइडन कार्स, आर्चर और लियम डॉसन इस टेस्ट का हिस्सा नहीं होंगे, जबकि जेकब बेथेल, गस एटकिंसन, जॉश टंग और जेमी ओवर्टन को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया है। सीरीज में स्टोक्स ने बल्ले से कुछ महत्वपूर्ण रन बनाने के साथ-साथ 17 विकेट भी लिए हैं।

**इंग्लैंड टीम** : जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप (कप्तान), जो रूट, हैरी ब्रूक, जैकब बेथेल, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, गस एटकिंसन, जेमी ओवरटन, जोश टंग।

**भारत** : शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज, अर्शदीप सिंह, एन जगदीसन (विकेटकीपर)

## खेल एक नजर

### सीएएफए नेशंस कप फुटबॉल टूर्नामेंट ताजिकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा भारत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत को सीएएफए नेशंस कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप-बी में रखा गया है, जहां उसका पहला मुकाबला 29 अगस्त को दुशांबे में मेजबान ताजिकिस्तान से होगा। इस ग्रुप की अन्य दो टीम ईरान और अफगानिस्तान हैं। आठ सितंबर तक चलने वाला यह मध्य एशियाई क्षेत्रीय टूर्नामेंट, एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालिफायर फाइनल राउंड से पहले भारत के लिए तैयारी का काम करेगा। भारत ग्रुप चरण के अपने अगले दो मैच एक सितंबर को ईरान और चार सितंबर को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगा। इस टूर्नामेंट में आठ टीम भाग लेंगी। प्रत्येक ग्रुप की विजेता टीमें ताशकंद में फाइनल में, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें दुशांबे में तीसरे स्थान के लिए भिड़ेंगी। ग्रुप-ए के मैच ताशकंद में खेले जाएंगे। इस ग्रुप में मेजबान उज्बेकिस्तान, किर्गिज गणराज्य, तुर्कमेनिस्तान और ओमान शामिल हैं। इस टूर्नामेंट में भारत और ओमान दो मेहमान टीमें हैं। ईरान गत विजेता है, जिसने 2023 के फाइनल में उज्बेकिस्तान को 1-0 से हराया था।

### हेड व हेजलवुड की वापसी, मार्श टी-20 और वनडे टीम के कप्तान

**मेलबर्न, जेएनएन।** ट्रेविस हेड और जोश हेजलवुड की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी हो गई है। दोनों को हाल में कैरेबियाई दौरे पर समाप्त हुई पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए नहीं चुना गया था, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 5-0 से जीता था। सीरीज 10 अगस्त को डार्विन में होने वाले टी-20 मैच से शुरू होगी। उसके बाद दो वनडे मैच भी होंगे। पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क को आराम दिया गया। कमिंस की अनुपस्थिति में मिचेल मार्श को वनडे टीम का भी कप्तान नियुक्त किया गया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज की टीम से पांच खिलाड़ियों सीन एबॉट, जैक फ्रेजर-मैकगर्क, तनवीर संघा, कूपर कोनोली और एरोन हार्डी को टीम से बाहर कर दिया गया है।



**टी-20 टीम** : मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, टिम डेविड, बेन ड्वार्शुइस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैट कुहनेमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट, एडम जांपा।

**वनडे टीम** : मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी, ड्वार्शुइस, एलिस, ग्रीन, हेजलवुड, हेड, इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, लांस मॉरिस, ओवेन, शॉर्ट, जांपा।

### तैराकी विश्व चैम्पियनशिप में शोआन गांगुली 38वें स्थान पर

**सिंगापुर, जेएनएन।** भारतीय तैराक शोआन गांगुली विश्व तैराकी चैम्पियनशिप के चौथे दिन पुरुषों की 200 मीटर मेडली में 38वें स्थान पर रहे। कर्नाटक के 20 वर्ष के गांगुली अपनी हीट में 2:05.40 सेकंड का समय निकालकर आठवें स्थान पर रहे और कुल 38वें स्थान पर समाप्त किया। इससे वह 16 तैराकों के सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सके। मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन लियोन मारचंड हीट में शीर्ष रहे। फ्रांच के इस तैराक ने 1:57.63 सेकंड का समय निकाला।

## हेड को पछाड़ टी-20 में अभिषेक शर्मा पहली बार शीर्ष पर, जडेजा विश्व के नंबर एक टेस्ट ऑलराउंडर

**दुबई, जेएनएन।** भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में दुनिया के नंबर एक हरफनमौला के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है, जबकि अभिषेक शर्मा पहली बार टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे। आईसीसी टेस्ट क्रिकेटरों की ताजा रैंकिंग में जडेजा के पास 117 रेटिंग अंकों की बढत हो गई है, जबकि बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज दूसरे स्थान पर हैं। दूसरी ओर टी-20 रैंकिंग में एक साल से शीर्ष पर काबिज ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड को पछाड़कर भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक नंबर एक पर पहुंच गए हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज शर्मा के अब 829 रेटिंग अंक हैं, जबकि हेड 814 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। आईसीसी ने कहा कि जडेजा ने 107 रन की नाबाद पारी और वार विकेट लेकर हरफनमौलाओं की रैंकिंग में बढत बना ली है। इसमें कहा गया उसने 13 रेटिंग अंक हासिल किए है और कुल 422 अंक के साथ वह बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज से 117 अंक आगे हैं। इसके साथ ही बल्लेबाजों की रैंकिंग में वह पांच पायदान चढकर 29वें और गेंदबाजों में एक पायदान चढकर 14वें स्थान पर हैं। टेस्ट में जो रूट शीर्ष बल्लेबाज हैं, जबकि न्यूजीलैंड के केन विलियमसन दूसरे



और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स तीसरे स्थान पर है। गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह शीर्ष पर है। वहीं चार साल बाद टेस्ट टीम में वापसी करने वाले जोफ्रा आर्चर 38 पायदान चढकर 63वें स्थान पर पहुंच गए हैं। क्रिस वोक्स एक पायदान ऊपर 23वें स्थान पर हैं इंग्लैंड के बेन डकेट दसवें और जाक क्रॉली 43वें स्थान पर आ गए हैं।

### टी-20 शीर्ष 10 में तीन भारतीय बल्लेबाज शामिल



शीर्ष पांच में अभिषेक अलावा तीसरे स्थान पर मौजूद तिलक वर्मा शीर्ष पांच में दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। शीर्ष पांच में दो अन्य बल्लेबाज इंग्लैंड के फिल सॉल्ट और जॉस बटलर हैं जो क्रमशः चौथे और पांचवें पायदान पर मौजूद हैं। छठे स्थान पर मौजूद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव शीर्ष 10 में शामिल कुल तीन भारतीय बल्लेबाजों में शामिल हैं। हालांकि यशस्वी जायसवाल को दो पायदान का नुकसान झेलना पड़ा है और अब वह 11वें स्थान पर खिसकते हुए शीर्ष 10 से बाहर हो गए हैं।

- विराट कोहली और सूर्यकुमार के बाद अभिषेक आईसीसी टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 स्थान हासिल करने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं।

## भारत ने किया पाक के खिलाफ सेमीफाइनल खेलने से इनकार

### विश्व चैंपियनशिप में आज खेला जाना था मैच

**बर्मिंघम, जेएनएन।** भारत ने गुरुवार को विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के सेमीफाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से इनकार कर दिया है। ऐसा उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पड़ोसी देश के साथ किसी भी द्विपक्षीय खेल संबंध के खिलाफ देश के रुख का हवाला देते हुए किया है। शिखर धवन, इरफान पठान, हरभजन सिंह, युवराज सिंह, सुरेश रैना जैसे दिग्गज खिलाड़ियों वाली भारतीय टीम पहले ही आतंकी हमले और उसके बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के खिलाफ खेलने की अनिच्छा व्यक्त कर चुकी है। भारत ने टूर्नामेंट के पहले ग्रुप-स्टेज मैच में पाकिस्तान के खिलाफ किए गए अपने रुख जैसा ही रुख अपनाया। उस मैच में ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के कई शीर्ष पूर्व क्रिकेटरों ने पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से इनकार कर दिया था।



भारत को गुरुवार को एजबेस्टन क्रिकेट ग्राउंड पर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पाकिस्तान से खेलना था। लीग के शीर्ष प्रायोजक, ईजीमाईट्रिप ने भारत-पाक मैच पर अपनी स्थिति पहले ही स्पष्ट कर दी है। भारतीय चैंपियंस टीम ने मंगलवार को अपने आखिरी ग्रुप मैच में वेस्टइंडीज चैंपियंस को मात्र 13.2 ओवर में हराकर चल रही वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## कोको गॉफ की संघर्षपूर्ण जीत, चार दिन पहले चैंपियन बनने वाली लेहला पहले दौर में बाहर

**मॉन्ट्रियल, जेएनएन।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने तीन सेट तक चल कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन डब्ल्यूटीए टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई, लेकिन पिछले सप्ताह डीसी ओपन का खिताब जीतने वाली स्थानीय खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज पहले दौर में बाहर हो गई। फर्नांडीज को ऑस्ट्रेलिया की माया जॉइंट ने केवल एक घंटे 15 मिनट में 6-4, 6-1 से हरा दिया। विश्व की 24वें नंबर की इस खिलाड़ी ने रविवार को वाशिंगटन में करियर का चौथा डब्ल्यूटीए खिताब जीता था। गॉफ ने हमवतन अमेरिकी डेनियल



कोलिन्स के खिलाफ 23 डबल-फॉल्ट किए, लेकिन वह आखिर में 7-5, 4-6, 7-6 (2) से जीत हासिल करने में सफल रही, जो फ्रेंच ओपन फाइनल के बाद उनकी पहली जीत है। चौथी वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा ने बियांका एंड्रीस्कू के टखने में चोट लगने के कारण मैच से हट जाने से तीसरे दौर में जगह बनाई। सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को तीसरे सेट के टाईब्रेकर में जापान की आओई इतो से हार का सामना करना पड़ा, जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने रेबेका मैरिनो को 6-1, 6-2 से हराया।

## लक्ष्य, आयुष, तरुण और रक्षिता दूसरे दौर में

**मकाऊ, जेएनएन।** भारत के लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और तरुण मन्नेपल्ली ने मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में प्रवेश किया। राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन लक्ष्य ने कोरिया के जियोन हियोक जिन को 21-8, 21-14 से हराया। वहीं विश्व के 31वें नंबर के खिलाड़ी शेट्टी ने 66वीं रैंकिंग वाले चीनी ताइपै के हुआंग यू केइ को केवल 31 मिनट में 21-10, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

लक्ष्य का सामना इंडोनेशिया के चिको औरा द्वि वार्दोयो और रित्विक संजीवी सतीश कुमार के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। वहीं तरुण की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग के ली चियुक यू से होगी। महिला एकल में रक्षिता रामराज एकमात्र भारतीय रहीं, जिन्होंने दूसरे दौर में जगह बनाई। उन्होंने थाईलैंड की पोर्नपिचा चोएकीवोंग को 63 मिनट में 18-21, 21-17, 22-20 से शिकस्त दी। मिश्रित युगल में विश्व में 18वें स्थान पर काबिज और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी भी आगे बढ़ने में सफल रही। इस भारतीय जोड़ी ने थाईलैंड के रत्चपोल मक्कासितोर्न और नट्टामोन लाइसुआन को 26 मिनट तक चले मुकाबले में 21-10, 21-15 से हराया। वहीं पुरुष युगल में पी कृष्णामूर्ति रॉय और एस प्रतीक की भारतीय जोड़ी ने डी कोनाथोयूजाम और अमान मोहम्मद की हमवतन जोड़ी को 21-18, 21-19 से शिकस्त देकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। एचएस प्रणय को इंडोनेशिया के योहानेस एस मार्शेलिनो के हाथों 21-18, 15-21, 15-21 से पराजय झेलनी पड़ी। पुरुष एकल में सतीश कुमार करुणाकरण का सफर समाप्त हो गया।



मकाऊ ओपन

## सिटी स्पोर्ट्स

### ज्योति सीनियर सेकंडरी, सेंट जोसेफ, संदीपनी और श्री गुरु तेग बहादुर एकेडमी सेमीफाइनल में

#### सीबीएसई क्लस्टर 12 खो खो गर्ल्स प्रतियोगिता

**भोपाल, खेप्र।** ज्योति सीनियर सेकंडरी स्कूल रीवा, सेंट जोसेफ स्कूल कोलार, संदीपनी अकादमी महेश्वर एवं श्री गुरु तेग बहादुर एकेडमी रतलाम ने सीबीएसई क्लस्टर 12 खो खो गर्ल्स प्रतियोगिता के अंडर-17 वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गुरुवार को प्रतियोगिता के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। अंडर-14 आयु वर्ग में द सिक्का स्कूल इंदौर ने होली क्रॉस स्कूल भोपाल को और राव रुक्मिणी देवी नरसिंहपुर ने सेंट रफल कोएड स्कूल को हराया। अंडर-17 में ज्योति सीनियर सेकंडरी स्कूल रीवा ने सेंट जोसेफ कॉन्वेंट को, सेंट जोसेफ स्कूल कोलार ने सेंट रफेल स्कूल को, संदीपनी स्कूल महेश्वर ने न्यू एज पब्लिक स्कूल नरसिंहपुर को और श्री गुरु तेग बहादुर अकैडमी रतलाम ने सेंट्रल हाई सेकंडरी स्कूल इंदौर को शिकस्त दी।



## गत चैंपियन ब्राजील लगातार 5वीं बार कोपा अमेरिका फेमिनिना के फाइनल में

### खिताबी मुकाबले में कोलंबियो से होगी भिड़ंत

**क्विटो (इक्वाडोर), जेएनएन।** पिछले चार बार के चैंपियन ब्राजील ने पहले आधे घंटे में तीन गोल करके उरुग्वे को 5-1 से हराकर लगातार पांचवीं बार कोपा अमेरिका फेमिनिना महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। अमांडा गुटिएरेस ने 11वें मिनट में ब्राजील की तरफ से पहला गोल किया। इसके दो मिनट बाद जियोवाना क्विरोज ने बढ़त दोगुनी कर दी, जबकि स्टार खिलाड़ी मार्टा ने 27वें मिनट में पेनल्टी किक पर गोल करके ब्राजील की जीत सुनिश्चित कर दी। गुटिएरेस ने 65वें मिनट में फ्री किक पर एक और गोल किया, जबकि डुडिन्हा ने 86वें मिनट में टीम की तरफ से पांचवां गोल



दागा। ब्राजील अगले शनिवार को होने वाले फाइनल में कोलंबिया से भिड़ेगा, जिसने सोमवार को अर्जेंटीना को पेनल्टी शूट आउट में 5-4 से हराया था।

## जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक आज

**सतना।** वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत 11 हितग्राहियों को जारी हक प्रमाण पत्र शून्य किए जाने हेतु जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक 31 जुलाई को सायं 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधित अधिकारियों तथा समिति के सदस्यों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

दैनिक जागरण
रीवा, 31 जुलाई, 2025
सतना जागरण
www.dainikjagranmpcg.com



## स्टेडियम ग्राउण्ड में होगा मैहर जिले का स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह

**सतना।** जिला मैहर में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह गरिमा और उत्साहपूर्वक उस्ताद अलाउद्दीन खां स्टेडियम मैहर में आयोजित किया जायेगा। मुख्य समारोह की तैयारियों के संबंध में बुधवार को संपन्न बैठक में कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड ने अधिकारियों को तैयारियों संबंधी जिम्मेदारी सौंपते हुए दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम आरती सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद मैहर, नगर पंचायत के सीएमओ और जिला एवं विकासखण्ड प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

# दामाद के घर आया ससुर हुआ डेंगू पॉजिटिव

### मौके पर पहुंची मलेरिया टीम, लारवा को कराया नष्ट

जागरण सतना

रीवा जिले से सतना अपने बेटी दामाद के घर आया जगन्नाथ साकेत उम्र 75 वर्ष कई दिनों से बुखार आने के बाद उसके परिजनों द्वारा सतना में जांच कर कर जब परिणाम देखा गया तो वह डेंगू पॉजिटिव निकला। परिजन द्वारा प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है डेगू की जानकारी होने पर सक्रिय मलेरिया टीम उसके ग्रह ग्राम पहुंची जहां प्रमिला शुक्ला एएनएम नीलम शिवकुमारी एवं संध्या जायसवाल आशा कार्यकर्ता के साथ जय रामनरेश जायसवाल एवं मलेरिया टीम वहां पहुंचकर लार्वा सर्वे किया तथा जहां मरीज का निवास है उसे घर के आसपास कई लोगों को आई बुखार की जांच मौके पर आर्टिकल द्वारा की गई सभी परिणाम नेगेटिव पाए गए।



### बीमारी के बारे में ग्रामीणों को किया जागरूक

वहां पर उपस्थित ग्रामीणों को मच्छरों के बारे में उनसे होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया साथी लार्वा सर्वे के दौरान कई घरों में लार्वा पाए गए जिसे मौके पर ही मलेरिया टीम द्वारा डेमो फ्स्ट डालकर लारवा का विनती कारण एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के तहत पानी को नादो से पलटा गया मौके पर उपस्थित सरपंच गोहरी ने भी इस कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया जिला मलेरिया अधिकारी सुश्री शीला सोनकर के निर्देश पर पहुंची मलेरिया टीम ने उपवास केंद्र गांव हरि का भी आकस्मिक निरीक्षण कर मलेरिया रक्त पत्तियां एवं आर्टिकल द्वारा की जा रही जांच का भी जायजा लिया अभी तक कोई भी व्यक्ति पॉजिटिव नहीं पाया गया आसपास के घरों में सेमीफ्स तथा पराठरम का छिड़काव किया गया। उल्लेखनीय है कि डेंगू प्लास्टिक जगन्नाथ साकेत गांव हरि स्थित अपनी बेटी अर्चना दामाद रमेश कुमार साकेत के घर विगत 29 जून को रीवा जिले से आया था रीवा के गोविंदगढ़ ब्लाक अंतर्गत ग्राम सुप्रिया टिकर बरहा टोला का निवासी है वहां से अपने बेटी के यहां मिलने आया हुआ था जहां वह डेंगू पॉजिटिव हो गया तबीयत अब उसकी स्वास्थ्य है ठीक है।

# रेलमंत्री से सांसद ने की मुलाकात

### मैहर में रीवा.सतना से पूणे का मांगा स्टॉपेज, सतना से दिल्ली के लिए मांगी वन्दे भारत

**सतना।** सतना सांसद गणेश सिंह ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और दो महत्वपूर्ण मांगें रखीं। सांसद ने मांग की है कि रीवा.सतना से पुणे के लिए नई यात्री गाड़ी का स्टॉपेज मैहर रेलवे स्टेशन पर दिया जाए। मैहर मां शारदा की पवित्र शक्ति पीठ है और देशभर से लोग मां शारदा के दर्शन के लिए आते हैं। सांसद ने मांग की है कि सतना से मानिकपुरए बांदाए कानपुर होकर दिल्ली तक वंदे भारत ट्रेन चलाई जाए। सतना जिले में चित्रकूट हैए जहां भगवान श्री राम ने अपना 11 वर्षों का वनवास बिताया था और लाखों लोग रोज आते हैं। सतना पश्चिम मध्य रेलवे का सर्वाधिक आय देने वाला स्टेशन है और पास में शक्तिपीठ मैहर माता का मंदिर और मुकुंदपुर में व्हाइट टाइगर सफारी भी है। रीवा.पुणे नई साप्ताहिक ट्रेन को रेलवे बोर्ड से हरी झंडी मिल गई हैए जिससे यात्रियों को सुविधा होगी। सांसद श्री सिंह ने रीवा.सतना से पूणे के लिए नई यात्री गाड़ी शुरू करने के निर्णय पर रेलमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सतना सांसद के तारांकित प्रश्नों का केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री ने दिया जवाब

**सतना।** सतना सांसद गणेश सिंह ने तारांकित प्रश्न के माध्यम ऊर्जा मंत्री से मध्य प्रदेश में विभिन्न ऊर्जा स्रोतो से बिजली उत्पादन की जानकारी मांगी थी। जिसका जवाब ऊर्जा मंत्री ने दिया है। मध्य प्रदेश में विभिन्न ऊर्जा स्रोतों से बिजली उत्पादन की जानकारी देते हुए ऊर्जा मंत्री ने बताया कि राज्य में कुल 11279.15 मेगावाट बिजली उत्पादन के संयंत्र स्थापित हैं। इनमें सौर ऊर्जा भी शामिल हैए जिसके लिए मध्य प्रदेश में 4248 मेगावाट क्षमता के 8 सौर पार्क स्थापित किए गए हैं और इनमें से 2608 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। सांसद गणेश सिंह ने देश में नवीकरण ऊर्जा को बढ़ाने के लिये प्रधानमंत्री तथा मंत्री को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए कहा किए 2025 तक अक्षय ऊर्जा क्षमता 226.9 गीगावाट पहुंच चुकी है 2030 तक 500 गीगावाट का लक्ष्य पूरा करना है।

### मध्य प्रदेश में सौर ऊर्जा की स्थिति

मध्य प्रदेश में 4248 मेगावाट क्षमता के 8 सौर पार्क स्थापित हैं। इन सौर पार्कों से 2608 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। ओंकारेश्वर में फ्लोटिंग सोलर परियोजना और नर्मदापुरम में नवीकरण ऊर्जा उपकरण निर्माण जोन की स्थापना की जा रही है। सतना में सौर ऊर्जा पार्क की संभावना सांसद गणेश सिंह ने मांग की है कि सतना और



### गावों के लिए मांगी सौर ऊर्जा लाइटें

सांसद श्री सिंह ने बताया कि सतना लोकसभा क्षेत्र के में 1784 गांव हैं जहां 90 प्रतिशत गांवों में स्ट्रीट लाइट नहीं है। सांसद गणेश सिंह ने मांग की है कि इन गांवों में सौर ऊर्जा लाइटों की स्थापना की जाए ताकि रात्रि में इन गांवों में रोशनी हो सके।

मैहर लोकसभा क्षेत्र में सौर पार्क के लिए कई स्थान रिक्त पड़े हैं जिन पर विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहाए सितपुरा में पावर ग्रिड पहले से ही स्थापित हैए जो सौर ऊर्जा पार्क के लिए उपयुक्त हो सकता है।

# नर्सिंग होम में महिला मरीज से अभद्रता

### नाहर नर्सिंग होम का मामला, प्रबंधन ने डॉक्टर व गार्ड कौनौकरी से निकाला



**सतना।** बुजुर्ग महिला मरीज के साथ डॉक्टर द्वारा अभद्रता किये जाने से नाराज मरीज के परिजन व उनके परिचित नाहर नर्सिंग होम के सामने धरने पर बैठ गए। मामला बिगड़ता देख प्रबंधन ने डॉक्टर और गार्ड को नौकरी से निकाल दिया। मामला मंगलवार का है जब पेप्टेक सिटी निवासी साधना द्विवेदी अपने बेटे के साथ पेट की परेशानी दिखाने डॉक्टर गौरव त्रिपाठी के पास आई थीं। उनके पास फाइल की हार्ड कॉपी नहीं थी इसलिए बेटे ने मोबाइल पर रिपोर्ट दिखाने का प्रयास किया। इस बात से डॉक्टर नाराज हो गए। बंदूकधारी सुरक्षाकर्मी ने महिला से अभद्रता करते हुए उन्हें बाहर निकाल दिया। प्रदर्शन के बाद नर्सिंग होम प्रबंधन ने डॉक्टर को सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को कहा। जब डॉक्टर ने माफी मांगने से इनकार किया तो प्रबंधन ने उनकी सेवाएं समाप्त कर दीं और उनके केबिन में ताला लगवा दिया।

# सीएम हेल्पलाइन को रूटीन वर्क बनाकर प्रतिदिन निराकरण करें

**जागरण सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने बुधवार को कलेक्ट्रेट मैहर में संपन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करें कि सीएम हेल्पलाइन की कोई भी शिकायत नाट-अटेण्ड नहीं रहनी चाहिए और निम्न गुणवत्ता के साथ बंद शिकायतें भी शून्य करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग ए श्रेणी में आने का प्रयास करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम डॉ. आरती सिंह, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी कंचन श्रीवास्तव, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी सहित जिला विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।



सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जून माह की ग्रेडिंग में सी और डी श्रेणी में रहे विभागों के संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह की 20 तारीख को ग्रेडिंग की जाती है। आमतौर पर सभी विभाग ग्रेडिंग के आस-पास दो-तीन ही शिकायतों का निराकरण का प्रयास करते है। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन को रूटीन वर्क बनाकर प्रतिदिन निराकरण करें। उन्होंने कहा कि संतुष्टि का प्रतिशत 45 से नीचे नहीं होना चाहिए और सीएम हेल्पलाइन में फोकस कर संतुष्टि के साथ शिकायतों को बंद करें। इसके साथ ही 50 दिवस से अधिक की शिकायतों को भी फोकस में रखकर सभी विभाग निराकृत करें। बैठक में आकांक्षा पोर्टल पर दर्ज टीएल और सीएम मानिट के प्रकरणों की समीक्षा तथा धरती आबा अभियान के कार्यों की भी समीक्षा की गई। जनपद पंचायत रामनगर और अमरपाटन के सीईओ एमएल प्रजापति को बिना किसी सूचना के बुधवार के दिन ही अनपुस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

# तुलसी जयंती समारोह 31 जुलाई से

**सतना।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग की जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी के अन्तर्गत संचालित तुलसी शोध संस्थान चित्रकूट द्वारा प्रतिवर्ष की भांति तुलसी जयन्ती समारोह 31 जुलाई एवं 1 अगस्त 2025 को आयोजित किया जा रहा है। गतिविधि का शुभारंभ-सत्र तुलसी शोध संस्थान, नयागांव, चित्रकूट के वातानुकूलित सभागार में 31 जुलाई को तुलसी जयंती के दिन सायं 6:30 बजे प्रारंभ होगा। आयोजन का शुभारंभ पूज्य संतों एवं विशिष्ट अतिथियों के करकमलों द्वारा किया जावेगा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस 31 जुलाई 2025 को विदुषी उमा कंपूवाले, ग्वालियर के रामकथा साहित्य पर व्याख्यान के पश्चात् वेद नाट्य संस्थान, उज्जैन के कलाकारों द्वारा विशेष रूप से तैयार की गई उर्मिला चरित पर केंद्रित नाट्य प्रस्तुति उर्मिला-यशोगान की प्रस्तुत होगी। इसी क्रम में द्वितीय दिवस 1 अगस्त 2025 को डबरा के वरिष्ठ कथाकार डॉ. राम गोपाल भावुक शम्बूक चरित पर केंद्रित सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। इसके पश्चात सांस्कृतिक प्रस्तुति के रूप में वरिष्ठ लोकगायक फूलसिंह मांडरे द्वारा बुंदेली में राम और सुश्री मणिमाला सिंह द्वारा बघेली में राम की साथी कलाकारों सहित लोक के विशिष्ट पदो की संगीतमय गायन प्रस्तुति होगी। तुलसी शोध संस्थान चित्रकूट के निदेशक दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि सभी गणमान्य नागरिकों एवं सुधीजनों को इस गतिविधि में प्रवेश निःशुल्क है। इस गरिमामयी समारोह को सफल बनाने हेतु संस्थान की ओर से सुधीजनों के साथ जनसामान्य से सहभागिता का अनुरोध किया गया है।

# गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरे करे निर्माण कार्य-रानी बाटड



**सतना।** कलेक्टर रानी बाटड ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्माण विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर मैहर जिले में चल रहे परियोजना निर्माण कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं करें। निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ उसकी तय समय-सीमा में पूर्ण किये जाये। इस मौके पर कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा लाजरूस केरकेट्टा, नर्मदा घाटी विकास, प्रधानमंत्री ग्राम सडक, एमपीआरडीसी के अधिकारी, सीएमओ नगर पालिका सुषमा मिश्रा भी उपस्थित रहे। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण ने बताया कि जिले में योजना मद से स्वीकृत 14 कार्यों में 5 कार्यो को पूर्ण कर लिया गया है। सडक मजबूतीकरण के 4 कार्य चल रहे हैं। सभी कार्य वर्ष 2023 के स्वीकृत है। कार्यपालन यंत्री ने बताया कि मैहर जिले में 313 करोड 20 लाख रूपये लागत के और 147 किमी लम्बाई के कुल 23 सडक कार्य चल रहे है। इसके अलावा सीआरआईएफ मद से 178 करोड 22 लाख रूपये लागत से 61 किमी लम्बाई की नागौद, रहिकवारा, सुरदहा, परसमनिया होते हुए मैहर तक सडक का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें 10 किमी सडक का भाग मैहर जिले के अंतर्गत आता है। लोक निर्माण विभाग पीआईयू ने बताया कि मैहर जिले में 194 करोड 92 लाख रूपये लागत के कुल 22 भवनों के निर्माण कार्य चल रहे हैं। इनमें सिविल अस्पताल अमरपाटन और 30 सीटर बालक छात्रावास अमरपाटन का कार्य पूर्ण कर लिया है तथा 8 कार्य प्रगति पर हैं।

# सुदर्शन हायर सेकेंडरी स्कूल में नशा मुक्ति अभियान

**सतना।** सुदर्शन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, सतना में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और समाज में नशा मुक्त वातावरण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में संचालक राजकुमार कुशवाहा ने छात्रों को संबोधित करते हुए नशा मुक्त जीवन की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा भाषण प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग जैसी गतिविधियों के माध्यम से नशा मुक्त मध्य प्रदेश का संदेश दिया गया। अतिथि के रूप में टीई श्रीमती श्वेता मौर्य महिला थाना इंचार्ज सतना, श्रीमती क्रांति राजौरिया जिला समन्वयक अधिकारी एन एस एस सतना, डॉ लक्ष्मी मोहनानी रिझवानी गैस्ट्रोएंटरोलॉ, बिड़ला हॉस्पिटल, एवं प्रियांशु कुशवाहा बघेली कवि ने नशे से होने वाले शारीरिक और मानसिक दुष्परिणाम के बारे में विस्तार से बताया और सभी को नशा न करने की शपथ दिलाई।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
IUI, IVF, ICSI
फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
एग फ्रीजिंग
एंब्रियो फ्रीजिंग
स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

हमारी सेवाएं :-
घुटना व कूल्हा प्रत्यारोपण।
कमर दर्द / साइएटिका का दर्द।
दूरबीन द्वारा लिगामेंट की सर्जरी।
बच्चों की हड्डी संबंधित समस्याएं।
गठिया व ऑस्टियोपोरोसिस का इलाज।
फ्रैक्चर व ट्रॉमा का उपचार।
समय :- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे तक एवं सायं 4 से 6 बजे तक
संपूर्ण हड्डी व जोड़ रोग परामर्श OPD
डॉ. शान्तनु सिंह
एम.बी.बी.एस, एम.एस. (आर्थोपेडिक्स)
FIJR, OIJR (अहमदाबाद), फेलोशिप इन ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
पूर्व सर्जन गर्वमेन्ट मेडिकल कालेज सागर
हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
ज्वाइंट रिप्लेसमेन्ट | काम्पलेक्स ट्रामा | आर्थोस्कोपी सर्जन
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
परामर्श:-
दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

SARDAR PATEL EDUCATION GROUP
REWA • MP • INDIA
ADMISSIONS OPEN 2025-26
SARDAR PATEL UNIVERSITY
Balaghat • MP
CSU COLLEGE OF
PHARMACY
D. PHARMACY
B. PHARMACY
ENGINEERING
POLYTECHNIC | B.TECH.
ME | CE | CSE | EEE | MINING
Cement Technology Engg.
Mining & Mine Surveying Engg. (Mms)
BBA/ MBA
BCA /MCA
B.A. LL.B.
B.COM. LL.B.
BBA LLB.
LL.B / LL.M.
छात्रवृत्ति सुविधा
पात्र विद्यार्थियों को शासन के योजनानुसार
कैम्पस : सिरमौर रोड, ग्राम-पल्हान (उमरी चौक), बैकुण्ठपुर, रीवा
+91 70493 99901, 70493 99902
सिटी ऑफिस
ज्योति स्कूल के सामने, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा

दुषित पानी की वजह से होनेवाली लिवर की तकलिफें...
लिवर का कार्य अनियमीत रहने से उत्पन्न तकलीफें- भूख न लगना, पेशाब पीले रंग की होना, गॅस्ट्रो के बाद आनेवाली कमजोरी, थकान, पाचन ठीक न होना आदि दूर करनें में उपयोगी।
Baidyanath NAGPUR
KUMARYAMRITA
Liver Tonic with Aloevera
कुमार्यामृत
I. No. MP/25D/08/040/A/19/08
बैद्यनाथ नागपूर असली आयुर्वेद
कुमार्यामृत
ॲलोयुक्त लिव्हर टॉनिक
(कुमारी आसव)
स्वस्थ लिवर से पाए मुस्कुराती जिंदगी।
वैद्यकीय सलाह : 844 844 4935 www.baidyanath.co

AKS University Satna
Department of
yoga
PG Diploma
B.A. (Yoga)
M.A. (Yoga)
M.Sc. (Yoga)
Ph.D. (Yoga)
योगा विभाग की सुविधाएं
• विषय विशेषज्ञ योग शिक्षक
• शत्-प्रतिशत् रोजगार
• एक मासीय पंचकर्मा एवं औद्यागिक प्रशिक्षण
• आधुनिक योग तकनीक एवं नवीन योगिक उपकरणों का प्रयोग
• श्रेष्ठ योग संस्थानों में शैक्षणिक भ्रमण
• एक मासीय योग शिक्षक प्रशिक्षण व शैक्षणिक प्रशिक्षण
रोजगार के अवसरः-
• सरकारी और निजी स्कूल
• योग और प्राकृतिक चिकित्सा कॉलेज या संस्थान
• सरकारी और निजी कालेज और विश्वविद्यालय
• केन्द्रीय आयुष परिषद् और निजी आयुर्वेदिक एवं सामान्य अस्पताल
• होटल, रिसार्ट्स एवं कार्पोरेट जगत में
• केंद्रीय अनुसंधान केन्द्र बहुराष्ट्रीय कंपनियॉऔर विभिन्न उद्योग
• महानगरों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं में
• वैश्विक स्तर पर सर्टिफाइड योगा ट्रेनर
• स्वरोजगार अर्न्तगत स्वयं का योग केन्द्र स्थापित करने में
www.aksuniversity.ac.in
Sherganj, Panna Road, Satna (M.P.) 8889207776, 8889237776

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः-** **मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com